{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शुक्रवार 30 जनवरी 2026
कृष्ण शुक्ल 12 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 128
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 82566.37 |
| निफ्टी | - | 25,418.90 |
| सोना | - | 1,78,850 |
| चांदी | - | 4,10,000 |
| डॉलर | - | 91.89 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### केंद्र को नए सिरे से ड्राफ्ट करने के निर्देश, कोर्ट ने कहा- इनका दुरुपयोग हो सकता है

नई दिल्ली। एजेंसी।

**सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने कहा कि इसके प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनका दुरुपयोग हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी किए। साथ ही नियमों का ड्राफ्ट फिर से तैयार करने का निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत ने केंद्र से पूछा कि हमने जातिविहीन समाज की दिशा में कितना कुछ हासिल किया है। क्या अब हम उल्टी दिशा में चल रहे हैं?**




कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों को न्याय से वंचित नहीं छोड़ा जा सकता। हमें जनरल कैटेगरी की शिकायतों से कोई मतलब नहीं है। हमारी चिंता यह है कि आरक्षित समुदायों के लिए निवारण प्रणाली लागू रहनी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी। यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने याचिकाएं दायर की हैं। इनमें आरोप लगाया गया था कि यूजीसी ने जाति आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई है और कुछ समुदाय को संस्थागत संरक्षण से बाहर रखा है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नए नियम अस्पष्ट हैं। कोर्ट के कहा कि नए यूजीसी नियमों का दुरुपयोग हो सकता है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और यूजीसी के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी

#### केंद्र और यूजीसी से जवाब मांगा

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इन रिट याचिकाओं की सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें जातिविहीन समाज की ओर बढना़ चाहिए या हम पीछे जा रह हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि क्या हम उल्टी दिशा में जा रहे। जिन्हें सुरक्षा चाहिए, उनके लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इसी के साथ उन्होंने केंद्र और यूजीसी से जवाब मांगा है। साथ ही कहा है कि एक विशेष कमेटी भी बनाई जा सकती है। इसी के साथ नए नियमों की भाषा को स्पष्ट करने के लिए विशेषज्ञों की जरूरत पर भी जोर दिया।

## सुनेत्रा पवार बन सकती हैं महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम!

नई दिल्ली। एजेंसी।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार राज्य की डिप्टी सीएम बन सकती हैं। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे और सुनील तटकरे ने सुनेत्रा से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, सुनेत्रा को डिप्टी सीएम बनाए जाने का प्रस्ताव दिया जाएगा। सुनेत्रा पवार अपने दिवंगत पति अजित पवार की सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। कहा जा रहा है कि प्रफुल्ल पटेल एनसीपी के अध्यक्ष बन सकते हैं। इस प्रस्ताव पर चर्चा के लिए वे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलेंगे। इस दौरान एनसीपी (एसपी) के विलय पर भी चर्चा हो सकती है।



अजित पवार के निधन के बाद एनसीपी के भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर एनसीपी नेता नरहरि जिरवाल ने कहा कि लोग वाहिनी को मंत्रिमंडल में शामिल करने की इच्छा जता रहे हैं।अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन की एक प्रमुख पार्टी है, जिसमें बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी शामिल हैं। बता दें कि सुनेत्रा पवार मौजूदा समय में राज्यसभा सांसद हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का विमान बुधवार को बारामती में क्रैश हो गया था। इस घटना में अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत हो थी। प्लेन में अजित पवार के साथ एक सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर थीं। अजित पवार पांच फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए रैलियों को संबोधित करने वाले थे। वह सुबह ही मुंबई से बारामती के लिए निकले थे। लेकिन लैंडिंग के वक्त ये हादसा हो गया।

### खास खबर

#### पश्चिम बंगाल गोदाम आग हादसे में 21 शव बरामद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले में 26 जनवरी की रात लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ ?र 21 हो गई है। गुरुवार को जले गोदाम में से 13 शव बरामद किए गए। 28 लोग अभी भी लापता है जिससे मृतकों की संख्या बढने् की आशंका है। आग नॉर्थ 24 परगना जिले के आनंदपुर में मोमो कंपनी की दो गोदामों और एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में लगी थी। पुलिस के अनुसार जले हुए शवों की खराब हालत के कारण पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। पहचान के लिए गुरुवार को शवों की डीएनए जांच शुरु होगी। हादसे में लापता होने वालों की पुलिस तलाश कर रही है।

#### बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया

दीनानगर। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों ने बड़ी कार्रवाई कर पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश कर रहे घुसपैठियों को मार गिराया है। यह घटना बुधवार रात कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच गुरदासपुर जिले की भारत-पाक सीमा पर हुई। जानकारी के अनुसार, बीएसएफ की 113 बटालियन की बीओपी घनिया के पास सतर्क जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में दाखिल हो रहे घुसपैठिये को चुनौती दी। चेतावनी के बावजूद आगे बढ़ने पर जवानों ने फायरिंग की, जिसमें घुसपैठिया मारा गया। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएफ और स्थानीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इलाके को घेरकर तलाशी अभियान चलाया गया और पूरे मामले की जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां सीमा पर हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

#### अजित दादा पंचतत्व में विलीन

बारामती। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को गुरुवार को उनके गृहनगर बारामती में अंतिम विदाई दी गई। एक दुखद विमान हादसे में उनके निधन के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर है। अजित पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में भारी संख्या में समर्थक अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे।

अंतिम संस्कार की रस्में दोपहर में शुरू हुईं। अजित पवार के बेटों, पार्थ और जय ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार अपने आंसू नहीं रोक पा रही थीं। जब उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ उनके गांव काटेवाड़ी से विद्या प्रतिष्ठान मैदान लाया गया। मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने अजित दादा अमर रहें के नारे लगाए, जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया।

## एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली। एजेंसी।** तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। याचिकाओं में चुनाव आयोग की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को चुनौती दी गई थी। जिस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि जिन लोगों के नाम लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी यानी तार्किक विसंगति सूची में शामिल किए गए हैं, उनकी सूची को ग्राम पंचायत भवन, प्रत्येक उपखंड (तालुका) कार्यालय और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम इस सूची में हैं, वे सूची प्रकाशित होने की तारीख से 10 दिनों के भीतर खुद या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। सूची में विसंगति के संक्षिप्त कारण भी दर्ज किए जाएंगे। आपत्तियां उपखंड स्तर के कार्यालयों में दर्ज कराई जा सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी जिला कलेक्टरों को चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करने और एसआईआर प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा है। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

### देश में 56.2 करोड़ लोगों के पास रोजगार का दावा, जीडीपी ग्रोथ 7.2 प्रतिशत तक रहने का अनुमान

नई दिल्ली। एजेंसी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की। बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले पेश किया गया यह दस्तावेज भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा का आधिकारिक रिपोर्ट कार्ड है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार किए गए इस सर्वे का लब्बोलुआब यह है कि भारत की विकास गाथा मजबूत बनी हुई है, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हमें सतर्क रहने की जरूरत है। इस सर्वेक्षण की सबसे खास बात यह है कि दुनिया भर में जारी उथल-पुथल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। सरकार का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष यानी 2026-27 में भारत की जीडीपी विकास दर 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत के बीच रहेगी, जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय माहौल में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश समीक्षा में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत अपनी मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद के कारण ज्यादातर देशों की तुलना में अपेक्षाकृत



बेहतर स्थिति में है। इसमें कहा गया है कि हाल के वर्षों में नीतिगत सुधारों के प्रभाव से भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि क्षमता लगभग सात प्रतिशत तक बढ़ गयी है। इसके साथ भारत के उदय के भू-राजनीतिक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए प्रणाली के स्तर पर गहन संस्थागत क्षमता की आवश्यकता बतायी गयी है। समीक्षा के अनुसार, अनिश्चित वैश्विक वातावरण में भारत को घरेलू वृद्धि को प्राथमिकता देने के साथ-साथ बफर और नकदी पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। इसमें यह भी कहा गया है कि दुनिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक माहौल नया रूप ले रहा है। यह निवेश, आपूर्ति श्रृंखलाओं और वृद्धि की संभावनाओं को प्रभावित करेगा। समीक्षा में मूल्य स्थिति के बारे में कहा गया है कि मुख्य (कोर) महंगाई की धीमी गति अर्थव्यवस्था में आपूर्ति पक्ष की स्थितियों के मजबूत होने का संकेत देती है। वर्ष के दौरान देखे गए व्यापक रुझानों के आधार पर, केंद्र सरकार अपने राजकोषीय मजबूती के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 2025-26 में इसके लक्ष्य के अनुरूप जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर, 2025 तक बजट अनुमान का 62.3 प्रतिशत था।

## भाजपा की सरकार में न्याय की आशा नहीं- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी। एजेंसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने काशी पहुंचकर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे देश में लोगों ने वीडियो में देखा कि बटुकों को उनकी चोटी पकड़कर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। अपनी गलती को गलती न मानना और अपने अपराध को न स्वीकार करना ये उन पर निर्भर करता है। जो अपराध किया वो सबके सामने आ ही गया है। अपने लोगों ने तो संयम से 11 दिन प्रयागराज में रहकर उनको मौका दिया कि आपसे जो अपराध हुआ है चाहे तो आप सुधार सकते हैं, लेकिन उन्होंने नहीं सुधारा। इसके बाद काशी वापस लौट गए हैं। इस पार्टी की सरकार में न्याय की कोई आशा न करे यही संदेश मिला है। यूजीसी के नए नियमों पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यह नियम इसी लिए लाया गया है कि उनकी कमियां जो हैं उसकी चर्चा कोई न करे। सवाल ये है कि यूजीसी जैसा नियम जो सनातन धर्म के लिए बहुत बड़ा खतरा है। सनातन धर्म में जातियां हैं, जातियां इसलिए नहीं हैं कि एक दूसरे से लड़ें, ये इसलिए है कि सभी लोगों की आजीविका सुरक्षित रहे। ये पुराने लोगों की बनाई गई परंपरा है। अब यूजीसी के सहारे इन लोगों ने एक जाति को दूसरे जाति के सामने लाकर खड़ा कर दिया है।

## राहुल गांधी और कनिमोझी के बीच चली घंटे भर बैठक पर गठबंधन के लिए नहीं बन सकी सहमति

नई दिल्ली। एजेंसी।

आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस और डीएमके के बीच गठबंधन को लेकर चल रही असहजता के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी और डीएमके सांसद कनिमोझी के बीच एक अहम बैठक हुई। दिल्ली में बुधवार को हुई यह मुलाकात करीब एक घंटे तक चली, लेकिन गठबंधन की कार्ययोजना या सीटों के बंटवारे को लेकर कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी।

सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक डीएमके की पहल पर हुई थी, ताकि अपने पुराने सहयोगी कांग्रेस के साथ तालमेल को लेकर बातचीत को आगे बढ़ाया जा सके। हालांकि, बैठक के दौरान किसी भी तरह के आंकड़ों या फार्मूले पर चर्चा नहीं हुई। राहुल गांधी ने कनिमोझी से आग्रह किया कि इस विषय पर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा गठित नेताओं की समिति के साथ बातचीत की जाए और उसी मंच पर गठबंधन से जुड़े मुद्दों को अंतिम रूप दिया जाए। कांग्रेस सूत्र बता रहे हैं, कि बैठक का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा, लेकिन निर्णय आगे की बातचीत पर छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि तमिलनाडु में करीब दो दशक पुराने इस गठबंधन में इस बार तनाव की स्थिति है। इसकी मुख्य वजह कांग्रेस की राज्य इकाई की ओर से सरकार में हिस्सेदारी की मांग बताई जा रही है, जिसे डीएमके ने स्वीकार नहीं किया है। कांग्रेस के भीतर कुछ नेताओं ने झारखंड मॉडल की तर्ज पर तमिलनाडु में भी सत्ता में भागीदारी की मांग उठाई है। इसी पृष्ठभूमि में अखिल भारतीय



कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) नेतृत्व ने सभी प्रमुख राज्य नेताओं की बैठक बुलाकर उनके विचार सुने। बैठक के बाद यह तय किया गया कि अंतिम फैसला शीर्ष नेतृत्व करेगा।

तमिलनाडु में डीएमके के साथ गठबंधन को लेकर कांग्रेस के राज्य प्रभारी गिरीश चोडंकर ने एक बातचीत के दौरान कहा, कि गठबंधन वार्ता अभी औपचारिक रूप से शुरू नहीं हुई है और कांग्रेस डीएमके की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा, हम पिछले दो महीनों से इंतजार कर रहे हैं। हमारा विपक्ष काफी आक्रामक तरीके से काम कर रहा है। नवंबर में हमने गठबंधन समिति का गठन किया था और अनुरोध किया था कि 15 दिसंबर तक बातचीत पूरी कर ली जाए, लेकिन अभी तक देरी हो रही है।

ये घटनाक्रम ऐसे समय सामने आए हैं, जब तमिलनाडु में इस साल के पहले छह महीनों में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है, हालांकि भारतीय चुनाव आयोग ने अभी आधिकारिक कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में 2021 के चुनावों में डीएमके ने 133 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को 18 सीटें मिली थीं, जबकि पीएमके ने 5, वीसीके ने 4 और अन्य दलों ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस और डीएमके के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत तेज हो सकती है, क्योंकि दोनों दल चुनाव से पहले किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेंगे।

## आरक्षण के लिए धर्मांतरण मामले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सीजेआई बोले— यह नया फर्जीवाड़ा

**नई दिल्ली। एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में आरक्षण का लाभ लेने के लिए कथित रूप से किए जा रहे धर्मांतरण के मामलों पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने इस प्रवृत्ति को नए किस्म का फर्जीवाड़ा करार देते हुए कहा कि प्रभावशाली और सवर्ण जातियों के लोग केवल अल्पसंख्यक आरक्षण हासिल करने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन कर रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। यह टिप्पणी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची की पीठ ने हरियाणा के हिसार निवासी निखिल कुमार पुनिया से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान की। याचिकाकर्ता ने स्वयं को बौद्ध धर्म का अनुयायी बताते हुए अल्पसंख्यक कोटे के तहत शैक्षणिक संस्थान में दाखिले की मांग की थी। सुनवाई के दौरान जब सीजेआई ने याचिकाकर्ता की सामाजिक पृष्ठभूमि के बारे में सवाल किया, तो उसके वकील ने बताया कि वह जाट पुनिया समुदाय से आता है। इस पर सीजेआई ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, आप पुनिया हैं? फिर आप अल्पसंख्यक कैसे हो गए? मैं यह स्पष्ट रूप से जानना चाहता हूं कि आप किस पुनिया समुदाय से हैं? वकील की ओर से यह दलील दी गई कि धर्मांतरण करना याचिकाकर्ता का मौलिक अधिकार है और अब वह बौद्ध धर्म का पालन करता है। इस पर पीठ ने कहा कि केवल आरक्षण का लाभ लेने के लिए किया गया धर्मांतरण धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का उपयोग आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने के लिए नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को यहीं समाप्त नहीं किया, बल्कि हरियाणा में अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। पीठ ने पूछा है कि अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी करने के लिए राज्य में क्या नियम और दिशा-निर्देश हैं। क्या कोई सामान्य वर्ग का व्यक्ति, जो ईडब्ल्यूएस श्रेणी में भी नहीं आता, केवल धर्म बदलकर अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त कर सकता है? यदि किसी छात्र ने पूर्व में स्वयं को सामान्य श्रेणी का बताया हो, तो क्या वह बाद में लाभ के लिए खुद को बौद्ध अल्पसंख्यक घोषित कर सकता है?

कोर्ट ने कहा कि हरियाणा जैसे राज्यों में जाट समुदाय एक प्रभावशाली वर्ग माना जाता है। यदि इस तरह के मामलों को मान्यता दी गई, तो इससे वास्तविक अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन होगा, जिन्हें संरक्षण देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। सुप्रीम कोर्ट अब हरियाणा सरकार की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि यह मामला भविष्य में धार्मिक स्वतंत्रता और आरक्षण के बीच की संवैधानिक सीमा तय करने में एक अहम नजीर बन सकता है।

### कुछ ना कहना




## दिल्ली कोर्ट का बड़ा फैसला-अवैध अप्रवासी होना अनिश्चितकालीन जेल का आधार नहीं

**नई दिल्ली। एजेंसी।** दिल्ली की साकेत जिला न्यायालय ने अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी बिलाल हुसैन की जमानत रद्द करने से इंकार किया है। जिला अदालत ने कहा कि केवल यह तथ्य कि वह अवैध अप्रवासी है, हुसैन को अनिश्चितकालीन हिरासत में रखने का आधार नहीं बनता। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) गौरव गुप्ता ने स्पष्ट किया कि आरोपी ने न जमानत का दुरुपयोग किया है और न ही किसी शर्त का उल्लंघन किया है। दरअसल हुसैन फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन में 2024 में दर्ज एफआईआर में आरोपी है। इसके बाद हुसैन को 28 दिसंबर, 2024 को गिरफ्तार किया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 24 नवंबर, 2025 को उस जमानत दी थी। दिल्ली पुलिस ने जमानत रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी, जिस याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया। एएसजे गुप्ता ने 28 जनवरी के आदेश में कहा कि यदि भविष्य में नए तथ्य या सबूत सामने आते हैं, जिसमें आरोपी को हिरासत में रखना आवश्यक हो, तब अभियोजन पक्ष नया आवेदन दाखिल कर सकता है।

## लैंड फॉर जॉब केस-9 मार्च से रोजाना सुनवाई लेकिन लालू-राबड़ी को पेशी से मिली छूट

**नई दिल्ली। एजेंसी।** बहुचर्चित लैंड फॉर जॉब मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को अहम आदेश देते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को बड़ी राहत दी है। अदालत ने 1 से 25 फरवरी के बीच औपचारिक रूप से आरोप तय करने की प्रक्रिया के दौरान उन्हें सशरीर पेश होने से छूट प्रदान की है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के समक्ष पेश हुए। वहीं, पाटलिपुत्र से राजद सांसद और लालू की बड़ी बेटी मीसा भारती तथा उनकी बहन हेमा यादव व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहीं। दोनों ने अदालत के समक्ष अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया। कोर्ट ने इस दौरान यह भी स्पष्ट किया कि 9 मार्च से मामले की नियमित सुनवाई शुरू होगी। इस चरण में ट्रायल की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और अभियोजन पक्ष (प्रॉसिक्यूशन) अपने सबूत रिकॉर्ड कराएगा।

# कायदी रेलवे स्टेशन समीप अंडरपास ग्रामीणों के लिए बना जानलेवा, जलभराव से आवागमन भी बाधित

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कायदी रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे द्वारा निर्मित अंडरपास आज स्थानीय नागरिकों के लिए सुविधा के बजाय एक गंभीर समस्या और संभावित जानलेवा खतरे के रूप में सामने आ रहा है। अंडरपास में सालभर जलभराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों, मजदूरों एवं विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।**



### अंडरपास भौगोलिक स्थिति के अनुकूल नहीं बना

स्थानीय लोगों के अनुसार यह अंडरपास क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल नहीं बनाया गया है। बारिश के मौसम में अंडरपास पूरी तरह पानी से भर जाता है, वहीं सामान्य दिनों में भी इसमें पानी जमा रहता है। जलभराव के कारण राहगीरों को घुटनों तक पानी में उतरकर जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन फिसलने की घटनाएँ भी सामने आ चुकी हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है।

### निकासी व्यवस्था मौजूद, लेकिन रखरखाव शून्य

अंडरपास में पानी की निकासी के लिए नालियाँ और पाइपलाइन तो बनाई गई हैं, किंतु नियमित सफाई और निगरानी के अभाव में ये पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। नालियों में कीचड़, कचरा भर जाने के कारण पानी बाहर नहीं निकल पाता, जिससे जलभराव की समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### पहले ही जताई गई थी आपत्ति, नहीं सुनी गई ग्रामीणों की बात

गौरतलब है कि अंडरपास निर्माण से पूर्व ही ग्राम कायदी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने इस स्थान पर अंडरपास बनाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का कहना था कि रेलवे स्टेशन की ओर भारी आवागमन, भूमि की ढलान और जलनिकासी की समस्या को देखते हुए यह स्थान अंडरपास निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है। इसके बावजूद जन आपत्तियों को नजरअंदाज कर निर्माण कार्य किया गया, जिसका दुष्परिणाम आज सामने आ रहा है।

### नहर से रिसता पानी बढ़ा रहा समस्या

अंडरपास से कुछ ही दूरी पर स्थित एक बड़ी नहर भी इस समस्या का मुख्य कारण बनी हुई है। नहर से लगातार रिसने वाला पानी अंडरपास में प्रवेश करता रहता है, जिससे यहां हमेशा नमी और पानी जमा रहता है। बारिश के समय नहर का जलस्तर बढ़ने पर अंडरपास में और अधिक पानी भर जाता है, जिससे स्थिति भयावह हो जाती है।

### छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर संकट

इस अंडरपास का उपयोग बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं प्रतिदिन करते हैं। अभिभावकों में इस बात को लेकर गहरी चिंता है कि किसी दिन कोई बड़ा हादसा न हो जाए। अंडरपास में फिसलन, गहराई का अंदाजा न लग पाना और अंधेरा होने के कारण दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

### समाधान की मांग, प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा

स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे विभाग से मांग की है कि इस अंडरपास की तकनीकी समीक्षा कराई जाए। जलनिकासी की प्रभावी व्यवस्था, नियमित सफाई, तथा नहर से आने वाले पानी को रोकने के लिए ठोस उपाय किए जाएँ। साथ ही, यदि आवश्यक हो तो अंडरपास के पुनर्निर्माण या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी की जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना घट सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।

## रात्रि 10 से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण प्रतिबंध

### बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बिना अनुमति के उपयोग पर लगाया गया प्रतिबंध

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** आगामी दिनों में आयोजित होने वाली स्कूलों की बोर्ड परीक्षा, वार्षिक परीक्षा एवं महाविद्यालयीन परीक्षाओं के सुव्यवस्थित संचालन तथा परीक्षार्थियों को अध्ययन के दौरान किसी तरह का व्यवधान न हो इसके लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मृणाल मीना ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इस संबंध में दिये गए आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डी.जे, बैंड-बाजा, जुलुस, इत्यादि का उपयोग तथा किसी आमसभा, जुलूस, सम्मेलन जलसा, खेल प्रतियोगिता और किसी भी निजी/सार्वजनिक कार्यक्रमो में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नही करेगा। परीक्षाओं के संचालन हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि के भीतर कोई ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं चलाया जाएगा। जहाँ कोई ध्वनि विस्तारक यंत्र उपर्युक्त दूरी से परे चलाया जाता है, वहाँ उसके वॉल्यूम को इस प्रकार नियंत्रित किया जाएगा कि जिससे परीक्षा केन्द्रों को कोई विघ्न न पहुँचे या न्यूसेंस कारित न हो।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10.00 बजे से प्रात: 06.00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का पूर्णरूपेण प्रतिबंध रहेगा। अत्यंत आवश्यक होने पर प्रात: 6.00 बजे से रात्री 10.00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रो के 1/4 वॉल्यूम में (ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अनाधिक पर) उपयोग की अनुमति विहित प्राधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी (रा.) द्वारा म.प्र. कोलाहल नियत्रण अधिनियम 1985 की धारा 7 के उपबंधी को दृष्टिगत रखते हुए जारी की जाएगी ।

इस आदेश का उल्लंघन करने पर जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, थाना प्रभारी, जनपद सीईओ को इस आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए है।

## पैदल पति-पत्नी को ठोस मारकर अनियंत्रित हुई मोटरसाईकिल- पति-पत्नी और मां बेटा घायल

### सोनगुड्डा से डाबरी रोड़ चारघाट मार्ग में हुई दुर्घटना









**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले की रूपझर थाना अंतर्गत ग्राम सोनगुड्डा से डाबरी रोड पर स्थित चारघाट में मोटरसाइकिल राह चलते पति पत्नी को ठोस मारकर अनियंत्रित हो गई इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल की ठोकर से पति-पत्नी घायल हो गई वही मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से इस मोटरसाइकिल में सवार मां बेटा भी घायल हो गए। चारों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। चारों घायल जिनमे चमरू पिता मानसिंह मसराम 35 वर्ष और उसकी पत्नी गीता पति चमरू मसराम 30 वर्ष दोनों ग्राम डाबरी थानां लांजी निवासी और मोटरसाइकिल में सवार विनोद पिता हरिश्चंद्र टटेकाम 19 वर्ष और उसकी मां सुनीता पति हरिश्चंद्र टेकाम 50 वर्ष दोनों ग्राम पालागोंदी थाना रूपझर निवासी है। जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चमरू मसराम अपनी पत्नी गीता मस्तराम के साथ खेती मजदूरी करते हैं। 29 जनवरी को दोनों पति-पत्नी अपने गांव से पैदल कोद्दापार बाजार आए थे। बाजार में सामान खरीदने के बाद दोनों पति-पत्नी पैदल ही अपने गांव डाबरी जा रहे थे। इसी दौरान विनोद टेकाम अपनी मां सुनीता टेकाम के साथ मोटरसाइकिल में ग्राम पालागोंदी से झुकुरदा जाने निकले थे। सोनगुड्डा के आगे चार घाट के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पैदल जा रहे चमरू मसराम और उनकी पत्नी गीता मसराम को ठोस मार कर अनियंत्रित हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल की ठोकर से चमरू मसराम और उसकी पत्नी गीता मसराम घायल हो गए वहीं मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से विनोद टेकाम और उसकी मां सुनीता टेकाम भी घायल हो गए। यह दुर्घटना दोपहर 3:00 बजे करीब हुई। खबर मिलते ही सोनगुड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी चारों घायल को मौके से सोनगुड्डा के अस्पताल लाकर भर्ती किये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था।सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया है।जिला अस्पताल पुलिस ने घायलों का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना रूपझर भिजवा दी है।

## अण्डीटोला में देवर ने की भाभी से मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मलाजखंड थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम अण्डीटोला में एक महिला को उसके देवर ने मारपीट कर घायल कर दिया। 28 जनवरी की रात्रि 8:00 बजे यह घटना घरेलू विवाद के चलते हुई। मारपीट में घायल महिला ललिता पति संतराम हिवारे द्वारा की गई रिपोर्ट पर मलाजखंड पुलिस ने इस महिला के देवर सालिकराम हिवारे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललिता घरेलू काम करती है जिसके परिवार में पति संतराम हिवारे ,सास कौशल बाई और बेटा राजा हिवारे रहते हैं। बताया गया है कि ललिता का अपने देवर सालिकराम हिवारे के साथ घरेलू बातों को लेकर विवाद चल रहा है और दोनों की बोलचाल बंद है। 28 जनवरी की रात्रि 8:00 बजे सालिकराम हिवारे ललिता के घर आया और घर के सामने आंगन में अपनी मां कौशल बाई से गिरवी रखे गहने को निकाल कर देने कहा, तब कौशल भाई ने उसे बोली कि मैं गहने तुमको नहीं देती। तभी सालिकराम वही ख?ी अपनी भाभी ललिता को बोलने लगा कि तुम्हारे कारण यह सब हो रहा है, तुमने ही मां को गहने देने मना की होगी। यह कहकर वह ललिता को अश्लील गालियां देने लगा,, ललिता ने उसे गालिया देने से मना कि तभी, सालिकराम ने अपनी भाभी ललिता को हाथ भूसे से मारपीट किया । इस दौरान वहा खड़े देवर के लड़के विशाल हिवारे ने में बीच बचाव किया। बीच बचाव के बाद सालिकराम ने अपनी मां को सिखाने और पढ़ाने पर ललिता को जान से खत्म करने की धमकी दे दी। इस घटना के बाद ललिता रिपोर्ट करने के लिए मलाजखंड थाना पहुंची। मलाजखंड पुलिस ने मारपीट में घायल ललिता का इलाज और मुलाहिजा बिरसा के अस्पताल में करवाये और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके देवर सालिकराम हिवारे के विरुद्ध ललिता को अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जाँच शुरू की है।

## खैरी से न्यायालय पेशी पर गयी युवती लापता, पुलिस ने दर्ज किया गुम इंसान

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के खैरलांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरी से वारासिवनी न्यायालय पेशी पर जाने के लिए निकली एक युवती घर वापस नहीं लौटी। परिजनों की रिपोर्ट पर खैरलांजी पुलिस ने युवती की गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लापता युवती का नाम पूनम तुमाने पिता गोपीचंद तुमाने 27 वर्ष ग्राम खैरी निवासी है। खैरलांजी पुलिस के मुताबिक पूनम चार बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी है। उसका एक मामला वारासिवनी न्यायालय में विचाराधीन है।बताया गया कि 28 जनवरी को सुबह करीब 11:30 बजे पूनम अपने घर से वारासिवनी न्यायालय में पेशी के लिए निकली थी। लेकिन शाम तक वह वापस घर नहीं पहुंची। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों, परिचितों और समाज में जानकारी लेने के बावजूद पूनम के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला।परिजनों ने बताया कि पूनम घर से पहने हुए कपड़ों के अलावा कुछ भी साथ लेकर नहीं गई थी। युवती के बिना बताए लापता होने की रिपोर्ट उसके भाई तुषार तुमाने 19 वर्ष निवासी ग्राम खैरी द्वारा खैरलांजी थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने इस मामले में गुम इंसान क्रमांक 4/26 कायम कर जांच में लिया है। खैरलांजी पुलिस ने लापता इस युवती की खोजबीन में क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपेक्षा की है।

## सड़क दुर्घटना में रावनवाड़ी थाने का आरक्षक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण थाना अंतर्गत गोंदिया रोड ग्राम गोंगलई के सड़क दुर्घटना में गोंदिया रावनवाड़ी थाने में पदस्थ आरक्षक रजनीकांत पिता उदाराम बोपचे 39 वर्ष न्यू लक्ष्मी नगर गोंदिया निवासी घायल हो गया जीने जिला अस्पताल बालाघाट से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षक रजनीकांत गोंदिया जिले के रावनवा?ी पुलिस थाना में पदस्थ है। 28 जनवरी की शाम 5:30 बजे करीब आरक्षक रजनीकांत मोटरसाइकिल में शासकीय कार्य से बालाघाट आ रहे थे।तभी गोंदिया रोड गोंगलई के पास सामने से आ रहा है ट्रक की हेडलाइट आंख में पढ़ने से आरक्षक रजनीकांत की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में आरक्षक रजनीकांत मोटरसाइकिल सहित गिर गया और उन्हें चेहरे मुंह नाक बाय पैर घुटने में चोटे आई। दुर्घटना के दौरान मोके पर भी? लग चुकी थी। किसी व्यक्ति ने डायल 112 को फोन कर दिए और घायल आरक्षक रजनीकांत को डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं विवेक आचार्य पिता स्व. कमलानंद बिरनवार जाति लोधी निवासी ग्राम पंचायत मोहगांव ध. का निवासी हूं, मेरे अधिपत्य व स्वामित्व की अन्य भूमियों के अतिरिक्त मौजा मोहगांव ध. तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में स्थित खसरा नंबर 1006, 1007, 1008 रकबा क्रमश: 0.405, 0.741, 0.315 हे. कुल रकबा 1.461 हे. कृषि भूमि स्थित है जो पूर्व में मेरे अकेले के नाम पर राजस्व प्रलेखों में दर्ज थी, उक्त भूमि के राजस्व प्रलेखों में मोहगांव ध. निवासी लक्ष्मीनारायण बिरनवार द्वारा मेरे साथ संयुक्त रूप से अपना नाम धोखाधड़ी व छलकर मेरे बनावटी हस्ताक्षर कर दर्ज करा लिया है और उक्त भूमि का बंटवारा राजस्व अधिकारी व कर्मचारियों से मिलीभगत कर करा लिया है और लक्ष्मीनारायण बिरनवार मेरे स्वामित्व अधिपत्य की उक्त भूमि को अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करने की फिराक में है, उक्त भूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय वारासिवनी में व्यवहार वाद क्रRCS A 24/25 पक्षकार विवेक आचार्य विरूध्द लक्ष्मीनारायण विचाराधीन है, अत: आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि के संबंध में लक्ष्मीनारायण बिरनवार से किसी भी प्रकार का सौदा या खरीदी बिक्री और विक्रय पंजीयन ना करें ना करावे अन्यथा उक्त भूमि के संबंध में लक्ष्मीनारायण बिरनवार से किया गया किसी भी प्रकार का सौदा या विक्रय पंजीयन कानूनन निरस्त माना जावेगा। उक्त भूमि पर मेरा व मेरे पिता स्वर्गीय कमलानंद बिरनवार के जीवन काल से मालिकी व कब्जा चला आ रहा है, मेरे उक्त मालिकी व कब्जे पर किसी को भी दखल देने का कोई भी कानूनन हक व अधिकार नहीं है।

अत: आम जनता सूचना दर्ज करें।

**प्रकाशक**

**विवेक आचार्य पिता स्वर्गीय कमलानंद बिरनवार निवासी मोहगांव धपेरा, तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट ( म.प्र. )।**

# सांदीपनि विद्यालय खैरलांजी में बिदाई समारोह का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी।** संदीपनि विद्यालय खैरलांजी में कक्षा बारहवीं के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जूनियर छात्रों के द्वारा अपने वरिष्ठों को बिदाई देने और उनके उज्वल भविष्य की कामना करने के लिए आयोजित किया गया । समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार सहारे व शिक्षक शिक्षिकाओ के द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने स्वागत गीत गाकर सभी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को जीवंत बनाने के लिए छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी जिनमें नृत्य संगीत भाषण की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स के साथ बिताए खट्टे.मीठे अनुभवों को भी साझा किया। विद्यालय के प्रति उनके योगदान के लिए विशेष छात्र छात्राओं को मिस्टर फेयरवेल रूपेश गभने और मिस फेयरवेल स्वीटी दरवडे के खिताब से नवाजा गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र सहारे ने कहा कि छात्रों को जीवन की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। सभी ने परीक्षा में सफ लता के टिप्स दिए और उन्हें जीवन में हमेशा ईमानदार और मेहनती बने रहने का आशीर्वाद दिया। अंत में जूनियर छात्रों ने अपने वरिष्ठों को स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट किए।



## किरनापुर लांजी क्षेत्रीय गढ़वाल समाज की आम सभा मे आगामी कार्य योजना होगी तैयार

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। क्षेत्रीय गढ़वाल समाज लांजी किरनापुर संगठन द्वारा आगामी 1 फरवरी 2026 दिन रविवार को ग्राम सोनपुरी में आवश्यक आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श के साथ आगामी कार्यक्रमों की योजना तैयार की जाएगी। कार्यक्रम के ? शुरुआत में प्रमुख रूप से मां सरस्वती का वंदन पूजन अर्चन के तत्पश्चात सामाजिक प्रकरणों पर विचार करना साथ ही आय व्यय का विवरण प्रस्तुत कर अन्य विचार बिंदु अध्यक्ष की अनुमति से सामूहिक सामाजिक विवाह आयोजित करना जैसे प्रमुख बिंदुओं पर आवश्यक बैठक स्थान गायत्री मंदिर सोनपरी मे दोपहर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक आयोजित की गई है। इस अवसर पर किरनापुर लांजी क्षेत्रीय गढ़वाल समाज मंडल मोरवाही, मड़कापार, किरनापुर ,कोस्ते, बूढ़ी ,टेमनी, लांजी सुसवा, के समस्त पदाधिकारी सहित कार्यकारिणी क्षेत्रीय गढ़वाल समाज अध्यक्ष जागेश्वर चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष पप्पू गोयल ,सचिव ईनोद बनवाले ,कोषाध्यक्ष अरविंद वराड़े व समस्त सामाजिक नागरिक बंधु समस्त पदाधिकारीयों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस अवसर पर संरक्षक खुमेशचन्द अजीत , हुकुमचंद सिल्हारे,धर्मेंद्र वराड़े ,दिलीप वराड़े बंटी अर्जुनवार सहित योगेश ब्रम्हे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## जलाऊ लकड़ी व बांस की कमी से कायदी के ग्रामीण परेशान, वन विभाग से शीघ्र व्यवस्था की मांग

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के दक्षिण वन मंडल सामान्य के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र वारासिवनी में स्थित ग्राम कायदी के ग्रामीण इन दिनों गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। ग्राम कायदी के बांस डिपो में लंबे समय से जलाऊ लकड़ी उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के लिए भटकना पड़ रहा है। खाना पकाने और अन्य घरेलू उपयोगों के लिए आवश्यक जलाऊ लकड़ी न मिलने से ग्रामीणों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ग्राम कायदी जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र से सटा हुआ गांव है, जहां अधिकांश ग्रामीण अपनी रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए वन विभाग के डिपो पर निर्भर रहते हैं। डिपो में जलाऊ लकड़ी और बांस की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीणों के सामने गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि डिपो में शीघ्र लकड़ी उपलब्ध नहीं कराई गई, तो उन्हें मजबूरीवश चोरी-छिपे जंगलों से लकड़ी लाने के लिए विवश होना पड़ सकता है, जिससे वन संरक्षण को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग द्वारा अधिकृत रूप से डिपो में लकड़ी उपलब्ध न होने के कारण उन्हें कई किलोमीटर दूर तक भटकना पड़ रहा है, जिससे समय, श्रम और आर्थिक नुकसान हो रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और गरीब परिवारों को इस समस्या से सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने वन परिक्षेत्र वारासिवनी के अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम कायदी के बांस डिपो में शीघ्र ही जलाऊ लकड़ी के साथ-साथ बांस की भी समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और अवैध कटाई जैसी समस्याओं से भी बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने वन विभाग से संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की है।

**जमीन बेचनी है**

**बालाघाट-कोसमी में स्थित बालाघाट - गोंदिया रोड से लगी हुई चौड़ाई 75 फ़ीट, लम्बाई 250 फ़ीट पूर्वमुखी ज़मीन बेचनी है जिसके उत्तर में 15 फ़ीट की रोड है।**

**इच्छुक खरीददार मोबाइल नंबर 9425138988 पर संपर्क करें**

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

**लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध**



निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

# लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर मजदूर घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलगांव में लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली से गिरने के कारण एक मजदूर घायल हो गया। घायल मजदूर मनोज राऊत पिता सुखराम राऊत 37 वर्ष ग्राम बेलगांव निवासी है, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज राऊत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। बताया गया कि 28 जनवरी की सुबह मनोज राऊत, ट्रैक्टर चालक



अक्षय बहेकार सहित तीन अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खेत गया था। खेत से लकड़ी भरकर वे अपने गांव के चमारू राऊत के घर ला रहे थे।

लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली के ऊपर मनोज राऊत बैठा हुआ था। जब ट्रैक्टर खेत से मुख्य सड़क पर आया और बेलगांव की ओर बढ़ रहा था, तभी चालक द्वारा तेज़ रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने के कारण संतुलन बिगड़ गया। इसी दौरान ट्राली में बैठा मनोज राऊत नीचे गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।घटना के तुरंत बाद घायल मनोज राऊत को किरनापुर अस्पताल ले जाकर भर्ती किया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मनोज राऊत को उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया जा रहा है।

## परसामऊ छात्रावास की 16 वर्षीया छात्रा बनी मां, विभाग की कायराना चुप्पी

# माता-पिता ने कहा- जिस भरोसे के साथ उन्होंने अपनी बेटी को पढ़ने के लिए हॉस्टल में रखा वह भरोसा ही टूट गया!!

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक छात्रावास से जुड़ा बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है। जिला चिकित्सालय बालाघाट में छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाली 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया है। बताया जा रहा है कि इस गंभीर मामले की जानकारी नाबालिग छात्रा के परिजनों को लगी, उन्होंने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संज्ञान लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसके लिए कौन जिम्मेदार है इस घटना के उजागर होते ही शिक्षा विभाग और संबंधित छात्रावास प्रबंधन की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जिस भरोसे के साथ माता-पिता अपने नाबालिग बच्चों को पढ़ाई के लिए छात्रावास में भेजते हैं, वहां उनकी सुरक्षा, निगरानी और संरक्षण की क्या व्यवस्था है। नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने की स्थिति छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही और निगरानी तंत्र की गंभीर खामियों की ओर इशारा कर रही है।**

एक ओर जहां सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। बच्चों को शिक्षित करने और शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए आज अनेक योजना योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद जिले में शिक्षा विभाग की गंभीरता पर लगातार प्रश्नचिह्न लगते रहे हैं। जिले में शिक्षा विभाग से जुड़े कई मामले आए दिन चर्चा का विषय बने रहते हैं। कभी शासकीय राशि के लेन-देन को लेकर सवाल उठते हैं, तो कभी ऐसे हालात सामने आते हैं जहां वर्षों से एक ही कक्ष में पांच-पांच कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इन्हीं सबके बीच एक बार फिर शिक्षा विभाग का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने अभिभावकों की चिंता को और बढ़ा दिया है। इस घटना के बाद अब परिजन अपने बच्चों को छात्रावास में भेजने से भी परहेज करने को मजबूर हो सकते हैं। पूरा मामला गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत परसामऊ छात्रावास से जुड़ा हुआ है। बीते तीन वर्षों से छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने 28 जनवरी को जिला चिकित्सालय बालाघाट के ट्रॉमा सेंटर में एक बच्ची को जन्म दिया। हैरानी की बात यह है कि इस पूरी घटना की जानकारी छात्रा के परिजनों को पहले से नहीं थी। इस घटना के सामने आने के बाद न केवल छात्रावास प्रबंधन, बल्कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है




कि आखिर छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था में ऐसी कौन-सी चूक हुई, जिसके चलते एक किशोरी समय से पहले मां बन गई और इसकी भनक न तो परिजनों को लगी और न ही संबंधित अधिकारियों को। बताया जा रहा है कि छात्रावास प्रबंधन ने न तो इस गंभीर स्थिति की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी और न ही समय रहते परिजनों को सूचित किया। जब नाबालिग छात्रा को प्रसव पीड़ा हुई, तब यह पूरा मामला सामने आया। इस लापरवाही ने शिक्षा विभाग और छात्रावास प्रबंधन की जिम्मेदारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। घटना के बाद नाबालिग के परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। परिजनों ने छात्रावास प्रबंधन सहित इस मामले से जुड़े सभी जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जिस भरोसे के साथ वे अपनी बेटी को शिक्षा के लिए छात्रावास भेजते रहे, उस भरोसे को सिस्टम ने तोड़ दिया।

### विभागीय चुप्पी से बढ़ी उलझन

इस पूरे मामले को लेकर जब शिक्षा विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया, तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। कुछ अधिकारियों ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि संबंधित छात्रावास उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता, जबकि कुछ ने बताया कि छात्रावास का संचालन सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। वहीं डीसीसी श्री बर्मन से 28 और 29 जनवरी को लगातार दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं कियाकर रहे हैं ।

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

पीड़ित छात्रा के परिजनों ने बताया कि उन्होंने लगभग तीन वर्ष पूर्व अपनी बेटी का परसामहू छात्रावास में दाखिला कराया था। वर्तमान में छात्रा कक्षा आठवीं में अध्ययनरत है और बहुत कम ही घर आती थी। करीब आठ दिन पहले जब वह घर पहुंची, तब परिजनों को उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली। परिजनों का कहना है कि बच्ची अभी इस पूरे मामले में कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने इस संबंध में महिला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और मांग की है कि इस गंभीर मामले में जो भी दोषी हो, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### मामले की जांच जारी- किरण

महिला थाना प्रभारी के प्रभार पर पदस्थ किरण वरकडे ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित छात्रा के परिजनों द्वारा लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के आधार पर पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से जांच कर रही है। फिलहाल पूरा मामला अभी जांच में है।

# मेगाब्लॉक में एक साथ दो रेलवे क्रॉसिंग पर गर्डर लॉन्च

## गर्रा और वारा आरओबी पर चला बड़ा तकनीकी कार्य, यातायात संचालन अस्थायी रूप से रहा प्रभावित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में 28 जनवरी की रात रेलवे विभाग द्वारा दो महत्वपूर्ण रेलवे क्रॉसिंग पर गार्डर लॉन्चिंग का कार्य किया गया। यह कार्य बालाघाट के गर्रा रेलवे क्रॉसिंग और वारासिवनी क्षेत्र के वारा रेलवे क्रॉसिंग पर बड़े स्तर पर संपन्न कराया गया। गार्डर लॉन्चिंग कार्य को लेकर विभाग द्वारा पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां की गई थीं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे और प्रशासन की अनुमति से सड़क मार्ग और रेल मार्ग को निर्धारित समय के लिए पूरी तरह बंद रखा गया था। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, गार्डर लॉन्चिंग एक अत्यंत तकनीकी और संवेदनशील प्रक्रिया होती है, इसलिए इसे रात के समय किया गया। अधिकारियों का यह भी कहना था कि जैसे ही कार्य पूरा होगा, सड़क और रेल मार्ग को पुनः सामान्य कर दिया जाएगा।

जिले में मेगाब्लॉक के दौरान एक साथ दो रेलवे क्रॉसिंग पर गर्डर लॉन्चिंग का बड़ा कार्य किया गया। बालाघाट के गर्रा रेलवे ओवरब्रिज और वारासिवनी के वारा आरओबी पर गर्डर लॉन्च किया गया, जिसे लेकर रेलवे




और निर्माण एजेंसी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। गर्रा ओवरब्रिज पर 36 मीटर लंबे गर्डर का सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। वहीं वारासिवनी के वारा आरओबी पर सबसे बड़े गर्डर की लॉन्चिंग की गई, जिसमें पूरी रात और दिन का समय लग गया। गर्डर लॉन्च के बाद भी कुछ तकनीकी कार्य शेष बताए जा रहे हैं, जो देर रात तक जारी रहने की संभावना है। बालाघाट स्टेशन प्रबंधक कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि रेलवे द्वारा रात्रि 12.25 बजे से सुबह 7.25 बजे तक मेगाब्लॉक दिया गया था। इसी निर्धारित समयावधि में वारासिवनी के वारा आरओबी पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य पूर्ण नहीं हो पाने के कारण दो ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। इसके तहत कटंगी से गोंदिया और गोंदिया से तिरोड़ी जाने वाली यात्री ट्रेन को बालाघाट स्टेशन पर रद्द करना पड़ा। गर्डर लॉन्चिंग के चलते दोनों ओवरब्रिज पर बीते बुधवार से ही दुपहिया वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों से यह निर्णय लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। इस दौरान इन मार्गों से गुजरने वाले सभी वाहनों को वैकल्पिक डायवर्ट मार्गों से रवाना किया जा रहा है।

### मार्च तक दोनों पुल आवागमन के लिए खुलेंगे - अर्जुन सनोडिया

ओवरब्रिज निर्माण कार्य को लेकर सेतु संभाग के अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट की है। रेलवे लाइन पर बनने वाले ब्रिज को छोड़कर शेष हिस्सों का निर्माण कार्य कर रहे सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुन सनोडिया ने बताया कि बालाघाट के गर्रा बीके-9 ओवरब्रिज पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य रात्रि लगभग चार बजे तक चला, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। वारासिवनी के वारा ओवरब्रिज पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य देर शाम तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि वहां अभी थोड़ा-बहुत तकनीकी कार्य शेष है, जिसे आज रात्रि तक पूर्ण कर लिया जाएगा। एसडीओ अर्जुन सनोडिया ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि दोनों ही ओवरब्रिज के शेष निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं और यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो मार्च माह तक दोनों ओवरब्रिज का निर्माण पूर्ण कर इन्हें आमजन के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

# संजय कुमार भोपाल पुलिस कमिश्नर बने ललित शाक्यवार होंगे बालाघाट के पुलिस महानिरीक्षक

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में लंबे समय से पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संजय कुमार का स्थानांतरण भोपाल कर दिया गया है। अब वे नगरीय पुलिस जिला भोपाल में पुलिस आयुक्त के पद पर अपनी सेवाएँ देंगे। उनके स्थान पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) 2008 बैच के अधिकारी ललित शाक्यवार को बालाघाट रेंज का नया पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। पदस्थापना से पूर्व ललित शाक्यवार भोपाल में पुलिस महानिरीक्षक (शिकायत) एवं मानव अधिकार आयोग के पद पर कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि स्थानांतरित आईजी संजय कुमार का नक्सली उन्मूलन अभियान में विशेष और प्रभावशाली योगदान रहा है। उनके नेतृत्व में बालाघाट रेंज में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई। नए आईजी ललित शाक्यवार से भी जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा की जा रही है।

# खैरलांजी में अधेड़ ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** खैरलांजी में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर के अंदर सीलिंग फैन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 28 जनवरी दोपहर की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर खैरलांजी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतक राजकुमार पिता सीताराम नान्हे 50 वर्ष शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

राजकुमार नान्हे खैरलांजी पुलिस थाना में सफाई का काम करता था। प्रारंभिक जांच में यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस व्यक्ति ने शराब के नशे की हालत में यह कदम उठाया। हालांकि वास्तविक कारणों की जांच जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जनवरी की सुबह लगभग 8 बजे राजकुमार नान्हे की पत्नी तुलसी नान्हे गांव में ही काम के सिलसिले में मनोज कसरे के घर गई हुई थी। उसी दौरान राजकुमार नान्हे अपने कार्य पर खैरलांजी थानां गया था। दोपहर में जब तुलसी नान्हे घर लौटी तो पति नशे की हालत में था, जिसके बाद वह कुछ समय के लिए पड़ोसी दिनेश नगपुरे के घर चली गई।

दोपहर लगभग 1 बजे जब वह वापस लौटी, तो उसने अपने पति राजकुमार नान्हे को कमरे में सीलिंग फैन में फांसी पर लटके हुए देखी। जिसने फांसी लगा दी थी और उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना तुलसी नान्हे द्वारा खैरलांजी थाना में दी गई। सूचना मिलते ही थाना से सहायक उप निरीक्षक किशोर माने मौके पर पहुंचे और राजकुमार नान्हे के शव को नीचे उतरवाकर मौके पर पंचनामा कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# सीएचएमओ ने 3 दिन का वेतन काटने का दिया आदेश

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले बेलगांव के कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने 23 जनवरी को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेलगांव के कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर सुनील पांचे के अनुपस्थित रहने एवं स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा पाये जाने पर उनका 03 दिन का वेतन काटने के आदेश दिये है।

सीएमएचओं डॉ. उपलप द्वारा 23 जनवरी 2026 को सायं 4-51 बजे आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेलगांव, विकासखंड किरनापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान बेलगांव स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा पाया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र में पदस्थ कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर श्री सुनील पांचे मुख्यालय में निवास नहीं करते हैं तथा दूरस्थ ग्राम से प्रतिदिन आना-जाना करते हैं, जिसके कारण आकस्मिक स्थिति में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो पातीं है। जांच में यह भी सामने आया कि निर्धारित मुख्यालय में निवास न करने के कारण 21 से 23 जनवरी 2026 तक कुल तीन दिन बेलगांव की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं है।




सीएमएचओं डॉ. उपलप ने निरीक्षण में पाये गए तथ्यों को देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेलगांव में पदस्थ श्री सुनील पांचे का 03 दिन का वेतन काटने के आदेश दिये है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता एवं ग्रामीणों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# निजी स्कूलों के शिक्षकों की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी नही लगेगी

## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिये गए निर्देश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की माह फरवरी 2026 में आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर 29 जनवरी को माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष एवं सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिये गए। इस वीडियों कांफ्रेंस में कलेक्टर मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिशी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि जिले के परीक्षा केंद्रों के लिए केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष का चयन जिला एनआईसी के माध्यम से रेंडमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा तथा उनकी नियुक्ति मंडल की वेबसाइट पर दर्ज की जाएगी। प्रश्नपत्र थानों से निकालने के लिए कलेक्टर प्रतिनिधियों की भी नियुक्ति कर प्रविष्टि सुनिश्चित की जाएगी। सभी केंद्राध्यक्षों, सहायक केंद्राध्यक्षों एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों का निर्धारित समय-सीमा में प्रशिक्षण कराया जाएगा। परीक्षा के दौरान प्रायवेट स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी नही लगायी जाएगी।

बालाघाट जिले में निर्धारित 132 परीक्षा



केंद्रों की सतत निगरानी के लिए विकासखंड एवं जिला स्तर पर निरीक्षण दल गठित किए जाएंगे। स्वाध्यायी छात्रों के दो परीक्षा केंद्रों को अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखते हुए वहां सेवानिवृत्त अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक आयोजित होंगी, जिसके लिए बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

गोपनीय सामग्री को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के स्ट्रॉन्ग रूम में सशस्त्र सुरक्षा के साथ सुरक्षित रखा गया है। प्रश्नपत्रों का वितरण 6 एवं 7 फरवरी को थाना-वार रूटचार्ट के अनुसार निर्धारित बसों से पुलिस अभिरक्षा में किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्रों से संबंधित अफवाहों पर नियंत्रण के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को प्रश्नपत्र लिक होने संबंधी सोशल मीडिया में चलने वाली किसी भी अफवाह एवं भ्रामक जानकारी पर ध्यान नही देने के लिए जागरूक करने कहा गया। प्रश्न पत्र रखने एवं परीक्षा के समय वितरण तक की व्यवस्था को पूर्णतः सुरक्षित बनाया गया है। इसलिए प्रश्न पत्र लिक होने जैसी घटना संभव नही है।

मूल्यांकन कार्यों की तैयारी के तहत जिले के चार नोडल अधिकारियों को नामांकित कर 3 फरवरी 2026 को भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण में भेजा जाएगा, ताकि वे जिला स्तर पर मूल्यांकन कार्यों में संलग्न शिक्षकों को प्रशिक्षण दे सकें। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान बताया गया कि मूल्यांकन में किसी भी बच्चों को शून्य नंबर नही दिये जाएंगे।

## आस-पास की खबरें

## नेवरगांव ला. मरार माली समाज सर्किल अध्यक्ष बने संतकुमार मानेश्वर

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत नेवरगांव ला. स्थित सामुदायिक भवन में गत दिवस मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव ला.



की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर, नेवरगांव ला. सरपंच संतोष पंचेश्वर, मरार माली समाज ब्लाक अध्यक्ष कैलाश माते सहित पर्यवेक्षक एवं सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा ज्योतिबाराव फुले, माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित इस बैठक में मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव ला. का नवीन कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारी नियुक्त करने, समाजोत्थान, संगठन की मजबूती सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया और संतकुमार मानेश्वर को सर्वसम्मति से मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव ला. का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह भीवराम पंचेश्वर को उपाध्यक्ष, श्रीमती कल्पना पंचेश्वर को सचिव, बिसनलाल माने को कोषाध्यक्ष, संदेश नागेश्वर को सहसचिव, देवा गाड़ेश्वर, श्रीमती सीमा पंचेश्वर, योगेश पंचेश्वर, होलुराम पंचेश्वर, श्रीमती उमेश्वरी माते, बैद्यराज पंचेश्वर को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। बैठक में उपस्थित पर्यवेक्षकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सर्किल के अंतर्गत आने वाले 9 ग्रामों के सामाजिक बंधुओं को साथ में लेकर समाजोत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही है। वहीं मरार माली समाज सर्किल नेवरगांव ला. नवनियुक्त अध्यक्ष संतकुमार मानेश्वर ने बताया कि जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी से निर्वहन कर समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में समाज का विकास एवं समाजोत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम किया जायेगा। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण






### अधिकारियों ने निर्माण कंपनी को गुणवत्तापूर्ण एवं दो स्थानों पर पुलिया का निर्माण करने किया निर्देशित

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।**

नगर मुख्यालय के लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग के अधुरी सड़क का निर्माण कार्य करोड़ों रूपयों की लागत किया जा रहा है। लेकिन सड़क के बीच एवं किनारे स्थित विद्युत पोल को बिना हटाये निर्माण कार्य शुरू होने जाने से भविष्य में आवागमन में परेशानी हो सकती है। साथ ही स्थानीयजनों ने सड़क के बीच व किनारे में आ रहे विद्युत पोल को नही हटाने, तकनीकी मापदण्ड के अनुसार सड़क का निर्माण न कर कही अधिक, कही कम चौड़ाई की सड़क बनाने, पानी निकासी के लिए नाली नही बनाने सहित अन्य आरोप निर्माण कंपनी के ठेकेदार पर लगाते हुए सड़क विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने की मांग की थी। इस मांग व समस्या को लेकर बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में गुरूवार को समाचार भी प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारी हकरत में आये। वहीं खबर प्रकाशित होते ही गुरूवार को एमपीआरडीसी विभाग के एजीएम मुकेश बेले सहित अन्य अधिकारियों लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीयजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जिस पर वार्डवासी नीरज पशीने सहित अन्य वार्डवासियों ने सड़क विभाग के अधिकारियों को बताया कि सड़क की चौड़ाई कही अधिक, कही कम आ रही है एवं टर्निंग भाग सहित अन्य स्थानों पर 23 फीट की सड़क नही बन रही है। साथ ही सड़क की ऊंचाई अधिक होने पर पानी निकासी की समस्या बनेगी। इसलिए दो से तीन स्थानों पर पुलिया का निर्माण कर पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करवाने एवं सड़क का गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने की मांग की। जिस पर सड़क विभाग के एजीएम मुकेश बेले ने निर्माण कंपनी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सड़क का निर्माण शासन के मापदण्ड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं जिस स्थान पर पुलिया स्टीमेट में है उस स्थान पर पुलिया निर्माण करने कहा है। साथ ही यह भी कहा कि सड़क का निर्माण नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है। वहीं पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने कहा कि सड़क का निर्माण शासन के नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है लेकिन कुछ लोग निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की मंशा से गलत शिकायत कर रहे है। अधिकारियों ने निरीक्षण किया है जो कार्य से संतुष्ट है और सड़क का निर्माण हो जाने से आवागमन में सुविधा होगी।

**समस्या के समाधान का अधिकारी ने दिया है आश्वासन - नीरज**

नीरज पशीने ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर हमारे द्वारा शिकायत की गई थी, जिसके बाद सड़क विभाग के एजीएम पहुंचे थे, जिन्होने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। जिनसे हमारे द्वारा पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग की गई है और सड़क की ऊंचाई को ध्यान में रखकर निर्माण किया जाये। साथ ही यह भी बताया कि पूर्व में हमारे द्वारा इस समस्या को तत्कालीन कलेक्टर महोदय के समक्ष रखा गया था तो उन्होंने समस्या को देखते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। श्री पशीने ने बताया कि सड़क विभाग के अधिकारी ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

**कुछ लोग अनावश्यक रूप से करते हैं शिकायत - अनीस**

पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि विधायक महोदया के द्वारा लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग के अधुरी सड़क निर्माण को पूर्ण करवाने के लिए सड़क की स्वीकृति करवाई गई है, जिसका निर्माण कार्य शासन के मापदंड के अनुसार जारी है। लेकिन कुछ लोगों के द्वारा निर्माण कार्य को लेकर अनावश्यक रूप से शिकायत की जा रही है एवं निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है, जबकि सड़क पूरी तरफ से गुणवत्तापूर्ण व नियमानुसार बन रही है। श्री खान ने बताया कि अधिकारी का कहना है कि बिजली के पोल को लेकर जो समस्या आ रही है उस संबंध में उनके द्वारा विद्युत विभाग को पत्र लिखा गया है और जो ट्रांसफार्मर सड़क के पास स्थित है उन्हें जल्द हटा दिया जायेगा।

## बघोली हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं में भविष्य बनाने के सीख रहे गुर

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत बघोली में लोक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार पांच दिवसीय कैरियर मेला का आयोजन 27 जनवरी से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि एवं कैरियर मार्गदर्शक वक्ता गज अरविंद एथनिक साइंस,महर्षि अरविंद फाउंडेशन, हातूर्णा, महाराष्ट्र, डॉ. प्रमोद नागेश्वर, पाथ ऑफ डिवाइन लाइफ ,मोहगांव (मलाजखंड), आईटी एक्सपर्ट खिलेश गौतम एवं कृषि सलाहकार विनेश हरिनखेडे एवं स्कूल प्राचार्य शिवचरण मरावी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं एवं विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को कैरियर से संबंधित विभिन्न स्ट्रीम,उनसे जुड़े कोर्सेज और उपलब्ध संसाधनों से उपलब्धियां को कैसे हासिल करें। चर्चा में स्कूल प्राचार्य शिवचरण मरावी ने बताया कि 5 दिवसीय कैरियर मेला का 27 जनवरी को शुभारंभ किया गया है और 28 जनवरी को दिनेश नाकतोड़े, समीप इंदुरकर एवं श्रीमती कोकिला बिसेन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के साथ ही कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा जारी कैरियर काउंसलिंग की लाइव स्ट्रीम का वीडियो प्रदर्शन भी किया गया। वहीं 29 जनवरी को बरघाट से आये आईटी एक्सपर्ट मनीष परिहार के द्वारा विद्यार्थियों को कंप्यूटर से जुड़े शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर के विभिन्न अवसरों के बारे में



बताया गया। इस 5 दिवसीय कैरियर मेला का 31 जनवरी को समापन किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम प्रभारी सुनील बिसेन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कैरियर मेले के माध्यम से भविष्य की राह चुन रहे विद्यार्थी

### सांदीपनी स्कूल में 5 दिवसीय कैरियर मेला जारी





**पद्मेश न्यूज।लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी स्कूल लालबर्रा में लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार गत 27 जनवरी से शुरू हुआ पांच दिवसीय कैरियर मेला सफलतापूर्वक जारी है। मेले के तीसरे दिन 29 जनवरी को विद्यार्थियों को भविष्य की राह चुनने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कैरियर मेले के तीसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार श्री मिश्रा ने कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक सेवाओं के क्षेत्र में कैरियर बनाने की बारीकियों से अवगत करवाया। जिसमें उन्होने बताया कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कैसे शुरू करें, एनडीए, सीए, स्टेट सर्विसेस सहित अन्य बड़ी परीक्षा की तैयारी कर अपना भविष्य बेहतर कैसे बना सकते है उसके बारे में आवश्यक जानकारियां प्रदान की। साथ ही उपस्थिति अधिकारियों ने सफलता का मंत्र भी विद्यार्थियों से सांझा किया। वहीं इस पांच दिवसीय कैरियर मेले के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य और सही कैरियर चुनाव के प्रति जागरूक करना है। अक्सर छात्र इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि स्कूली शिक्षा के बाद उन्हें किस दिशा में जाना चाहिए। इस मेले के माध्यम से उन्हें एक ही मंच पर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से सीधा संवाद करने का अवसर मिल रहा है, ताकि वे समय रहते अपने लक्ष्यों का निर्धारण कर सकें। सांदीपनी स्कूल की शिक्षिका श्रीमती योगिता दुबे ने बताया कि 27 जनवरी से स्कूल में 5 दिवसीय कैरियर मेला जारी है, मेले के तीसरे दिन नायब तहसीलदार श्री मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए थे। जिन्होने विद्यार्थियों को सिविल सेवा की तैयारी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्वरूप और इनमें सफलता पाने की रणनीति के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और सही दिशा में मेहनत से किसी भी लक्ष्य को पाना संभव है। साथ ही यह भी बताया कि इस आयोजन से विद्यार्थियों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है और विशेष रूप से 9 वीं और 10 वीं के विद्यार्थी भविष्य में किन विषयों का चयन करना है, इसे लेकर स्पष्ट हो रहे हैं। वहीं कक्षा 12 वीं के बाद विद्यार्थी भ्रमित रहते हैं कि उन्हें आगे क्या करना है। इस मेले के माध्यम से उन्हें सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल रहा है, जो उनके भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# बजरंग मंदिर से निकली विशाल निशान यात्रा, भजनों की अमृत वर्षा में झूमे श्रध्दालु

### धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम सेवा मंडल का प्रथम वार्षिकोत्सव

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत मानपुर स्थित लॉन में श्री श्याम सेवा मंडल एवं श्री श्याम सेवा महिला मंडल के तत्वाधान में बुधवार को मंडल का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस भक्तिमय आयोजन में बड़ी संख्या में श्रध्दालुओं ने हिस्सा लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। इस वार्षिकोत्सव का शुभारंभ दोपहर में नगर मुख्यालय की ऐतिहासिक बजरंग मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ हुआ। जहां से खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान यात्रा डीजे की धून पर निकाली गई। वहीं भक्तिमय धुनों और श्याम बाबा के जयकारों के बीच यह यात्रा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान जगह-जगह श्रध्दालुओं ने खाटू श्याम बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किये। वहीं उपस्थित महिला एवं पुरूष श्रध्दालुओं ने भजनों पर नृत्य भी किया। इस तरह से श्री श्याम सेवा मंडल लालबर्रा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर निकाली गई विशाल निशान यात्रा श्रध्दा का संगम



बना। वहीं शाम 6 बजे मानपुर स्थित लॉन में भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक छिंदवाड़ा के आकाश नागवंशी, खाटुधाम से अंकित-दीपिका, इंदौर के शिवम रावल के द्वारा खाटू श्याम बाबा के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुती दी। साथ ही संकीर्तन के माध्यम से खाटू श्याम बाबा की महिमा बताते हुए कहा कि बाबा के दरबार में सच्ची श्रध्दा से मांगी गई हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वहीं भजनों की अमृत वर्षा होने पर श्रध्दालुओं ने जमकर झूमे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंडल की स्थापना का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह भव्य आयोजन किया गया था। इस अवसर पर बजरंग मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली गई और यह यात्रा पुरे नगर मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए मानपुर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान जगह-जगह विशाल निशान यात्रा का स्वागत भी किया गया। वहीं मानपुर स्थित लॉन में प्रथम वार्षिकोत्सव मनाने के साथ ही भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायकों के द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुती दी गई और खाटू श्याम बाबा का गुणगान किया गया। इस दौरान मंडल के सदस्यों सहित क्षेत्र के श्रध्दालुओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्री श्याम सेवा मंडल के पदाधिकारी, सदस्य एवं श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

## एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने लोहारा शास. एकी. माध्य. स्कूल का किया निरीक्षण

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी (एसडीएम) कार्तिकेय जायसवाल ने जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोहारा स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री जायसवाल ने जीर्णशीर्ण माध्यमिक स्कूल के भवन की वास्तविक स्थिति से अवगत हुए और यह पाया कि भवन को डिस्मेंटल कर नया भवन बनाये जाने हेतु अपना मत व्यक्त किया। साथ ही शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस अवसर पर कब बुलबुल के बच्चों ने सेल्यूट के द्वारा एसडीएम श्री जायसवाल का अभिवादन किया व कब प्रार्थना और झंडा गीत सुनाया। इस तरह से एसडीएम एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लालबर्रा श्रीराम तुरकर के द्वारा विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। जिसमें अर्ध्दवार्षिक परीक्षा व एफ एल एन की स्थिति को संतोषजनक पाया। साथ ही मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया और वह गुणवत्तापूर्ण भोजन पाये जाने पर प्रशंसा की और इसी तरह गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाये जाने एवं साफ सफाई का ध्यान रखने की बात कही है। वहीं स्काउट मास्टर हरिप्रसाद देशमुख ने राष्ट्रीय स्तर पर कब बुलबुल उत्सव में शामिल होने वाले बच्चों का अधिकारियों से परिचय करवाया। जिसके बाद एसडीएम के हस्ते बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक



सत्यप्रकाश डोंगरे, शिक्षक हरीप्रसाद देशमुख, शिक्षिका श्रीमती आशा ठाकरे, श्रीमती तोषीया बिसेन, श्रीमती सरिता देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत लोहारा धनेंद्र कड़पेती, सचिव कपिल अमूले, हल्का पटवारी अभिषेक प्यासी, कोटवार अरविंद चौधरी, बीआरसी कार्यालय से लिपिक दीपांकर मेश्राम, रसोईया सुश्री माया दावने, श्रीमती अनिता भालेकर, श्रीमती धनवंता कड़पेती, श्रीमती कानतन कड़पेती एवं बच्चें उपस्थित रहे।

# बिना पंचनामा अधिकारी कर रहे जांच, किसानों में जबरदस्त आक्रोश

## बुदबूदा महादेव नाले पर ५५ लाख के क्षतिग्रस्त स्टाफ डैम का मामला



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बुदबूदा के नदीटोला में महादेव नाले पर ५५ लाख रुपये की लागत से निर्मित स्टाप डेम निर्माण के कुछ दिनों बाद क्षतिग्रस्त होने के मामले में शुक्रवार को अधिकारियों के द्वारा जांच की गई। यह जांच कटघरे में नजर आ रही है जहां ग्रामीणों के द्वारा जिला पंचायत के द्वारा बनाई गई जांच टीम पर पंचनामा बनाये बिना कागजी कार्यवाही किये बिना ग्रामीणों से पूछताछ किये बिना की गई कार्यवाही पर सवाल उठाए जा रहे हैं। तो वहीं जांच दल पर खानापूर्ति के अलावा कुछ ज्यादा नही करने का आरोप लगाया जा रहा है। जहां किसानों में भारी आक्रोश शासन प्रशासन के खिलाफ व्याप्त है। वहीं उनके द्वारा शासन प्रशासन से विधिवत निष्पक्ष जांच करने की मांग की जा रही है।**

### क्षतिग्रस्त निर्माण का अवलोकन कर लौटा जांच दल

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष २०१६ से २०२१ के बीच ग्राम पंचायत बुदबूदा के माध्यम से रमरमा से आने वाले महादेव नाले पर नदीटोला के पास में किसानो मवेशियों एवं ग्रामीणों की सुविधा के लिए शासन के द्वारा स्टाप डेम स्वीकृत करवाया गया था। जिस पंचायत के द्वारा निर्माण करवाया गया जिसमें स्टाप डेम रिटर्निंग वॉल पनघट झाड़ी छटाई इस प्रकार चार कार्यों की स्वीकृति करीब ५६ लाख रुपए की हुई। जिसमें निर्माण के बाद यह स्टाफ डेम क्षतिग्रस्त हो गया जिससे किसानों की कृषि भूमि का कटाव होने लगा। जिसको लेकर किसान घनश्याम पटले सहित अन्य लोगों के द्वारा शिकायत की गई थी। जिसमें जिला पंचायत ने जांच दल गठन के बाद जांच नहीं हो पाई। तो पुन: शिकायत की गई जिस पर शुक्रवार को जिला पंचायत बालाघाट का बनाया हुआ जांच दल मौके पर पहुंचा। जहां उनके द्वारा निर्माण कार्य का अवलोकन कर आवेदक से पूछताछ की गई। परंतु मौके पर ना ही पंचनामा कार्यवाही की गई ना ही कोई कागजी कार्यवाही की गई। वह आवेदक से चर्चा कर वापस लौट गये इस दौरान किसी ग्रामीण या पंचायत के लोगों से कोई चर्चा नहीं की गई। ऐसे में किसानों के द्वारा जांच दल के द्वारा की गई जांच पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। जिसको लेकर उक्त व्यक्तियों के द्वारा जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मुलाकात कर कार्यवाही के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। परंतु वहां भी उन्हें नहीं मिल पाई ऐसे में उनके द्वारा शासन प्रशासन से निष्पक्ष रूप से घटिया सामग्री से किए गए निर्माण और गुणवत्ता हीन निर्माण में जिम्मेदार दोषियों पर कठोर कार्यवाही और शासन की दुरुपयोग की गई राशि की भरपाई करवाने की मांग कर रहे हैं।

### घटिया निर्माण में तत्कालीन सचिव और पूर्व सरपंच शर्मिला बिसेन पर कार्यवाही हो- कचरूलाल

पंच कचरूलाल पंचतिलक ने बताया कि जनपद हम आए हुए थे महादेव नाले में एक घाट है वहां पर घनश्याम पटले सहित अन्य किसानो की खेती है। वहां नाले पर रिटर्निंग वॉल स्टॉप डैम का घटिया निर्माण सामग्री से बनाया गया था। जो टूट गया है बड़ी.बड़ी दरारें आ गई है वहीं स्टाफ डैम के पिलर को इंजीनियर ने मशीन लगाकर तोड़ा था। यह २०१६ से २०२१ के बीच बना उसके बाद रिटर्निंग वॉल बनी इसमें करीब ३७ लाख का निर्माण कार्य और १८ लाख की झड़ी छटाई है। कुल ५५ लाख का काम था रिटर्निंग वॉल में लोहा नहीं डाला गया है जिससे उसमें दरारें आ गई है। शिकायत हुई तो तीन माह पहले जांच टीम बनी पर वहां आई नहीं। फिर शिकायत की गई जिसमें तीन दिन पहले जांच टीम आई थी तो उन्होंने किसी ग्रामीण या पंचायत के व्यक्ति से बात नहीं की केवल आवेदक को अकेले में ले जाकर पूछताछ की गई। मात्र बात किये अवलोकन किये उसके अलावा कुछ नहीं हुआ हम चाहते हैं की निष्पक्ष जांच हो जिम्मेदारों पर कार्यवाही हो। अन्यथा पुन: आवेदन देकर जांच की मांग की जाएगी और फिर भी कुछ नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे। इस घटिया निर्माण में तत्कालीन सचिव वल्के पूर्व सरपंच, शर्मिला बिसेन इंजीनियर तरुण चौकसे जिम्मेदार है।

### पूर्व सरपंच शर्मिला बिसेन सहित अन्य पर कार्यवाही नही हुई तो आंदोलन करेंगे-घनश्याम

किसान घनश्याम पटले ने बताया कि नदीटोला बुदबुदा के हम रहने वाले हैं मामला घटिया निर्माण का है। स्टॉप डेम रिटर्निंग वॉल का घटिया निर्माण किया गया था। उस समय तत्कालीन सरपंच शर्मिला बिसेन ,इंजीनियर तरुण चौकसे एवं सचिव वल्के था इन लोगों ने यह निर्माण किया थे। करीब ५५ लाख का पूरा काम था जो पूरा टूट चुका है जिससे किसानों की जमीन का कटाव भी चालू हो गया है। क्योंकि पानी परेशानी बना हुआ है इसकी शिकायत हमने जनपद पंचायत ,जिला पंचायत ,जनसुनवाई ,जिला कलेक्टर ,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १८१ सभी जगह किये थे। अभी शुक्रवार को जांच अधिकारी आए थे उनकी बातों से यह हम संतुष्ट नहीं है। मैं चाहता हूं कि निर्माण की सही जांच हो दोषियों पर कार्यवाही हो शासन की राशि का जो दुरुपयोग किया गया है वह वापस भरपाई करवाई जायें। अभी हमारा जमीन का कटाव हो रहा है खेती बर्बाद हो रही है इस मामले में हमने पूर्व सरपंच शर्मिला बिसेन से बात भी करे तो वह लीपापोती करने में लगी रही कि देखते हैं कर देंगे हो जायेगा। यह दोषियों पर कार्यवाही होना चाहिए अन्यथा आंदोलन पर पूरे ग्रामीण के साथ बैठेंगे।

## स्मार्ट फिश पार्लर का नपा ने किया शुभारंभ

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** संचालनालय मत्स्योद्योग भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनान्तर्गत स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका के द्वारा गाइडलाइन के अनुसार स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे एवं पार्षदों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना से स्वच्छ, ताजी एवं गुणवत्तापूर्ण मछली एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। यह पहल स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ साथ उपभोक्ताओं की सुविधा को भी सुदृढ़ करेगी। नगर पालिका वारासिवनी जिले की ६ नगरीय निकायों में प्रथम है, जिसने स्मार्ट फिश पार्लर का कार्य पूर्ण कर उद्घाटन किया। यह स्थानीय मछुआरों एवं विक्रेताओं के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा। जिससे उन्हें उचित मूल्य के साथ नियमित रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह पहल आत्मनिर्भरता एवं स्थानीय व्यवसाय को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार स्मार्ट फि श पार्लर की स्थापना फि श मार्केटिंग ब्रांडिंग कार्यक्रम के अंतर्गत की गई है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को ताजी, स्वच्छ एवं हाईजेनिक परिस्थितियों में मछली उपलब्ध कराई जाएगी। स्मार्ट फि श पार्लर में स्वच्छता, कोल्ड स्टोरेज, डिजिटल तौल प्रणाली एवं आधुनिक रख रखाव की व्यवस्था की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस दौरान धर्मेश जोशी, प्रवीण डोंगरे,मोनू लिमजे, मनोज दांदरे, शैलेन्द्र तिवारी, राजेश बॉबी परिहार, सुनील बंटी पारधी, श्रीमती अंशिका चौहान ,मछुआ समाज के हितग्राही, नागरिकगण एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




# गर्डर लांच का कार्य हुआ पूर्ण

## रेल्वे ओवर ब्रिज का विधायक पटेल और एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने किया निरीक्षण





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** सड़क एवं पुल पुलियां किसी क्षेत्र के लिए विकास की अहम कड़ी होती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रो के साथ साथ शहर का रास्ता भी खुलता है पुल पुलियां बनने से सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण क्षेत्रो की जनता को होता है। इसी के तहत ग्राम वारा रेल्वे ओवरब्रिज पूर्णत:की ओर है। बुधवार की बीती रात्रि प्रदेश के दूसरे सबसे लंबे ७६ मीटर लंबाई और १२ मीटर ऊंचे वाले गर्डर का काम भी बड़ी क्रेन मशीन के द्वारा लगभग पूर्ण हो चुका है। गुरुवार को विधायक विवेक पटेल ने एसडीएम कार्तिकेय जयसवाल,एसडीओ अर्जुन सनोडिया के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान सब इंजीनियर अनिल मेश्राम ,राजकुमार चौधरी, जैसराज पारधी,छगन हनवत, संदेश बिसेन मौजूद रहे। वारासिवनी बालाघाट मार्ग स्थित वारा के समीप बन रहें रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण वैनगंगा कंट्रक्शन कम्पनी बालाघाट द्वारा किया जा रहा है। इस पुल की लम्बाई ४५८ मीटर हैँ जिसका निर्माण कार्य २३ मार्च २०२४ को शुरू किया गया था और अक्टूबर २०२५ तक पूर्ण करना था। मगर कुछ परेशानियों के कारण अब यह पुल मार्च.अप्रैल तक पूर्णत: बनकर तैयार होकर आवागमन शुरू हो जाएगा। इस पुल का निर्माण १५ करोड़ ८ लाख रुपयों की लागत से बालाघाट की वैनगंगा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बुधवार की रात्रि जब रेल्वे के अधिकारी व ठेकेदार की मौजूदगी में गर्डर का कार्य किया जा रहा था तब वहां निवासरत ईश्वरदयाल पटले का मकान आनन फानन में खाली करवाया गया। और कार्य के दौरान मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हुई है कंपनी के अधिकारीयों के उन्हें आश्वस्त किया है उसे ठीक करवाकर दिया जाएगा। विधायक विवेक पटेल ने कहा जनता को जिस समय का इंतजार था अब वह पूर्णत:की ओर है। गर्डर का काम भी पूर्ण हो चुका है। ट्रेन आने के समय रेल्वे का फाटक बंद कर दिया जाता हैँ जिससे नागरिकों को वहाँ खड़े रहना पड़ता था। रेल्वे ओवर ब्रिज का पुल बनने के बाद विकास को एक नई दिशा मिलेगी ग्रामीण क्षेत्रो के रहवासियों को सीधे वारासिवनी बालाघाट और महाराष्ट्र जाने में आसानी होंगी और लोगो को आने जाने में समय की बचत होंगी। साथ ही शिक्षा रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

## शासकीय उ.मा.वि भेंडारा में आयोजित हुआ एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडारा में शासन की मंशा अनुरूप विशेषज्ञ चर्चा एक्सपर्ट टॉक का आयोजन संस्था के प्राचार्य रविकांत नगपुरे की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर अलग अलग विभागों के १० विद्वान आमंत्रित किए गए। जिसमें थाना प्रभारी रामपायली दिलीप मौर्य, डॉ.जयश्री अरोरा ,श्री गोविंद टेंभरे शाखा प्रबंधक एसबीआई ,राजेश चौहान बीडीडीएस, विनोद पारधी ट्रेनिंग ऑफीसर आईटीआई किरनापुर,रामप्रसाद रामटेके एडवोकेट, आशीष बोपचे मध्य प्रदेश पुलिस, डॉ.आकांक्षा लांजेवार कृषि विस्तार अधिकारी ,सुरेंद्र बिसेन सेवानिवृत एसआई बीएसएफ एवं भेजेंद्र चौधरी स्काउट एवं गाइड जिला कोषाध्यक्ष




सम्मिलित हुए । इस अवसर पर भेजेंद्र चौधरी ने कहा कि योग एवं प्राणायाम हमें जीवन जीने की कला सिखाते है। उन्होंने छात्रों को प्रात: काल उठने, नियमित योग , प्राणायाम ,ध्यान एवं आत्मविश्वास के साथ जीवन में प्रत्येक लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा दी। श्री बिसेन ने छात्रों को सेना एवं सेना के विभिन्न पदों तथा उसमें शामिल होने हेतु तैयारी की जानकारी प्रदान की। श्री मौर्य ने छात्रों को मोबाइल एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया। उन्होंने बायोमेट्रिक फ्रॉड पीडीएफफ्रॉड, लिंक फ्रॉड आदि से बचने हेतु जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। स्वास्थ्य विभाग से डॉ अरोरा ने कहा कि शरीर और मन से स्वस्थ रहना ही सही अर्थों में अच्छा स्वास्थ्य कहलाता है। श्री टेंभरे ने छात्रों को मुद्रा योजना, शिक्षा लोन,औद्योगिक लोन आदि की जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक सदा आपकी सेवा और आर्थिक सहयोग के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रमुख आर के नगपुरे ने कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन से हमारे विद्यार्थियों का भविष्य अवश्य ही उज्जवल होगा। मध्य प्रदेश शासन के ऐसे प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन व रोजगारोन्मुखी शिक्षा की ओर विशेष कदम है जो पीएम श्री विद्यालय की मुख्य परिकल्पना है।

## प्रदेश के दूसरे सबसे लंबे ७६ मीटर लंबाई और १२ मीटर ऊंचे वाले गर्डर का काम बड़ी क्रेन मशीन से किया पूर्ण -प्रदीप जायसवाल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने आरओबी वारा फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य के अंतिम चरणो के कार्यो का निरिक्षण किया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की साउथ सेन्ट्रल रेल्वे के सबसे बडे बोस्टिंग गर्डर की स्थापना का कार्य तेज गति से सतत रूप से शुरू हो चुका है। लगभग ३२ करोड़ के इस कार्य में ७६ मीटर लंबे और १२ मीटर उंचे इस गर्डर का कार्य सबसे बडी क्रेन मशीन से फरवरी के अंतिम सप्ताह में पूर्ण कर लिया जायेगा। साथ ही शेष दो स्लैब के निर्माण के साथ ही अप्रैल २६ के अंतिम सप्ताह तक इस ओवर ब्रीज का कार्य समाप्त कर जनता को समर्पित कर दिया जायेगा। श्री जायसवाल ने कहा की हमने ओवर ब्रीज के भूमीपूजन के पूर्व ही दूरदर्शिता का परिचय देते हुये गायत्री मंदिर से वारा बायपास मार्ग और शिवधाम की नहर पर दो पूलिया का कार्य पूर्ण कर दिया था। जिससे वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर भारी ट्रेफिक के बाद भी आवागमन सतत रूप से शुरू रहा था। और अब हम शिवधाम के बायपास मार्ग को भी हम जल्द बनाने के विषय में गंभीर हो चुके है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल, पीडब्लूडी ब्रिज विभाग के एसडीओ अर्जून सनोडिया, नपा के मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, रेल्वे टीम के अधिकारी उपेन्द्र सिंह,सुनील बंटी पारधी, रितेश शर्मा, मोनू लिमजे, जसवंत पटले, राकी गिडवानी उपस्थित रहे। वारासिवनी से जिला मुख्यालय मार्ग पर सबसे ज्यादा आवागमन दिनभर बना रहता है। इसी मार्ग पर वारा में रेल्वे फाटक होने से दिन में दर्जनो बार वाहनो के रूकने की परेशानी का अब अंत होने जा रहा है। अप्रैल माह के अंत में इस फ्लाई ओवर के शुरू होने की प्रसन्नता क्षेत्रवासीयो मे साफ साफ देखी जा रही है। जिससे समय व ईंधन की बचत के फायदे भी जनता को समझ में आ गये है। विशेषकर इसी मार्ग पर सांदीपनि विद्यालय होने से हजारो स्कूली विधार्थीयो की खुशी भी शामिल है।




## आलेझरी में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का आज होगा अनावरण

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत आलेझरी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की नवनिर्मित प्रतिमा,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष की विधायक निधि से निर्मित प्रवेशद्वार एवं राशन दुकान सह गोदाम का लोकार्पण आज शुक्रवार ३० जनवरी को क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल ,अध्यक्षता विधायकद्वय संजय सिंह उइके ,अनुभा मुंजारे ,पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष दिनेश धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरीश नगपुरे के मुख्यातिथि एवं कांग्रेसी जनपद सदस्यों के विशेष आथित्य में आयोजित किया गया है।

## सरस्वती विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में २६ जनवरी को गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ हर्ष उल्लास के साथ मनाई गयी। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि सुरेंद्र बिसेन सेवानिवृत्ति सैनिक, अध्यक्षता प्रवीण पारधी ,ज्ञान विकास समिति अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, सचिव विजय तेलास्कर ,उपाध्यक्ष संजय मांधाता ,सहसचिव शौर्य रुसिया ,सदस्य अजीत जैन ,श्रीमती चेतना देवरस ,श्रीमती निर्मला पटले ,राजेश सिंघई ,ऋषि तिवारी ,संदीप रुसिया ,ज्ञानीराम पटले ,अधीक्षक जितेंद्र टेंभरे ,प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा की उपस्थित में प्रारंभ किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम भारत माता ,मां सरस्वती ,महात्मा गांधी ,डॉ भीमराव आंबेडकर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि के हस्ते राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराया गया। वहीं सामूहिक ध्वज प्रणाम कर राष्ट्रगान गाया गया। इसमें उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में देश में संविधान लागू होने की बात कहते हुए अपने देश के प्रति समर्पित रहने की बात बताकर गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें गणेश वंदना नृत्य से प्रारंभ करते हुए विभिन्न नृत्य गीत भाषण की प्रस्तुति छात्र छात्राओं ने दी। इसमें नर्सरी से लेकर कक्षा नवमी तक की प्रत्येक कक्षा से प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य दयानंद धुवारे के द्वारा करते हुए आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर छात्र.छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक गण सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




## विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन १ फरवरी को

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** भारत तिब्बत समन्वय संघ के महाकौशल प्रांताध्यक्ष डॉ. नीरज अरोरा ने विज्ञप्ति जारी कर सभी सकल हिन्दू समाज से आव्हान किया है कि १ फरवरी २०२६ को रानी अंवती बाई स्टेडियम में होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित होकर अपने धर्म के प्रति आस्था प्रकट करें। साथ ही हिन्दू एकता का परिचय दें हमारा हिन्दू सनातन धर्म जो सबसे पुरातन है और शाश्वत है हमारे वेद एवं धर्म ग्रंथ आधुनिक विज्ञान के जनक है। इन पर ही अनुसंधान करके विश्व नई तकनीको का अविष्कार कर रहा है। अत: अपने बहुमुल्य समय में से कुछ समय निकालकर इस विराट हिन्दू सम्मेलन में अवश्य उपस्थित हो। जिसमें अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील डॉ नीरज अरोरा ,प्रदीप श्रीवास्तव, राकेश सोनी, लोकचंद ठाकरे, मधु अग्रवाल, शरद आड़े ,संतोष चौहान ने किया है।



आवश्यकता है
वारासिवनी कार्यालय में केबल में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टैण्ड, वारासिवनी

बालाघाट एक्सप्रेस

संपादकीय

### सत्य एक व्रत की तरह है

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।


उदन्त मार्त्तण्ड

इस कागज के प्रकाशक का इश्तेहार

*विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन ने न केवल राज्य के एक कद्दावर नेता को छीना है, बल्कि वह धुरी भी हिला दी है, जिसके इर्द-गिर्द विगत तीन दशकों से राज्य की राजनीति में सत्ता का संतुलन घूमता रहा।*

# अजित पवार का जाना

विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन ने न केवल एक कद्दावर नेता को छीना है, बल्कि राज्य की राजनीति की वह धुरी भी हिला दी है, जिसके इर्द-गिर्द विगत तीन दशकों से सत्ता का संतुलन भी घूमता रहा। अजित पवार की राजनीति की शुरुआत अपने चाचा शरद पवार की छत्रछाया में जरूर हुई, लेकिन अजित का रास्ता कई बार उनसे अलग और विपरीत भी रहा। शरद पवार जहां धैर्य, संतुलन और दीर्घकालिक रणनीति के लिए जाने जाते हैं, वहीं अजित पवार त्वरित फैसलों, सत्ता के समीकरणों और व्यावहारिक राजनीति के प्रतीक बने। राजनीति में अपने कॅरिअर की शुरुआत उन्होंने कांग्रेस पार्टी से की, जहां शरद पवार पहले से ही एक शीर्ष नेता थे। जब शरद पवार ने 1999 में कांग्रेस छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का गठन किया, तो अजित पवार ने भी उनका अनुसरण किया और पार्टी में तेजी से आगे बढ़े। वह महाराष्ट्र से सांसद और विधायक रहे तथा विभिन्न सरकारों में राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया। 2023 में, अजित अपने चाचा की पार्टी से अलग होकर पार्टी सदस्यों के एक बड़े समूह के समर्थन से राज्य की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गए। उनके इस विद्रोह ने उन्हें उपमुख्यमंत्री का पद तो दिलाया, लेकिन एनसीपी को दो गुटों में बांट दिया और परिवार के भीतर दशकों से चली आ रही एकता को समाप्त कर दिया। दरअसल, अजित पवार सत्ता की राजनीति की सबसे यथार्थवादी धारा के प्रतिनिधि थे। हालांकि, भ्रष्टाचार के आरोप, सत्ता के लिए वैचारिक समझौते और पारिवारिक राजनीति की तीखी आलोचना-यह सब उनके राजनीतिक सफर का हिस्सा रहा, लेकिन वह जानते थे कि राजनीति में निष्ठाएं स्थायी नहीं होतीं और नैरेटिव भी बदलते रहते हैं। वह एक अच्छे प्रशासक थे। सहकारी आंदोलन से जुड़ाव और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की समझ ने उन्हें जनता के एक बड़े वर्ग से जोड़े रखा। वह उन नेताओं में से थे, जो आंकड़ों की अहमियत समझते थे और गांव-चौपाल की राजनीति की भी। अजित दादा, जैसा कि लोग प्यार से उन्हें बुलाते थे, की अचानक विदाई से एनसीपी के दोनों ही गुट असमंजस में तो हैं ही, हालिया नगर निगम चुनावों के दौरान दोनों गुटों के बीच सुलह के मद्देनजर ध्यान देने वाली बात होगी कि राज्य के राजनीतिक समीकरणों में अब क्या बदलाव आते हैं। पुनर्मिलन की भले गारंटी न हो, लेकिन यह तो है ही कि अजित पवार की मौत से महाराष्ट्र की राजनीति एक नए मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है।

### अजित पवार के जाने से महाराष्ट्र में आई सियासी शून्यता, बन सकते हैं नए समीकरण

# अजित दादा बिन कैसी होगी राजनीति

–गंगाधर ढोबले(मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार)

अजित पवार के अचानक चले जाने से महाराष्ट्र की राजनीति पर दूरगामी असर होंगे। सरकार, एनसीपी, पवार घराना, मराठा राजनीति, आरक्षण, चीनी लॉबी, सहकारिता क्षेत्र सभी प्रभावित होंगे इस हादसे से। कभी बारामती और पवार घराने के इर्दगिर्द –घूमने वाली महाराष्ट्र गया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में दिखाई नहीं देती। की राजनीति में एक ऐसा शून्य पैदा हो।

### नेतृत्व का संकट।

राज्य में इस समय ट्रिपल इंजन सरकार चल रही है। अजित दादा के रूप में उसका एक इंजन पटरी से उत्तर गया है। विधानसभा में अजित गुट के 41 विधायक हैं, जबकि एकनाथ शिंदे के 57 और ब्ब्छ्ब्क के 132 विधायक। बहुमत का आंकड़ा 145 का है। जाहिर है कि सरकार पर अजित दादा के चले जाने का असर नहीं होगा, लेकिन उनके गुट में नेतृत्व शून्यता की स्थिति पैदा होगी।

### मुश्किल प्रश्न।

अजित की एनसीपी अभी बीजेपी और शिंदे सेना के

> टकराव और अवसर
> एनसीपी अजित गुट के भीतर हो सकता है पद का संघर्ष
> पवार परिवार में
> मराठा राजनीति बदलेगी, बीजेपी के लिए बनेगा मौका

साथ महायुति में है। अब तक दो उपमुख्यमंत्री थे, उनके जाने के बाद एक पद खाली हो गया। अजित गुट इस पद का दावेदार अवश्य बना रहेगा। वहां अभी कोई सर्वमान्य चेहरा उभरता नहीं दिख रहा, फिर भी छगन भुजबल जैसे कुछ नेता अपना दावा ठोंक सकते हैं। इससे आपस में संघर्ष पैदा होगा। यह संघर्ष गुट को कहां ले जाएगा, कितने गुट में बने रहेंगे या कहीं और चले जाएंगे या गुट महायुति में बना रहेगा या नहीं- ये ऐसे प्रश्न हैं जिनका जवाब देना संभव और जायज होता है। तीन चेहरे । एक संभावना आज मुश्किल है। राजनीति में सब कुछ यह बनती है कि शरद पवार गुट और अजित पवार गुट दोनों आपस में मिल जाएं। इस तरह के प्रयोग हाल के चुनाव बढ़ा तो एकीकृत् एनसीपी का नेतृत्व कौन करेगा, यह सवाल बना ही रहेगा। इस पर पवार परिवार में तीन नाम उभर सकते हैं- एक शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले, दूसरी अजित दादा की पत्नी सुनेत्रा और तीसरे उनके पुत्र पार्थ। वहाँ सब एकजुटता की उम्मीद में हैं। यह प्रयोग आगे भी जारी रह सकती है पर अपार मुश्किलें भी हैं।

### अभी विलय मुश्किल ।

सुप्रिया सुले के पास अभी अपने पिता शरद पवार के गुट का नेतृत्व है। उनके कारण ही अजित पवार हट गए और एनसीपी दो



टुकड़ों में बंट गई। सुप्रिया अभी सांसद हैं। उनकी भाभी सुनेत्रा बारामती से लोकसभा चुनाव हार गई थी, लेकिन बाद में राज्यसभा सांसद बन गई। दोनों ननद-भौजाई सौम्य स्वभाव की हैं। अजित के पुत्र पार्थ, मावल से लोकसभा का चुनाव हार गए थे। राजनीति में उनका वजूद अभी जमा नहीं है। नेतृत्व को लेकर असहमति के चलते दोनों गुटों का एक होना तत्काल संभव दिखाई नहीं देता। इसलिए अजित गुट का अस्तित्व अभी बना रह सकता है और उनमें आपस में नेतृत्व के मतभेद टालने के लिए तात्कालिक तौर पर सुनेत्रा को प्रमुख बनाया जा सकता है। अजित और शरद गुट एक होते हैं या नहीं, लेकिन बीजेपी फायदे में ही रहेगी। शिंदे गुट भी ताकतवर बना रह सकता है।

### बीजेपी से जुड़े हैं।

सुनेत्रा, पद्मसिंह पाटील घराने से ही है। उनके कारण ही अजित दादा बीजेपी के करीब आ गए थे।

### आरक्षण आंदोलन ।

अजित पवार के कारण मराठा आरक्षण आंदोलन पर अंकुश रहा, लेकिन अब वह जोर पकड़ सकता है। ऐसा लग रहा है कि जो इस आंदोलन को सक्षम नेतृत्व देगा, वही आगे मराठों का नेतृत्व करेगा। पर इससे मराठों और छगन भुजबल के नेतृत्व में ओबीसी के बीच टकराव बढ़ सकता है। इसका सत्ता के गलियारों पर भी असर पड़ेगा।

### नया टकराव।

महाराष्ट्र की सहकारिता चीनी मिलें मराठों की राजनीति का केंद्र रही हैं। शरद पवार को अजित ने ही वहां चुनौती दी थी। अजित जैसे धाकड़ नेता के नहीं रहने से शरद पवार वहां अपने पैर फिर से जमा सकते हैं, लेकिन उनकी उम्र आड़े आएगी। पहले जैसी सक्रियता नहीं रहेगी। इसलिए वहां पैर पसारने का बीजेपी को अवसर मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो पश्चिम महाराष्ट्र में बीजेपी हावी हो सकती है। शिंदे की सेना वहां बीजेपी को रोकने की कोशिश अवश्य करेगी। इसलिए मराठों और बीजेपी में संघर्ष का नया मैदान उभर सकता है। 2029 के चुनाव तक ऐसी स्थिति बन सकती है। राजनीति में किसी के जाने से रिक्तता तो आती ही है, लेकिन यही रिक्तता नए संघर्ष भी पैदा करती है।

### मराठा बिखरे हुए ।

मराठा राजनीति में भी अजित के जाने से पैदा हुई शून्यता भर पाना मुश्किल है। मराठा वैसे भी कई गुटों में बिखर चुके हैं। एनसीपी दो गुटों में बंटी है शरद पवार और अजित पवार गुट। वहीं, पृथ्वीराज चव्हाण और दिवंगत विलासराव देशमुख से जुड़े नेता अब भी कांग्रेस के साथ है। दूसरी ओर है अशोक चव्हाण गुट और पद्मसिंह पाटील गुट।




प्रतिदिन अपने डर को परास्त करते हुए एक छोटा कदम बढ़ाना ही अंततः मंजिल तक पहुंचाता है। नियति केवल उन्हीं का मार्ग प्रशस्त करती है, जो गतिमान हैं, और जो खुद को चुनौती देने का साहस रखते हैं।

**-टोनी हसीह**

## बदलाव की शुरुआत आज से ही करें

जीवन का वास्तविक मर्म मात्र सुरक्षा और सुख-सुविधाओं के घेरे में सिमटे रहना नहीं है, अपितु स्वयं को निरंतर चुनौतियों की अग्नि में तपाना और प्रतिपल स्वयं को श्रेष्ठ बनाने की ओर अग्रसर होना है। यदि हम ऐसे परिवेश, व्यवसाय अथवा परिस्थितियों की बेड़ियों में जकड़े रहे, जहां न नवीन ज्ञान का प्रकाश हो और न ही उन्नति का कोई द्वार, तो शनैः शनैः हमारा उत्साह क्षीण होने लगता है, जिज्ञासा की लौ बुझ जाती है और आत्मविश्वास का स्तंभ डगमगाने लगता है।

मानवीय प्रकृति का मूल स्वभाव ही अनंत विस्तार, निरंतर अधिगम और अपनी परिधियों को लांघना है। इसके लिए यह आत्म-चिंतन जरूरी है कि क्या आज हमने कुछ नया आत्मसात किया और क्या हम बीते हुए कल से अधिक प्रखर बन पाए हैं? जिस प्रकार मार्ग अवरुद्ध होने पर एक वेगवती नदी भी दूषित हो जाती है, ठीक उसी प्रकार प्रगति का मार्ग त्याग देने पर मनुष्य का अंतर्मन क्लांत और कुंठित हो जाता है, इसलिए स्वयं की गति को कभी मंद न होने दें। जिंदगी का सबसे कटु सत्य यह है कि जीवन में सबसे बड़ा जोखिम कोई जोखिम न लेना ही है। यदि हम मात्र सुरक्षा के छलावे में अपने सपनों की बलि चढ़ा देते हैं, तो यह अपनी आत्मा के साथ किया गया सबसे बड़ा अन्याय है, क्योंकि व्यक्तिगत विकास की पुष्पलता हमेशा संघर्ष और असहजता की भूमि पर ही पल्लवित होती है। जब हम स्वयं को कठिन चुनौतियों के सामने खड़ा करते हैं, तभी हमारी सुप्त शक्तियां जागृत होती हैं और हमारी असली क्षमता प्रकट होती है। सीखने की यह प्रक्रिया जीवन के अंतिम क्षण तक अनवरत चलती रहनी चाहिए, क्योंकि आयु और अनुभव के किसी भी पड़ाव पर नवीन कौशल, मौलिक विचार और अभिनव दृष्टिकोण ही हमें जीवंतता का बोध कराते हैं। स्वयं को शिक्षित और दीक्षित करना ही सर्वश्रेष्ठ निवेश है, जिसका लाभांश अटूट शक्ति के रूप में प्राप्त होता है।

आपका कर्म केवल धनार्जन का माध्यम मात्र नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें आपके जुनून की सुगंध और जीवन के उच्च उद्देश्यों की गूंज भी होनी चाहिए। जब आप किसी ऐसे लक्ष्य के प्रति समर्पित होते हैं, जहां आपकी बुद्धि का विस्तार हो और आपको चुनौतियां मिलें, तो कठिन परिश्रम भी आनंद का पर्याय बन जाता है; वहां थकावट तो होती है, पर मानसिक टूटन नहीं, क्योंकि आप जानते हैं कि आपकी यात्रा अर्थपूर्ण है। प्रतिदिन अपने डर को परास्त करते हुए एक छोटा कदम बढ़ाना ही अंततः आपको आपकी मंजिल तक पहुंचाता है। स्मरण स्मरण रहे, नियति केवल उन्हीं का मार्ग प्रशस्त करती है, जो गतिमान हैं, और जो स्वयं को चुनौती देने का साहस रखते हैं। ऐसा इन्सान ही स्वयं के वास्तविक स्वरूप को खोज पाता है। इसलिए, वर्तमान की संतुष्टि में बंधकर रुकिए मत; सपने देखते रहिए, प्रश्न पूछते रहिए और निरंतर आगे बढ़ते रहिए, क्योंकि आपकी वास्तविक क्षमता आपकी वर्तमान हिम्मत की सीमाओं से कहीं अधिक विशाल और असीमित है।

### सूत्र - सीखें और आगे बढ़ें

जिंदगी निरंतर आगे बढ़ने वालों का पथ स्वयं प्रशस्त करती है। जो व्यक्ति स्वयं को चुनौती देने का साहस रखता है, वही अपने वास्तविक स्वरूप व सामर्थ्य को पहचान पाता है। इसलिए जहां हैं, संतोष करके वहीं रुक मत जाइए। बड़े सपने देखिए, प्रश्न पूछिए, सीखने की जिज्ञासा बनाए रखिए और पूरे आत्मविश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहिए।

**दूसरा पहलू**

*हरियाणा में नहरी पानी की सुरक्षा में डटे पहरेदारों की मुहिम सुनो नहरों की पुकार नहरों को साफ रखने की नई उम्मीद जगाती है।*

# पहरेदारों की गुहार! सुनो नहरों की पुकार

पीने के गंदे पानी से मध्य प्रदेश में हुई मौतों से कोहराम के बीच हरियाणा में नहरी पानी की सुरक्षा में डटे पहरेदारों की कोशिश नई उम्मीद जगाती है। इनकी एक ही गुहार है-सुनो नहरों की पुकार, यानी नहरों को गंदा मत करो। कारण यही कि सूबे के 40 फीसदी इलाके में सिंचाई और पीने का पानी इन्हीं नहरों से मिलता है।

सुनो नहरों की पुकार मिशन की शुरुआत रोहतक के ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. जसमेर सिंह ने चार वर्ष पहले की थी। वह बताते हैं कि जवाहरलाल नेहरू नहर और भालौठ सब ब्रांच (बीएसबी) का पानी हमारी जीवनरेखा है। इनसे हरियाणा के रोहतक, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और नारनौल से लेकर राजस्थान तक पानी पहुंचता है। लोग इनमें मूर्तियां, सिंदूर, चुनरी, फूल, प्लास्टिक की थैलियां और न जाने क्या-क्या फेंक देते हैं। यही देखकर नहरी पानी बचाने की ठानी। कुछ दिन अकेले जुटे, पर कहां-कहां सुरक्षा करते, कचरा हटाते? सो, डॉ. जसमेर ने सोशल मीडिया पर नहरों का दर्द साझा किया। इससे यह कारवां चर्चित साइकिलिस्ट मुकेश और धावक रणवीर मलिक जैसे 300 से अधिक लोगों तक पहुंच चुका है। नहर की पटरी पर कुछ घंटे रोजाना देकर ये लोग गंदगी फेंकने वालों को रोकते हैं और बताते हैं कि ये नहरें हैं, नाली नहीं। ये अब तक नहरों से हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और पंजाबी में लिखीं 70 श्रीमद्भगवद्गीता



निकाल चुके हैं। शिवपुराण और हनुमान चालीसा तो हजारों में हैं। नहरों से निकलीं प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां जींद जिले के श्रीगोविंद धाम, गातौली भेजी जाती हैं, जहां इनके चूरे से मंदिर के लिए ईंटें बनाई जाती हैं। यह टीम जान देने पहुंचे 100 से ज्यादा लोगों को भी बचा चुकी है। डॉ. जसमेर बताते हैं, 2023 में ग्रीन ट्रिब्यूनल की निगरानी समिति के अध्यक्ष प्रीतम पाल बीएसबी देखकर बोले-गंदे नाले में क्यों ले आए? उन्होंने हरियाणा सरकार और नगर निगम को नोटिस थमाया, तो पुलिस चौकी बना दी गई। साल भर संस्थाएं चौकन्ना रहीं। अब चौकी भी खत्म। नहरों में गंदगी डालने पर पांच साल तक की सजा के प्रावधान भी फाइलों में दाखिल-दफ्तर हैं। दिल्ली में यमुना पुलों की तरह नहरी पुलों में जाली की मांग भी अनसुनी ही है। सेवानिवृत्त चीफ ड्राफ्ट्समैन ईश्वर सिंह कहते हैं कि शुरू में लोग नहरों में ही विसर्जन की जिद करते थे। वह उन्हें समझाते कि शास्त्रों ने नदियों को मां का दर्जा दिया है। हम इनके पानी को जीवंत ईश्वर मानते हैं। इसमें पूजा सामग्री न फेंकें। हमें दे दें, तो गंगाजल छिड़ककर भूविसर्जन करा देंगे। धीरे-धीरे भरोसा बढ़ा है, और अब लोग इन्हें पटरी पर छोड़ने लगे हैं।

नहरों से निकलीं प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां श्रीगोविंद धाम, गातौली भेजी जाती हैं, जहां इनके चूरे से मंदिर के लिए ईंटें बनाई जाती हैं।

आज इस मिशन से 300 से अधिक चर्चित लोग जुड़ चुके हैं। इनके प्रयासों से अब लोग नहरों में मूर्तियां, सिंदूर, चुनरी, फूल, प्लास्टिक की थैलियां आदि नहीं फेंकते हैं।

**-नवीन सिंह पटेल**

**मुद्दा**

# ताकि बनी रहे रफ्तार

भारत विनिर्माण महाशक्ति बनने का जो सपना देख रहा है, एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स उसकी तैयारी और सीमाओं की तस्वीर पेश करता है।

जन शिरा एंड एसोसिएट्स द्वारा जारी %एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स 2026% में 11 प्रमुख एशियाई विनिर्माण अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत का छठा स्थान, तरक्की का संकेत भी है और भविष्य के लिए चेतावनी भी। बहुराष्ट्रीय कंपनियां अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र की स्थापना का निर्णय लेने के लिए इस वार्षिक सूचकांक पर पैनी नजर रखती हैं।

भारत का इस तालिका में चीन, मलयेशिया, वियतनाम, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से पीछे रहना उसकी घरेलू चुनौतियों को तो उजागर करता ही है, यह भी दर्शाता है कि क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी देश किस तेजी से सुधार कर रहे हैं। इसका संदेश बिल्कुल साफ है कि अगर क्रियान्वयन में धार, नवाचार में गहराई और लॉजिस्टिक्स में तेजी से सुधार नहीं किया जाता, तो जिस आपूर्ति-श्रृंखला विविधीकरण के अवसर का भारत लाभ उठाना चाहता है, वह उसी में पीछे छूट सकता है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव का असर एशिया की पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहा है। यूरोप अपने औद्योगिक आधार को नए सिरे से गढ़ने में लगा है। दक्षिण चीन सागर से लेकर पश्चिम एशिया और ग्रीनलैंड के आसपास आर्कटिक सीमा तक फैले भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। इस बदलते परिवेश में, विनिर्माण की प्रतिस्पर्धात्मकता का असली पैमाना अब %लचीलापन% हो गया है, यानी टैरिफ युद्धों को झेलने की क्षमता, तकनीकी बदलावों के साथ खुद को ढालने की ताकत और भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखने का कौशल। भारत की रैंकिंग को इसी संदर्भमें देखा जाना चाहिए। भले ही भारत के पास विशाल घरेलू बाजार, बेहतर बुनियादी ढांचा और बढ़ते कार्यबल जैसी ताकतें हैं, पर अब भी उसे ज्यादा फुर्ती और गंभीर नवाचार क्षमता की जरूरत है। सूचकांक में चीन शीर्ष पर बरकरार है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन का विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया में सबसे व्यापक बना हुआ है। इससे उसे कम समय में उत्पादन पूरा करने और लचीलापन बनाए रखने की ताकत मिलती है। मलयेशिया का दूसरे स्थान पर पहुंचना चौंकाने वाला है, जो उसके सुनियोजित प्रयासों का ही नतीजा है। वियतनाम, तीसरे स्थान पर खिसक गया है। चौथे और पांचवें स्थान पर काबिज सिंगापुर व दक्षिण कोरिया यह दिखाते हैं कि कैसे उन्नत अर्थव्यवस्थाएं एक स्थिर नीतिगत ढांचे के साथ नवाचार के पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़ सकती हैं। भारत का स्थान सम्मानजनक तो है. पर एशिया की विनिर्माण दौड़ में ठहराव का सीधा मतलब पिछड़ जाना है। भारत के पास अनुकूल जनसांख्यिकी और नीतिगत सुधारों की जबर्दस्त रफ्तार है। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी योजनाएं रणनीतिक क्षेत्रों को मजबूती दे रही हैं। विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ता प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वैश्विक भरोसे का प्रतीक है। पर सबसे बड़ी चुनौती बुनियादी ढांचे की है। लॉजिस्टिक्स दक्षता के मामले में हम अग्रणी आसियान देशों से भी पीछे हैं। सुधारों ने व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ाया है, पर राज्य स्तर पर प्रशासनिक प्रक्रियाएं अब भी धीमी और अनिश्चित हैं। हालांकि, वैश्विक टैरिफ युद्ध भारत के लिए जोखिम के साथ-साथ अवसर भी लेकर आए हैं। जैसे-जैसे कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखला को चीन से बाहर ले जाने के विकल्प तलाश रही हैं, भारत के पास खुद को एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में स्थापित करने का सुनहरा मौका है। पर इस अवसर को भुनाने के लिए निवेशकों को भरोसेमंद नीतियां, कुशल लॉजिस्टिक्स और श्रमबल चाहिए। इनके बिना, भारत मलयेशिया, वियतनाम या इंडोनेशिया जैसे देशों से भी पिछड़ सकता है, जो पहले से ही आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण का लाभ उठा रहे हैं। अनिश्चितता के इस दौर में, औद्योगिक क्षमता ही वास्तव में राष्ट्रीय सुरक्षा है। एक बहुध्रुवीय दुनिया में प्रमुख शक्ति बनने की भारत की आकांक्षा न केवल उसकी सैन्य शक्ति या कूटनीतिक आवाज पर, बल्कि उसकी औद्योगिक मजबती और लचीलेपन पर भी निर्भर करती है।

**-पत्रलेखा चटर्जी**



## इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** लेवाली के चलते गुरूवार को अनाज मंडी में तुअर बाजार उछाल पर रहे। चना सुर्खी पर रहा। उड़द भी बड़ाकर बोला गया। नई मसूर की दस्तक हुई। 5 बोरा नई मसूर आयी, जिसके सौदे 5651 रू. प्रति क्विंटल पर हुए। खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम रही। तिलहनों में सोयाबीन बाजार चढ़ गये। किराना बाजार में सुस्ती रही। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार तुअर में लेवाली के चलते भावों में जोरदार तेजी कायम रही। तुअर निमाड़ी मालों में बाजार 7000-8300 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। चना 100 रू. क्विंटल बड़ाकर बोला गया। उड़द में भी सुर्खी रही। खाद्य तेलों में व्यापार कमजोर रहा। किन्तु तिलहनों में सोयाबीन उछल गयी। उधर, किराना बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4040-4120, खोपरा गोला 335-375, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1300-1350, क्लीन 1500-1550, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1675-2150, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 2750-2900, विरूद्ध नगर 2800-2850, मीडियम 2950-3150, बेस्ट 3200-3350, एक्ट्रा बोल्ड 3350-3450, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 490-550, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 860-900, कैलिफोर्निया 780-795, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2700, (160) 2700-2800, (200) 3000-3200, (250) 3400-3500

**तेल-** सींगदाना 1660-1680, मुम्बई 1690, राजकोट तेलिया 2650, सोया साल्वेंट 1315-1335, सोया रिफाइंड 1378-1382, कपास्या 1325-1335, धूलिया 1335, कड़ी 1340,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1700-1725, मुम्बई पाम 1340, मुम्बई सोया 1390,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2350, देवास-उज्जैन 2350, खंडवा-बुरहानपुर 2225, अकोला 3600 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन-** सरसो 7000-7200, रायडा 6300-6500, सोयाबीन 5500-5700, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5400-5500, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5600-5700, एवरेज 5400-5500, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 8200-8300, एवरेज 8000-8100, हल्की 7800-8000, तुअर महाराष्ट्र 8100-8400, उड़द बेस्ट 8700-8800, एवरेज 8500-8600, शंकर 8200-8300, हल्की 8000-8100,

**दाल-** चना दाल एवरेज 7000-7200, मीडियम 7300-7400, बोल्ड 7500-7800, तुअर दाल सवा नं. 8400-8800, तुअर दाल फूल 10500-10800, तुअर दाल बोल्ड 11500-11700, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा-** इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

## इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** गुरूवार को विदेशी बाजारों की अगुवाई में स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 383000, चॉंदी (99) 382200, टंच 381500, सिक्का 4000, सोना 10 ग्राम 181000,

## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई। एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 8 पैसे की बढ़त के साथ ही 91.91 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 92.00 पर पहुंच गया। डॉलर की स्थिर मांग और वैश्विक स्तर पर सतर्कता के माहौल से घरेलू मुद्रा दबाव में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि बढ़ती भूराजनीतिक अनिश्चितता ने जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया जिससे उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.95 प्रति डॉलर पर खुला।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। आज आर्थिक सर्वेक्षण में अर्थव्यवस्था की विकास दर को लेकर जारी किए गए सकारात्मक अनुमानों से भी बाजार धारण मजबूत हुई जिससे भी बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 221.69 अंक बढ़कर 82,566.37 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 76.15 अंक बढ़कर 25,418.90 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान धातु और उर्जा शेयरों में तेजी से भी बाजार उछला है । निफ्टी धातु , निफ्टी उर्जा, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी प्राइवेट बैंक , निफ्टी इन्फ्रा , निफ्टी पीएसई और निफ्टी ऑयलएंडगैस के शेयरों में तेजी रही। की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.21 , निफ्टी



हेल्थकेयर , निफ्टी एफएमसीजी 0.91, निफ्टी फार्मा 0.81 , निफ्टी पीएसयू बैंक 0.79 , निफ्टी आईटी और निफ्टी ऑटो के शेयरों में गिरावट रही। आज लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मजबूती रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 102.40 अंक या 0.18 फीसदी की तेजी के साथ 58,541 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 34.05 अंक की बढ़त के साथ 16,825 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स के शेयरों में , एलएंडटी, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, एसबीआई, चडीएफसी बैंक , एसबीआई के शेयरों को लाभ हुआ जबकि इंडिगो, मारुति सुजुकी, बीईएल, एमएंडएम, टीसीएस, सन फार्मा, एचयूएल, ट्रेंट, टाइटन, आईटीसी के शेयरों में गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सुबह बीएसई सेंसेक्स लगभग सपाट शुरुआत करते हुए 82,368 अंक पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 254 अंक की गिरावट के साथ 82,090.12 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी-50 25,345 अंक पर खुलने के बाद 25,300 के स्तर से नीचे आ गया।

## बड़े नोट की परेशानी खत्म! एटीएम से अब छोटे नोट भी मिलेंगे

**नई दिल्ली। एजेंसी।** छोटे नोटों की कमी आम लोगों और दुकानदारों के लिए रोजमर्रा की समस्या है। खासकर दिहाड़ी मजदूर, छोटे दुकानदार और ऑटो चालक 10 और 20 रुपए के नोटों पर ही अपना काम चलते हैं। सरकार ने इस समस्या का समाधान करने के लिए हाइब्रिड एटीएम की योजना बनाई है। ये एटीएम न सिर्फ कैश निकालने की सुविधा देंगे, एबल्कि बड़े नोटों को छोटे नोटों में बदलने का विकल्प भी देंगे। शुरुआत मुंबई से की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन्हें बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड,



अस्पताल और सरकारी दफ्तर जैसी जगहों पर लगाया जा रहा है, जहां कैश का इस्तेमाल ज्यादा होता है। भारतीय रिजर्व बैंक छोटे नोटों की छपाई बढ़ाने पर विचार कर रहा है, ताकि एटीएम में नोटों की कमी न हो। सरकार का मकसद कैश को खत्म करना नहीं है, बल्कि इसे लोगों तक आसानी से उपलब्ध कराना है। हालांकि डिजिटल पेमेंट तेजी से बढ़ रहा है, पर कई लोग अभी भी कैश पर निर्भर हैं। बैंक इस एटीएम की लागत और सुरक्षा संभाल पाएंगे या नहीं, यह एक चुनौती है। इसके बावजूद हाइब्रिड एटीएम रोजमर्रा की खरीदारी में छोटे नोटों की समस्या को काफी हद तक कम कर सकते हैं और आम लोगों के लिए राहत साबित होंगे।

## रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार दोगुना, तकनीकी विशेषज्ञों की मांग बढ़ी

### एयर और एरोस्पेस सिस्टम में सबसे ज्यादा नौकरियां

**नई दिल्ली। एजेंसी।** पिछले तीन वर्षों में भारत के रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भर्तियों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। सीआईईएल एचआर के अध्ययन के अनुसार, 2022 में लगभग 3,500 लोगों को नियुक्त किया गया था, जबकि अब यह संख्या बढ़कर लगभग 7,000 हो गई है। अध्ययन में कहा गया है कि यह वृद्धि अल्पकालिक नहीं है, बल्कि सालाना आधार पर लगातार हो रही है, जो क्षेत्र में दीर्घकालिक आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण कार्यक्रमों की मजबूती को दर्शाती है। रक्षा क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की मांग में सबसे अधिक रडार सिस्टम, आरएफ इंजीनियरिंग और सुरक्षित संचार तकनीक के लिए है। विशेषज्ञों के वेतन में भी 2022 की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है। एयर और एरोस्पेस सिस्टम में सबसे ज्यादा नौकरियां निकल रही हैं, जो कुल मांग का एक तिहाई हैं। इसके बाद साइबर, सी4आईएसआर इलेक्ट्रॉनिक युद्धक सामग्री और अंतरिक्ष तकनीक का हिस्सा 26 प्रतिशत है। नौसेना और समुद्री प्रणाली से जुड़े पेशेवरों की मांग 19 प्रतिशत, लैंड सिस्टम 14 प्रतिशत और मानवरहित प्लेटफॉर्म 10 प्रतिशत है। रक्षा संगठन अपनी कुशलता बनाए रखने के लिए लगभग 20-25 प्रतिशत पदों पर आंतरिक कर्मचारियों को प्रमोट करते हैं। मिशन-क्रिटिकल टेक्निकल और प्रोग्राम लीडरशिप भूमिकाओं में लगभग आधे पद उत्तराधिकार योजना से भरे जाते हैं। सीआईईएल एचआर के एक व ?रिष्ठ अ ?धिकारी का कहना है कि युद्ध में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के कारण तकनीकी विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ी है। रडार, आरएफ और सुरक्षित संचार जैसी बुनियादी क्षमताओं के साथ एयरस्पेस क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। रक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र अब उच्च-कौशल और विश्वसनीय रोजगार का प्रमुख स्रोत बनता जा रहा है।




**मेष-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है, लेकिन आप बिजनेस में किसी के साथ पार्टनरशिप करेंगे, तो वह आपके लिए बेहतर रहेगा। पहले किए गए योजना से आपको बेहतर लाभ मिलेगा। आप मनमौजी खर्च करेंगे।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए बढि़या रहने वाला है। आपके घर परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा और किसी शुभ और मांगलिक का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने काम को लेकर पूरी मेहनत और ईमानदारी दिखानी होगी। आपके बॉस आपके काम से काफी खुश रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में निवेश कर सकते हैं।

**मिथुन-** आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा, क्योंकि आपके मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपने यदि किसी को कोई जरूरी जानकारी शेयर की, तो बाद में वह आपके लिए नुकसानदायक रहेगी।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे, जिससे दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा, लेकिन आपको अपनी किसी पुराने प्यार से भी मुलाकात हो सकती है। आप उस रिश्ते में बिल्कुल आगे ना बढ़ें, नहीं तो आपके जीवनसाथी और आपके बीच कड़वाहट की स्थिति उत्पन्न होगी।

**सिंह-** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढि़या रहने वाला है, उन्होंने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। आपके बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे और उन्हें आपके दिए गए सुझाव भी खूब पसंद आएंगे। धन-धान्य में वृद्धि होगी। आपको अपनी अंदर की कमियों को दूर करके अपने कामों में आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा, जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें भी किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने घर किसी इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं, लेकिन परिवार में चल रही कलह आपके लिए सिरदर्द बनेगी, इसलिए आपको उसे दूर करने की आवश्यकता है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको राजनीति में कोई बड़ा पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप बड़े सदस्यों के साथ मिलकर कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको ऑनलाइन शॉपिंग करने से बचना होगा, क्योंकि आपका इससे कोई भारी नुकसान हो सकता है।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आपको बिजनेस में भी फायदा होगा। यदि आपने काम को लेकर किसी से धन उधार लेने का सोचा था, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको अपनी संतान के लिए किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। आप रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे और आप कुछ नई चीजों की खरीदारी भी कर सकते हैं।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप अपनी जरूरत को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे और संतान को किसी कोर्स में दाखिला दिलाने के लिए कहीं बाहर भी जाना पड़ सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी सेहत को लेकर भी थोड़ा एतियात बरतनी होगी। यदि आप कार्यक्षेत्र में काम को लेकर लापरवाही दिखाएंगे, तो इससे आपको अपने बॉस से भी डांट खानी पड़ सकती है। राजनीति में आप सोच समझकर कदम बढ़ाएं।

**मकर-** आज आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रखेंगे और यदि आपने किसी नए काम को करने का सोचा था, तो उसके लिए भी आपको परिवार के सदस्यों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं, लेकिन आप यदि किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो कुछ समय रुक जाएं , तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपको अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है। बिजनेस से संबंधित यदि कोई काम आपका लटका हुआ था, तो उसे भी आप पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचें, क्योंकि आपके उस धन के वापस आने में समस्याएं खड़ी होगी।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आएगा। यदि आपने अपने कामों को समझदारी दिखाते हुए निपटाएंगे, तो उनसे आप आसानी से बाहर निकाल सकेंगे, क्योंकि जीवनसाथी की आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। संतान के संगति पर आपको विशेष ध्यान देना होगा।

## शब्दजाल - 8155

*शब्द जाल में यूरोपीय संघ के 10 सदस्य देशों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | आ | स्ट्रि | या | गा | ह | ट | झ | क | यू |
| बे | ल्जि | य | म | रिं | लै | ता | स्वी | शा | को | ना |
| ज | र | डे | झि | दा | चि | सिं | ड | ला | ल | इ |
| फ्रां | स | दा | न | ल | क | ड़ | न | दा | र | टे |
| व | रा | र | ष | मा | मि | ज | र्म | नी | र | ड |
| फि | ह | प | व | दा | र्क | ला | ती | ड़ | न | किं |
| न | ट | नी | अं | ग्री | स | ट | ह | ला | ह | ग |
| लैं | जी | वा | द | क | छ | सौ | न | ट | जू | ड |
| ड | थो | तें | व | र | ज | दा | ने | दा | र | म |
| र | ल | प | ति | रं | लैं | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | ड | ख | ला | ह | ट |

आस्ट्रिया, बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, नीदरलैंड, स्वीडन, युनाइटेड किंगडम

### शब्दजाल - 8154 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली - 7099



**ऊपर से नीचे:-**

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और कांटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 7098



Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**30 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | कुंभ | 07.32 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मीन | 09.05 बजे से |
| मंगल | धनु में | मेष | 10.36 बजे से |
| बुध | धनु में | वृष | 12.16 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 14.14 बजे से |
| शुक्र | धनु में | कर्क | 16.27 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.43 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.55 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 23.06 बजे से |
| | | वृश्चिक | 01.21 ब.से |
| | | धनु | 03.37 बजे से |
| | | मकर | 05.42 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 30 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 11.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 03.28 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वैधृति 16.59 बजे को समाप्त। **करण** बालव 11.10 बजे तदनन्तर कौलव 21.47 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 17° 43'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872605
**जूलियन दिन** 2461070.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान **तारीख** 10
**विशेष** प्रदोष व्रत, महात्मा गाँधी पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सेवा का रास्ता

ऑस्ट्रिया में पैस्टोला नामक एक छात्र डॉक्टरी पढ़ रहा था। एक दिन जब वह कहीं जा रहा था, तो रास्ते में उसे एक बच्चा मिला। एक छोटे से बच्चे को अकेला देखकर पैस्टोला ने उसे अपने साथ ले लिया। उसने उसके अभिभावकों को खोजने के लिए पुलिस में सूचना दी काफी दिनों तक जब बच्चे के अभिभावकों का कुछ पता न चला तो पैस्टोला ने उसे एक अनाथालय में रखवा दिया। पर उसे उस बालक से बेहद लगाव हो गया था, इसलिए वह अक्सर उसे अनाथालय में देखने आता और उसके लिए कुछ उपहार भी लाता। धीरे-धीरे पैस्टोला ने नोट किया कि अनाथालय में बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था तो है, लेकिन वहां के कर्मचारियों में दयाभाव नहीं है। इसलिए बच्चे उन कर्मचारियों के संरक्षण में ढंग से विकसित नहीं हो पा रहे हैं। पैस्टोला ने अपनी पढ़ाई खत्म होते ही एक आंदोलन चलाया और निःसंतान तथा छोटी गृहस्थी वाले लोगों से अनुरोध किया कि वे अनाथ बच्चों को अपने परिवार में सम्मिलित कर लें और उन्हें लाड़-प्यार से पालें। ऐसा करने से बच्चों का समुचित विकास हो पाएगा और उन्हें जीने की राह मिल पाएगी। पैस्टोला के इस आंदोलन का लोगों पर सकारात्मक असर हुआ। अनेक उदार, धनी व शिक्षित लोगों ने ऐसे असहाय बच्चों को अपने परिवार में शामिल कर लिया। आत्मीयता एवं अपनत्व भरे माहौल में उन बच्चों का विकास होने लगा। पैस्टोला ने उन अनाथ बच्चों की देख-रेख में अपना जीवन लगा दिया। वह आजीवन अविवाहित रहा। पैस्टोला ने अनाथ बच्चों का पालन-पोषण करने के अलावा विधवाओं व वृद्धाओं की भी निःस्वार्थ मदद की। अपनी पूरी आमदनी उसने जरूरतमंदों पर लगाई। पैस्टोला की प्रेरणा से अनेक उदार लोगों ने भी अपने परिवारों में निराश्रितों को सम्मिलित किया। धीरे-धीरे यह आंदोलन दूर-दूर तक फैल गया। पैस्टोला के काम कई लोगों ने हाथ में ले लिया। आज भी ऑस्ट्रिया के अनेक लोग पैस्टोला के बताए रास्ते पर चल रहे है और असहायों की मदद कर रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 7408

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7407 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8623



**बाएँ से दाएँ**

1. आदत,स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना,धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश,बंजारा-4
16. अंधेरा,अंधकार-3
18. खामी,बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा,करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज,विदेशी-3
2. लीन,मगन-2
3. पैंदा,तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक,लेस-2
6. तहजीब,सलीका-3
8. देह,काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान,आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र,चिट्ठी-2
22. होठ,अधर-2
23. मृत्यु देवता,यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

### शब्द पहेली -8622 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# जिला पुलिस ने अवंती बाई स्टेडियम में किया विशाल रोजगार मेले का आयोजन

## 2500 से अधिक युवक-युवतियों ने किया शिरकत





**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

जिला पुलिस बालाघाट के द्वारा थाना लांजी के अन्तर्गत 29 जनवरी को वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया था जिसमें 2500 से अधिक युवक युवतियों ने शिरकत कर, रोजगार मेले में आई कंपनियों की जानकारी प्राप्त की। बतादे कि बालाघाट पुलिस के द्वारा पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रो के युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोडने तथा उन्हे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकल सुविधा केन्द्र के माध्यम से छटवें चरण का रोजगार मेला थाना लांजी के अन्तर्गत सालेटेकरी मार्ग पर स्थित अवंती बाई स्टेडियम लांजी में रोजगार मेला सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें लांजी किरनापुर एवं आस पास के क्षेत्रो में 2500 से अधिक युवक युवतियॉ ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। इस रोजगार मेले में विधायक राजकुमार कर्राहे, पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा, नगर परिषद अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, पाली एकेडमिक संचालिका वंदना वैद्य, आदर्श कांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर, ओमप्रकाश एसडीओपी लांजी, थाना प्रभारी दीपसिंह परमार, माधव शर्मा, राजकुमार रघुवंशी सहित अन्य थाना प्रभारी, इन्स्पेक्टर, पुलिस बल सहित अन्य जनप्रतिनिधि की गरिमामयी उपस्थिती रही। जिनके द्वारा रोजगार मेले में आये हुये युवाओं को रोजगार के प्रति उत्साह वर्धन किया गया। रोजगार मेले में एल एण्ड टी लिमीटेड, एसआईएस सिक्यूरिटी, टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रिकल्स सहित अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों ने शिरकत की। ऐसे रोजगार मेलो का उद्देश्य युवाओ के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को बढावा देकर उनके परिवार एवं संपूर्ण क्षेत्र का सर्वाड्क्षगण विकास करना है। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड सके भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेले का नियमित आयोजन बालाघाट पुलिस के द्वारा किया जायेगा। रोजगार मेले में उपस्थित समस्त युवाओ को मार्गदर्शित करते हुये पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा ने कहा कि यदि आप मेहनत कर सकते है तो ही आप इन कंपनियो में जाकर कार्य करे। क्यों कि मेहनत करने वालो को ही सफलता मिलती है यदि आप मेहनत नही करेंगे और कंपनी से कहेंगे की हमे बैठ बिठाये वेतन दे दिया जाये तो ऐसा कही नही होता। आप सभी कम आयु वर्ग में है यह आप सभी के लिये हो सकता है पहला कदम हो, किसी कंपनी में बहार अपने घर से दुर रहकर कार्य करना इस हेतु आपको मानसिक रूप से अपने आप को तैयार करना होगा उसके बाद ही आप बडे शहरो में बडी कंपनियो में कार्य करने के लायक बनेंगे। आप ने इस विषय पर भी मार्गदर्शन किया कि कई बार लोग बहार जाते है और दुसरो के बहकावें में आकर अनर्गल वार्तालाप करते है आप स्वयं बहार कंपनियो में कार्य करे, वहां के वातावरण कार्यक्षेत्र को समझे, कैसा कार्य है क्या करना है आपके अध्ययन से मेल जोल रखता है कि नही, सभी परिस्थितियों को देखकर ही कार्य करे। यहां बैठे बैठे अनर्गल वार्तालाप से अच्छा है कि कंपनियो में पंहुचकर कार्य का अनुभव प्राप्त करे ताकि आप भविष्य में और भी ऊचाईयो पर कार्य कर सकते है आपने एक और विषय पर प्रकाश डाला कि कोई भी कंपनी आपको बाध्य नही कर रही है या कोई बाण्ड साईन नही करा रही है कि आपको हमारी कंपनी मे इतने माह या इतने वर्ष कार्य करना है आपका जब मन चाहे यदि आपको कार्य पसंद नही आ रहा है या अन्य कोई और परेशानी है तो आप अपना कार्य छोडकर वापस आ सकते है या अन्य कोई और कंपनी में कार्य कर सकते है। इसके साथ ही अन्य और भी विषय पर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने विस्तृत जानकारी युवाओं को प्रदान की। इसी क्रम में लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा भी युवाओ को सबोधित करते हुये अपने संपूर्ण छात्र जीवन से लेकर राजनैतिक जीवन के उतार चढाव को साझा किया गया तथा बच्चो को मार्गदर्शित किया कि इन रोजगार मेले से आप कैसे लाभ प्राप्त कर सकते है। आपने बालाघाट पुलिस अधीक्षक एवं जिला पुलिस की इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुये बधाई प्रेषित की।

## यूनिवर्सल कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**पद्मेश न्यूज। लांजी।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को यहां नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति द्वारा संचालित यूनिवर्सल कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट के प्रांगण में बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। यह आयोजन भारत के संविधान लागू होने की ऐतिहासिक तिथि की याद दिलाता हुआ एक स्वर्णिम क्षण साबित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 8 बजे हुई, जब संस्था के प्रमुख रमेश आसटकर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराया। इससे पहले, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा, गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह आत्मनिरीक्षण का अवसर है। हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा मिलती है। तिरंगा हमारी शान है, गणतंत्र हमारी पहचान है। वीरों की कुर्बानियों के बल पर आज हमारा हिंदुस्तान महान है। 26 जनवरी की यह तारीख हमें हमारे संविधान, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के महत्व की सदा याद दिलाती रहती है। इस अवसर पर संस्था में पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। डॉ. प्रवीण बैस ने भी गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में धनीराम सोनवाने (सेवानिवृत्त कर्मचारी, मलाजखण्ड), नंदकिशोर रामटेक्कर, महेंद्र सातपुते, सुनिल रामटेक्कर सहित संस्था की संचालिका श्रीमती रेखा आसटकर, शिक्षक भानुप्रताप प्रजापति, देवेंद्र क्षीरसागर, शिक्षिका श्रुति चौहान और बड़ी संख्या में पूर्व तथा वर्तमान छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार वितरित कर किया गया। यह समारोह न केवल देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाला रहा, बल्कि युवा पीढ़ी को संविधान और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का बोध भी कराने वाला सिद्ध हुआ।

## बोथली व घंसा पंचायत में कमेटियों का किया गठन, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प

### बहेला ब्लॉक कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक हुई



**पद्मेश न्यूज। लांजी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत मध्य प्रदेश में भी संगठन को मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में लगातार बैठकों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष संजय उईके के मार्गदर्शन में बहेला ब्लॉक में 28 जनवरी को भाडरा अंचल के ग्राम बोथली और घंसा में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया के नेतृत्व में आयोजित इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर सक्रिय, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना था। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि पटेल ने कहा, 卐कांग्रेस पार्टी की असली ताकत गांवों में कार्य करने वाले मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता हैं। जब तक संगठन पंचायत स्तर पर मजबूत नहीं होगा, तब तक आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनहितकारी कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पंचायत स्तरीय कमेटियों का गठन

बैठक में ग्राम पंचायत बोथली की पंचायत स्तरीय कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष- लक्ष्मीनारायण चंदन नगपुरे, उपाध्यक्ष- राजकुमार ज्ञानीराम नंदेश्वर एवं श्रीमती संतकला रोशन रामटेके, महामंत्री- धनराज दुलीचंद बागड़े एवं श्रीमती सुनीता उत्तम मस्करे, सचिव- मंगलदास जालम बोहने पदाधिकारी नियुक्त किए गए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत घंसा की पंचायत स्तरीय कांग्रेस कमेटी गठित की गई, जिसमें अध्यक्ष- राजकुमार कमल पगरवार, उपाध्यक्ष- भाउदास खेमचंद बैठवार एवं श्रीमती सुनीता जोहन लिल्हारे, महामंत्री- नंदकिशोर श्रीराम भंडारी एवं श्रीमती उर्मिला अशोक सहारे, सचिव- अनिल रामचंद गिरिया को पदाधिकारी नियुक्त किए गया।बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूती प्रदान करने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का दृढ़ संकल्प लिया। बैठक में देवेंद्र खोंगल पूर्व जनपद अध्यक्ष, अजय अवसरे जनपद उपाध्यक्ष, राजू मेंढे मंडल अध्यक्ष कांग्रेस, लिखेंद्र उपराड़े सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, धनराज बोंबर्डे सरपंच प्रतिनिधि सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी में उत्साह पूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस



**पद्मेश न्यूज। लांजी।** निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के परिसर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे भूतपूर्व वायु सैनिक राजेंद्र रामटेककर ने किया। इसके बाद सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया, जिससे पूरा परिसर देशप्रेम की लहरों से गूंज उठा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, कविताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में भारत की एकता, अखंडता तथा संविधान के महत्व को खूबसूरती से दर्शाया गया। बच्चों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार गोयल ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे ने संस्थान के शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें केवल अधिकारों की नहीं, बल्कि कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में कंप्यूटर असेंबली वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार गोयल, डायरेक्टर प्रणय कुमार, देवेंद्र क्षीरसागर, भानु प्रताप प्रजापति, आकाश बाहें, दीक्षा बारेकर, प्रतीभा कुचलाहे, ज्योति मालेवार, सागर आसटकर, शिवम रामटेक्कर, समीर खान, कैलाश ब्रम्हपुरे सहित समस्त शिक्षक-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे। विशेष रूप से इस समारोह में संस्थान के कई पूर्व एवं वर्तमान छात्रों ने शिरकत की, जो हाल ही में विभिन्न अर्धसैनिक बलों में चयनित हुए हैं। इनमें विकास बारासागड़े (बीएसएफ), आकाश बरसागड़े (सीआरपीएफ), तोपेश डामेशवर कलपुरिया (बीएसएफ), देवेश विजय वारे (सीआरपीएफ), हर्षित कोमलप्रसाद कोठारे (बीएसएफ), आकाश रामप्रसाद बारसागड़े (सीआरपीएफ), विकास रामप्रसाद बारसागड़े (बीएसएफ), नोहित अनाराम चौधरी (सीआरपीएफ), संजय रोशेलाल कावरे (सीआरपीएफ), आशीष बाडूलाल मानकर (बीएसएफ), साहिल बिगेंद्र पाण्डे (बीएसएफ), वरुण तिलकेश बड़मे (बीएसएफ), रूपम राजेश्वर बारसागड़े (सीआरपीएफ), विकाश रमेश चौरे (सीआरपीएफ) शामिल हैं। इन सभी चयनित युवाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा देश सेवा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और गौरव को और बढ़ा दिया।

## कारंजा व चिचामटोला में दो सड़क हादसों में दो लोग गंभीर घायल

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्र के ग्राम कारंजा एवं भाडरा अंचल के ग्राम चिचामटोला में अलग अलग समय पर घटित दो सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसो के संबध में जानकारी के अनुसार पहली सड़क दुर्घटना 29 जनवरी को शाम करीब 4=25 बजे ग्राम चिचामटोला कुल्पा मार्ग पर विद्यालय के समीप जहां नरेन्द्र पिता चतरूकन जींदाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी कारंजा अपने अन्य साथियों के साथ उक्त मार्ग से कारंजा आ रहा था इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने नरेन्द्र की मोटर सायकल को टक्कर मारकर फरार हो गया, नरेन्द्र एवं उनके साथी यह नही देख पाये की हमे किस वाहन के द्वारा टक्कर मारी गई है या हम अनियंत्रित होकर गिरे है। बहरहाल इस हादसे में नरेन्द्र जींदाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे चेहरे सहित शरीर के अन्य अंगो पर चोटे आई है स्थानीय लोगो के द्वारा 112 डायल कर बुलाया गया जहां 112 के पुलिस जवानों के द्वारा घायल नरेन्द्र को सिविल अस्पताल लांजी लाया जाकर प्राथमिक उपचार करवाया गया ।वर्तमान में नरेन्द्र की स्थिती सुधार में है। वहीं दुसरा सड़क हादसा 29 जनवरी को शाम 4=30 बजे ग्राम कारंजा एवं कुल्पा के मध्य गुड़ाखू फैक्टरी के पास देखने में आया है जहां लालेश्वर पिता फिरतूलाल लिल्हारे उम्र 47 वर्ष निवासी मीरिया जो कि आमगांव से अपने ग्राम मीरिया अपनी मोटर सायकल से जा रहा था इसी दौरान सामने से अज्ञात चौपहिया या दुपहिया वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया, स्थानीय लोगो के द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचित किया गया जहां एंबुलेंस की सहायता से लालेश्वर को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया है। घटना में लालेश्वर के पैर टूटने की जानकारी प्राप्त हुई है तथा शरीर के अन्य अंगो में भी चोटे आई है। उपचार की गंभीरता को समझते हुये डाक्टर्स के द्वारा लालेश्वर को जिला अस्पताल उच्च स्तरीय उपचार के लिये रिफर किया गया। घटना के संबध में लांजी पुलिस को सूचना दी गई है।



## मैत्रेय पब्लिक स्कूल देवलगांव में हुआ वार्षिक उत्सव का आयोजन





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** विकासखण्ड लांजी के अन्तर्गत ग्राम देवलगांव में संचालित मैत्रेय पब्लिक स्कूल देवलगांव मे 28 जनवरी को 10वॉ वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हॉकफोर्स के उपपुलिस अधीक्षक संतोष पटेल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसपी संतोष पटेल एवं जेतवन एजुकेशन फाउंडेशन सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रभागा मेश्राम एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में मां सरस्वती , राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. बी. आर. आंबेडकर और संविधान की उद्देशिका के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर मां सरस्वती वंदना और स्वागत गीत कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत प्रोत मंचीय कार्यक्रम कर अपनी कला का प्रदर्शन किया । इस अवसर पर डीएसपी संतोष पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतना भव्य कार्यक्रम स्कूल के मेहनत को दर्शाता है। आपने बच्चो को नशे से दुर रहने के लिये कहते हुये कहा कि नशा समाज के लिए घातक इससे जितना दुर रहे उतना अच्छा है। युवाओं को संदेश दिया कि नशा शरीर और देश दोनों के लिए घातक है और नशामुक्ति पर विशेष जोर दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से चंद्रभागा मेश्राम,प्रशांत मेश्राम संचालक मैत्रेय पब्लिक स्कूल, आर. के. घोरमारे प्राचार्य कारंजा, आर. बेंजामिन प्राचार्य देवलगांव, संतोष रहांगडाले अध्यक्ष पीटीए, ,जितेंद्र मोरघड़े, पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे सरपंच देवलगांव, सहेशराम हरिणखेड़े सेनि शिक्षक, सुभाष सहारे सरपंच मनेरी, प्रदीप मेश्राम और अन्य अतिथि उपस्थित रहे और अपने वक्तव्यो में छात्र छात्राओं की मेहनत और विद्यालय प्रबंधन की सराहना की गई। मुख्य अतिथियों के हस्ते कक्षा पांचवीं और आठवी वार्षिक परिणाम 2024 25 में प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभावान छात्रों को शिल्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा पांचवीं में आरवी सरोज बनोठे , राशी प्रदीप रामटेके, वंश डीलेश्वर हरिणखेड़े और कक्षा आठवीं में त्रिशा गिरेंद्र देशमुख, आराध्या जितेंद्र बोरकर और आशीष बोपचे रहे । अंत में विद्यालय के संचालक प्रशांत मेश्राम ने सभी अतिथियों को वार्षिक स्नेह सम्मेलन को लेकर एक स्मृति चिन्ह भेंट किया जाकर आभार व्यक्त कर उपस्थिती के लिये धन्यवाद प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं और अभिभावको का योगदान रहा जिसकी सराहना की गई। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और ग्राम के गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## राहुल-खड़गे के निर्देश, जिला और ब्लॉक समितियों का जल्द करो गठन

# 15 फरवरी से पहले कांग्रेस को बनाना होगी जिला कार्यकारिणी

*दिल्ली में हुई बैठक में उठा मुद्दा, देरी पर संगठन ने जताई नाराजगी*

भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को बने 6 महीने हो गए लेकिन अब तक पार्टी जिलों में अपनी कार्यकारिणी का गठन नहीं कर सकी है। इससे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दोनो ही नाराज बताए जाते हैं, दोनों ने पूर्व में प्रदेश कांग्रेस को फरवरी तक ब्लॉक कमेटियों तक के गठन के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी न तो अब तक जिला कार्यकारिणी बनी और ना ही अब तक ब्लॉक कमेटियों का गठन हो सका।



सूत्रों की मानी जाए तो बुधवार को दिल्ली में हुई प्रदेश संगठन को लेकर बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि जिला और ब्लॉक की कार्यकारिणी के गठन को लेकर देर क्यों हो रही है। इसके बाद यह तय किया गया है अगले 15 दिनों में जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी और उसके बाद ब्लॉक कमेटियों का गठन तेजी से किया जाएगा। संगठन सृजन के तहत प्रदेश कांग्रेस को जिला, ब्लॉक से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कमेटी बनाना है, लेकिन अभी तक गठन नहीं होने से दोनों नेता नाराज बताए जाते हैं।

### भाजपा में एक साल बाद भी कई जिलों में नहीं बनी कार्यकारिणी

इधर भाजपा में भी जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर धीमी रफ्तार से काम हो रहा है। भाजपा ने जिला अध्यक्ष पिछले साल जनवरी में बना दिए थे, इसके बाद सितंबर से जिला कार्यकारिणी के गठन का सिलसिला शुरू हुआ जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। अभी करीब एक दर्जन संगठनात्मक जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा होना बाकी है। प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक जिलों की संख्या 62 हैं, इनमें से लगभग 50 जिलों की कार्यकारिणी अब तक बन चुकी है। जिन जिलों में अब तक एक राय नहीं बन सकी, वहां की कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है।

### आधे से ज्यादा जिलों से आए नाम

प्रदेश कांग्रेस के 71 संगठनात्मक जिलों में से करीब 40 जिलों से कार्यकारिणी के लिए नाम प्रदेश कांग्रेस तक आ चुके हैं। पार्टी पदाधिकारियों का दावा है कि कार्यकारिणी के गठन को लेकर कई स्तर पर वर्किंग की जा रही है। जिसमें स्थानीय नेताओं और विधायकों की एक-एक नाम पर राय ली जा रही है। अध्यक्ष और जिला प्रभारियों से भी हर नाम पर चर्चा की जा रही है। अब दावा किया जा रहा है कि फरवरी में अधिकांश जिलों की कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया जाएगा। हालांकि कई जिलों में अब भी कुछ नामों को लेकर पार्टी नेताओं में एक राय नहीं बन पा रही है। इसलिए जिला कार्यकारिणी के गठन में देरी हो रही है।

## कांग्रेस आंतरिक कलह का संग्रहालय बनी...



भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने लगाया आरोप

भोपाल। प्रदेश भाजपा के मीडिया विभाग के प्रभारी आशीष अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश कांग्रेस आंतरिक कलह का संग्रहालय बन चुकी है। जहां न विश्वास है, न दिशा है न जवाबदेही हैं,वहां राजनीति और अराजकता बची है। दरअसल बुधवार को दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के साथ हुई कांग्रेस की बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पार्टी में अनुशासनहीनता का मुद्दा उठाया था। इस पर आशीष अग्रवाल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अव्यवस्था, अहंकार और असफल नेतृत्व की मिसाल है। जब प्रदेश प्रभारी और नेता प्रतिपक्ष को ही दिल्ली जाकर अपनी पार्टी की अनुशासनहीनता गिनानी पड़े, तो समझिए नेतृत्व फेल है। साभार प्रदेश टूडे

## आंवलाझरी में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती पर होगा धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के आंवलाझरी क्षेत्र में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सर्व विश्वकर्मा समाज बालाघाट के तत्वावधान में यह आयोजन 31 जनवरी शनिवार को सार्वजनिक श्री भगवान विश्वकर्मा मंदिर, आंवलाझरी में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होगा। आयोजकों के अनुसार, भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ना है। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 31 जनवरी को प्रात: महाअभिषेक से होगी, जो सुबह 9:30 बजे से 11:00 बजे तक संपन्न किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक विधिवत हवन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे से समाज के वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के अनुभवी मार्गदर्शकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आंवलाझरी के सरपंच अशोक लिल्हारे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथियों में बाबूलाल माहले, राजकुमार सरोदे, विश्वनाथ माहले, राजाराम विश्वकर्मा, आजाद, खेमचंद बागड़े सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। महिला अतिथियों के रूप में कोतिका बावने, उर्मिला माहले, सरस्वती सरजे, सरला माहले एवं मंजू विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## संत रविदास जयंती पर सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

### नगर में मेधावी छात्रों का सम्मान एवं कवि सम्मेलन का कार्यक्रम का भी आयोजन

**पद्मेश न्यूज। कटंगी।** संत शिरोमणि रविदास की 649 वी जयंती आगामी 1 फरवरी को मनाई जाएगी। इस अवसर नगर मुख्यालय में विविध कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा संत रविदास सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। नगर में संत रविदास के अनुयायियों द्वारा प्रभातफेरी, मंचीय कार्यक्रम, मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही सदगुरू रविदास सामाजिक संगठन कटंगी एवं तिरोड़ी के संयुक्त तत्वाधान् में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवि शैलेश शैल के संचालन और संजय अश्क के संयोजन में राष्ट्रीय कवियत्री माधुरी किरण, किशोर छिपेश्वर सागर, हलचल बालाघाटी और गोविंदा गावठी अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले की सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती कविता देशमुख, जिपं.सभापति केसर बिसेन, राधेयाम चौधरी, नपाध्यक्ष श्रीमती धर्मकला देशमुख की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का मंच संचालक दुर्गाप्रसाद खरोले एवं संजय अश्क द्वारा किया जाएगा। कार्यकारिणी समिति के जितेन्द्र भोंडेकर सहित अन्य ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

**25 करोड़ की लागत से 2 साल में हुआ तैयार**

# मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण करेंगे CM

भोपाल

मंदसौर में अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में बना भव्य पशुपतिनाथ लोक का गुरुवार को सीएम मोहन यादव लोकार्पण करेंगे। सिवना नदी के तट पर यह लोक 25 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है।

लोक में महाकाल लोक की तर्ज पर शिव परिवार के साथ ही एक बड़ा डमरू भी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यहां कॉरिडोर में गार्डन, सरोवर, भक्ति सामग्री की दुकान, रेस्टोरेंट सहित तमाम सुविधाएं मौजूद हैं। पशुपतिनाथ लोक में 22 फीट ऊंचा त्रिनेत्र, जिसके मध्य में स्थापित रुद्राक्ष भगवान शिव के त्रिनेत्र स्वरूप का आभास कराता है। सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए एम्फीथिएटर का निर्माण श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय बनाया गया है। शहर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चार प्रवेश द्वार बनाए गए। आपात स्थिति के लिए प्राथमिक चिकित्सा कक्ष भी स्थापित किया गया है। मंदिर परिसर में शिव लीलाओं पर आधारित म्यूरल वॉल एवं आकर्षक नक्काशी की गई है। पशुपतिनाथ महादेव प्रतिमा के इतिहास पर आधारित भव्य पेंटिंग का निर्माण श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था, जहां से पूरे पशुपतिनाथ लोक का मनोरम दृश्य देखा जा सकेगा। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के 100 से अधिक मजदूरों ने 2 साल 4 महीने की मेहनत के बाद इस लोक को तैयार किया है। कॉरिडोर में गार्डन, सरोवर, भक्ति सामग्री की दुकानें और रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल प्रतीक्षालय, प्राथमिक चिकित्सा कक्ष, अलग से पार्किंग व्यवस्था, भोजनशाला और अतिथि विश्राम गृह बनाए हैं।

### विकास कार्यो की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मल्हारगढ़ में 51.91 करोड़ रुपए की लागत से मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर स्थित मल्हारगढ़ 4 लेन फ्लाईओवर का भूमिपूजन, 5.53 करोड़ रुपए की लागत से पिपलिया मंडी समपार रेलवे अंडर ब्रिज का भूमिपूजन एवं 2.06 करोड़ रुपए की लागत से मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन रोड पर पुल निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। इन विकास कार्यो से क्षेत्र में यातायात सुविधा सुदृढ होगी तथा आमजन को आवागमन में राहत मिलेगी।

## नवनिर्मित त्रिरत्न बुद्ध विहार का लोकार्पण व सम्यक् सम्बुद्ध प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम 9 को

**पद्मेश न्यूज। किरनापुर।** जिला स्तरीय नवनिर्मित त्रिरत्न बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं थाईलैंड देश से प्राप्त सम्यक् सम्बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण व भिक्खू निवास का उद्घाटन त्रिरत्नार्पण का आयोजन आगामी 9 फरवरी 2026 , दिन सोमवार को जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार, बौद्ध नगर कोसमी बालाघाट मे किया जाएगा ।तत्संबंध मे बालाघाट जिला बौद्ध संघ के जिला महासचिव रवि पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जगत विख्यात धम्मदूत पूज्य भदंत संघरत्न मानके जी, संस्थापक अध्यक्ष पञ्आ मेत्ता संघ, उद्घाटक पूज्य भदंत खोशो तानी जी जापान, मुख्य अतिथि पूज्य भदंत शोझेन आराही जी जापान, विशेष अतिथि पूज्य भदंत शोताई योकोयामा जी जापान, पूज्य भदंत डॉ. अनेक महाथेरो थाईलैंड, पूज्य भदंत डॉ. ज्ञानदीप महाथेरो बोधगया, पूज्य भदंत डॉ. वन्नासामी नागपुर, पूज्य भदंत खेईचि तेराशिमा जापान, पूज्य भदंत ज्योख़ां ओनो जापान, पूज्य भदंत लोबझांग तेंपा तिब्बत कैम्प, पूज्य भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति की प्रमुख मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम पूज्य भदंत धम्मशिखर जी के मार्गदर्शन मे आयोजित किया जाएगा ।वही इस अवसर पर रिटायर्ड आईएएस रमेश थेटे की भी प्रमुख मौजूदगी रहेगी। इस कार्यक्रम मे समस्त बुद्ध धम्म अनुयायियों से उपस्थिति की अपील अधिवक्ता संजय खोबरागडे जिलाध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, उपासक देवेन्द्र(मल्ला) मेश्राम सहित समस्त आयोजक मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने की है।

## सिंहस्थ कुंभ-आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अब थ्री डी प्रिंटिंग से बनेंगे भवन

भोपाल

मध्यप्रदेश में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले और आपदा प्रभावित क्षेत्रों तथा स्कूल और अस्पतालों के निर्माण में लोक निर्माण विभाग थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करेगा। इससे जहां मानवीय त्रुटियों की संभावनाएं कम होंगी वहीं गुणवत्तापूर्ण निर्माण, सटीकता और बेहतर स्ट्रक्चरल स्ट्रेंथ सुनिश्चित हो सकेगी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भवन विकास निगम के प्रबंध संचालक सिबी चक्रवर्ती, प्रमुख अभियंता भवन लोक निर्माण सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास में जिस तरह थ्री डी प्रिंटिंग तकनीक से बेहतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण किए जा रहे है उसी तरह मध्यप्रदेश में भी इसी तकनीक का उपयोग कर भवन और अन्य निर्माण किए जाए। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह लोक निर्माण विभाग के अफसरों के साथ हाल ही में आईआईटी मद्रास में भवन निर्माण में उपयोग की जा रही थ्री डी प्रिंटिंग तकनीक का अवलोकन करके आए है। थ्री डी तकनीक से भवन निर्माण में न सिर्फ तेजी आएगी बल्कि गुणवत्ता भी बेहतर होगी। मंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया है कि सिंहस्थ कुंभ मेले में होने वाले निर्माण में इस तकनीक का उपयोग किया जाए। सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन में जहां परिस्थितियों के अनुरूप तीव्र गति से भवन निर्माण की जरुरत होती है वहां थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक बहुत उपयोगी साबित होगी। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा है कि गुजरात, तेलंगाना, महाराष्ट्र में भी जिन नवीन निर्माण तकनीकों और आधुनिक कार्यप्रणालियों का अध्ययन किया गया है उन्हें मध्यप्रदेश में लागू किया जाए।



### दिल्ली के अलावा केवल भोपाल में होता है आयोजन

## बीटिंग द रिट्रीट: बैंड परफॉर्मेंस, आतिशबाजी से गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक समापन

भोपाल

मध्यप्रदेश में गणतंत्र दिवस समारोह का समापन आज शाम को बीटिंग द रिट्रीट समारोह के साथ होगा। लाल परेड मैदान पर आयोजित समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल शामिल होंगे। बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम में पुलिस बैण्ड द्वारा कॉन्सर्ट, पुलिस ब्रास बैण्ड एवं आर्मी बैंड द्वारा डिस्प्ले तथा पाईप बैण्ड द्वारा संगीतमयी और मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा।

समारोह में पुलिस ब्रास बैण्ड द्वारा क्लासिकल धुनों के साथ ही नई एवं पुरानी हिन्दी फिल्मों के गानों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। पुलिस बैण्ड एवं आर्मी बैंड द्वारा मार्चपास्ट करते हुए बैण्डवार व सामूहिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। बैण्ड प्रदर्शन उपरांत गार्ड द्वारा ध्वजअवरोहण की कार्यवाही उपरांत पिस्टल, एलएमजी फायर, रंगीन लाईटिंग, आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र होगी।

### समारोह समापन का प्रतीक

भारत में बीटिंग द रिट्रीट समारोह गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। हर वर्ष 29 जनवरी की शाम अर्थात गणतंत्र दिवस के तीसरे दिन बीटिंग द रिट्रीट का आयोजन किया जाता है। यह समारोह केवल राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली और भोपाल में होता है। इस दौरान बैण्ड कंसर्ट का आयोजन किया जाता है, जिसमें देशभक्ति, लोकसंगीत, भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं लोकप्रिय संगीत की धुने बजाई जाती है। इसके उपरांत अल्पविराम के बाद मध्यप्रदेश पुलिस बैण्ड के द्वारा बैण्ड डिस्प्ले किया जाता है और लोकप्रिय मार्चिंग धुनें बजाई जाती है, ड्रमर भी पृथक से एक प्रदर्शन करते हैं। इसके बाद रिट्रीट का बिगुल वादन होता है, सूर्यास्त के समय बिगुलर्स द्वारा रिट्रीट धुन बजाई जाती है और राष्ट्रीय ध्वज उतार लिया जाता है, तथा राष्ट्रगान गाया जाता है, इसके उपरांत आयोजन स्थल में आतिशबाजी की जाकर गणतंत्र दिवस के आयोजन का औपचारिक रूप से समापन होता है।

## बेलगांव में ग्राम उत्सव, जैविक खेती से आत्मनिर्भर गांव का लिया संकल्प

पद्मेश न्यूज। लांजी। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत ग्राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बेलगांव में किया गया। कार्यक्रम में गांव को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जैविक कृषि अपनाने एवं स्वदेशी रूप से देश में निर्मित वस्तुओं के उपयोग का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रासायनिक कीटनाशकों एवं मशीनरी आधारित कृषि से बढ़ती लागत, उत्पादित




अनाज, फल एवं सब्जियों की गुणवत्ता एवं शुद्धता पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण पर होने वाले नकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा धीरे-धीरे पारंपरिक कृषि की ओर लौटने तथा स्वयं के उपभोग हेतु अनाज एवं सब्जी उत्पादन करने पर आम सहमति व्यक्त की गई। इस दौरान गौपालन करने वाले संयुक्त परिवारों, उच्च उत्पादक कृषकों एवं शराब मुक्त व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य महेश चौधरी, संतोष नगपुरे, विकासखंड समन्वयक लवकुश यादव, नवांकुर संस्था से संदीप रामटेककर (परामर्शदाता), बरसाती परते (सचिव), प्रेमलाल मात्रे (रोजगार सहायक), सीताराम बाहें, झुमकलाल, सावरकर अग्रवाल सहित प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यगण पिंकी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, निर्मला तांडेकर एवं रविता सावले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सिंहस्थ को लेकर उद्यानिकी विभाग ने शुरू की तैयारी

# उज्जैन में 100 एकड़ में बनेगा फूलों का मेगा क्लस्टर

भोपाल

सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने उज्जैन में 100 एकड़ जमीन पर फूलों का विशेष उत्पादन क्लस्टर विकसित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर यह क्लस्टर धार्मिक नगरी उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में फूलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ किसानों को स्थायी आय का साधन देगा। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बताया कि उज्जैन, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर साल भर फूलों की बड़ी मांग रहती है। इसी को देखते हुए सरकार ने उज्जैन के आसपास व्यावसायिक पुष्प उत्पादन क्लस्टर विकसित करने की कार्य योजना बनाई है।



### किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस

क्लस्टर के माध्यम से उज्जैन और आसपास के किसानों को गुलाब, गेंदा, जरबेरा, रजनीगंधा, सेवंती, ग्लेडियोलस जैसे अधिक मांग वाले फूलों की वैज्ञानिक और व्यावसायिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पुष्प उत्पादन को केवल पारंपरिक खेती न मानते हुए कृषि-उद्यम के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### सिंहस्थ 2028 को अवसर के रूप में देख रहा है विभाग

मंत्री कुशवाह ने कहा कि सिंहस्थ मेले के दौरान करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना के लिए फूलों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में बाहर से फूल मंगाने की बजाय स्थानीय किसानों द्वारा उत्पादित फूलों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे परिवहन लागत घटेगी और किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे।

### प्रदेश को पुष्प उत्पादन में अग्रणी बनाने की योजना

मंत्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश पहले से ही पुष्प उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उज्जैन में 100 एकड़ का यह क्लस्टर राज्य को पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में नंबर-वन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



# भारतीय टीम के लिए टी20 विश्वकप जीतना इतना भी आसान नहीं रहेगा

## कठिनाइयां हैं जो नजर नहीं आ रही

मुम्बई। एजेंसी।

**भारतयी क्रिकेट टीम अगले माह अपनी ही धरती पर होने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इसे इतना आसान नहीं मानते हैं। भारतीय टीम अभी टी20 में नंबर स्थान पर है और उसने लगातार अपने मैच जीते हैं। वहीं रोहित ने कहा कि विश्वकप जीत की राह में कई कठिनाइयां हैं जो नजर नहीं आ रही हैं। इसमें टीम के लिए विजयी संयोजन बनाना सबसे कठिन काम है।**

इस पूर्व कप्तान ने कहा कि स्पिन आक्रमण को लेकर हमें ध्यान रखना होगा। उनके अनुसार, कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर के सामने सबसे मुश्किल सवाल यह होगा कि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे दो दिग्गज स्पिनरों को एक साथ खिलाया जाए या पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ वरुण को रखा जाए। भारत पिछले एक साल से स्पिन गेंदबाजों पर काफी निर्भर रहा है, जिसमें कुलदीप, वरुण और अक्षर पटेल ने कई मैचों का रुख पलटा है।

रोहित के मुताबिक, अगर टीम प्रबंधन कुलदीप और वरुण दोनों को अंतिम ग्यारह में शामिल करना चाहता है, तो उसे केवल दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरना पड़ेगा। टी20 क्रिकेट में यह एक बड़ा जोखिम हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि कप्तान और कोच किस तरह का संतुलन चाहते हैं



रोहित ने टूर्नामेंट के समय को भी एक अहम चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि फरवरी-मार्च के दौरान, जब सर्दियों से वसंत का मौसम आता है, भारत के ज्यादातर मैदानों पर शाम के मैचों में भारी ओस देखने को मिलती है। ओस की वजह से स्पिनरों के लिए गेंद पकड़ना और नियंत्रण बनाए रखना कठिन हो जाता है, जिससे टीम की रणनीति प्रभावित हो सकती है।

साथ ही कहा कि अगर अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती तीनों को एक साथ ही रखा जाता है तो टीम संतुलन बिगड़ सकता है क्योंक अर्शदीप सिंह जैसे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को बाहर करना पड़ेगा। ऐसे में भारतीय टीम को जसप्रीत बुमराह के साथ हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे जैसे तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों को लगाना होगा। रोहित के अनुसार, यह फैसला आसान नहीं होगा क्योंकि हर खिलाड़ी अपनी जगह पर विश्व-स्तरीय है।साथ ही कहा कि वर्तमान हालातों में भारतीय टीम के लिए एक तय अंतिम ग्यारह बना दी जाये तो उसमें भी नुकसान है। उसकी जगह हालातों के अनुसार अंतिम ग्यारह तय करनी होगी।

## गंभीर को कोच पद से हटाने की कोई योजना नहीं-बीसीसीआई

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 सीरीज के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर को हटाये जाने की सभी अटकलों को खारिज कर दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि देश में क्रिकेट को लेकर जिस प्रकार की दीवानगी रहती है। उसमें सभी अपने को विशेषज्ञ समझते हैं। साथ ही कहा कि सभी को अपनी राय देने का अधिकार है पर इस मामले में बोर्ड किसी भी प्रकार का फैसला अपने विशेषज्ञ पैनल की रिपोर्ट के आधार पर लेता है।



उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई में एक क्रिकेट कमेटी है, जिसमें पूर्व क्रिकेटर शामिल रहते हैं। वे पूरी जिम्मेदारी के साथ सभी फैसले लेते हैं। वहीं टीम चयन के लिए हमारे पास पांच चयनकर्ता होते हैं, जो योग्यता के बाद इस पद तक पहुंचते हैं। ये ही लोग चयन से जुड़े फैसले लेते हैं। हर फैसले पर कोई न कोई अलग राय हो सकती है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम इन सभी रायों को सुनते और समझते हैं पर अंतिम फैसला हमेशा क्रिकेट कमेटी और चयनकर्ता ही लेते है।'

वहीं हाल में पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा था कि अगर भारतीय टीम टी20 विश्वकप कप 2026 में असफल रहती है तो बीसीसीआई को कठिन फैसला लेते हुए गंभीर को कोच पद से हटा देना चाहिए।' गौरतलब है कि गंभीर की कोचिंग में भारतीय टीम टी20 क्रिकेट में ही अब तक सफल रही है। वहीं टेस्ट में उसका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और वह दो घरेलू सीरीज हारी है। इसके अलावा एकदिवसीय में भी टीम कुछ विशेष नहीं कर पायी है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में सैमसन की जगह ईशान किशन को शामिल करें-पार्थिव

तिरुवनंतपुरम। पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 क्रिकेट मैच में खराब फॉर्म से गुजर रहे संजू सैमसन की जगह पर युवा ईशान किशन को भारतीय टीम में शामिल कर पारी की शुरुआत के लिए भेजा जाना चाहिये। पार्थिव ने टीम प्रबंधन को सलाह दी है उस इस मैच में सैमसन की जगह पर ईशान को शामिल करना ही फायदेमंद होगा। सैमसन को बाहर करने की मांग इसलिए हो रही है क्योंकि वह पहले ही तीनों मैचों में विफल रहे है। चार मुकाबलों में पारी की शुरुआत करते हुए सैमसन केवल 39 रन ही बना पाये हैं। ऐसे में प्रबंधन के ऊपर अंतिम टी20 में सैमसन की जगह पर युवा ईशान किशन को पारी की शुरुआत के लिए भेजे जाने का दबाव है। ईशान ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में वापसी की है। वहीं . इस सीरीज में सैमसन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। अब तक चार मैचों में वह केवल 10, 6, 0 और 24 रन बना पाये हैं। पार्थिव का मानना है कि अंतिम मैच में ईशान को अवसर देने से अगले माह होने वाले टी20 विश्व कप 2026 से पहले उनके फार्म का भी अंदाज हो जाएगा। .



पार्थिव ने कहा कि अगर पांचवे मैच में ईशान अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो उन्हें विश्वकप में मुख्य विकेटकीपर बनाया जा सकता है। ईशान की दो साल बाद टी20 टीम में वापसी हुई है। वहीं इस सीरीज में अब तक ईशान ने तीन मैच खेले हैं, जिनमें उनके स्कोर 8, 76 और 28 रन बनाये हैं। पार्थिव पटेल ने कहा, 'अगर मुझे फैसला लेना होता तो मैं अंतिम मैच में सैमसन की जगह ईशान को शामिल करता। अगर टी20 वर्ल्ड कप के लिए ईशान को मुख्य विकेटकीपर बनाना है, तो पांचवें टी20 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में उन्हें ही विकेटकीपिंग देनी होगी।'

## हर्षित हर मैच के साथ बेहतर हो रहे-कोच श्रवण

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज हर्षित राणा के बचपन के कोच श्रवण कुमार ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। कोच ने कहा है कि हर्षित हर मैच के साथ ही बेहतर होते जा रहे हैं। साथ ही कहा कि जिस प्रकार से वह आगे बढ़ रहा है उससे उन्हें काफी खुशी हुई है। कोच के अनुसार हर्षित गेंदबाज ही नहीं बल्लेबाज़ी में भी निरंतर बेहतर हो रहे हैं। श्रवण हर्षित राणा के साथ ही अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ ईशांत शर्मा के भी कोच रहे हैं। राणा ने नई गेंद से न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सीरीज में प्रभावित किया है। इस युवा तेज गेंदबाज ने एकदिवसीय के साथ ही टी20 में भी अच्छा खेला है। तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज़ में हर्षित ने 6 विकेट लिए थे। वहीं टी20 सीरीज़ में दो मैचों में उन्होंने 2 विकेट लिए थे। श्रवण ने कहा, राणा हर दिन के साथ ही बेहतर हो रहा है। उसे जितना अधिक खेलने को मिलेगा उतना ही बेहतर होता जाएगा। राणा ने अब तक 14 एकदिवसीय मैचों में 26 विकेट लिए हैं, उनका औसत 27.38 रहा है। उनकी इकॉनमी रेट 6.21 रही है। इसके अलावा



8 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 9 विकेट, और 2 टेस्ट में 4 विकेट लिए हैं। राणा बड़े शॉट लगाने के कारण भी नजरों में आये हैं। हर्षित ने वह बड़े-बड़े छक्के लगाने में सक्षम हैं। एकदिवसीय में नंबर आठ पर खेलते हुए सात पारियों में इस क्रिकेटर ने 124 रन, औसत 24.80 और 121 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट के साथ एक अर्धशतक लगाया है। टी20 में भी उन्होंने दो पारियों में 48 रन बनाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 35 रन रहा। इस क्रिकेटर ने सीरीज़ के पहले एकदिवसीय में विराट के आउट होने के बाद 23 गेंदों में 29 रन बनाकर पारी को संभाला। कोच के अनुसार हर्षित को सफल ऑल-राउंडर बनने के लिए अपने को साबित करना होगा। साथ ही कहा कि महान ऑलराउंडर कपिल देव शुरुआत में अंतिम स्थान पर उतरते थे पर अपनी प्रदर्शन से वह शीर्ष पर पहुंचे।

## एलिस पेरी ने क्रिकेट ही नहीं फुटबॉल में भी बनाये हैं रिकार्ड

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर एलिस पेरी एक शानदार क्रिकेटर के साथ ही एक अच्छी फुटबॉलर भी रही हैं। एलिस ने साल 2013 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर क्रिकेट के अलावा फुटबॉल में खेला है। एलिस ने फीफा वर्ल्ड कप क्वार्टरफाइनल में भी गोल दागा था। यह गोल उन्होंने 2011 फीफा वर्ल्ड कप में मैटिल्डास की स्वीडन के खिलाफ 1-3 की हार के दौरान किया था। फुटबॉल में साल 2011 फीफा महिला विश्व कप में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रह है। , तब इस खिलाड़ी ने टीम को क्वार्टरफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। तब ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा पर टीम की ओर से एकमात्र गोल पेरी ने किया था। वहीं साल 2014 में पेरी ने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम से संन्यास ले लिया पर उनके खेल खिलाड़ी आज तक याद रखते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि फीफा में उनके नॉकआउट गोल पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो से ज्यादा हैं। . उन्होंने वर्ल्ड कप (2006, 2010, 2014, 2018 और 2022) के नॉकआउट स्टेज में एक भी गोल नहीं किया है। वहीं पेरी ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए 2010, 2012, 2014, 2018, 2020, 2023 में टी20 विश्व कप खिताब जीता था।

## सूर्यकुमार ने हार पर निराशा जतायी, शिवम के प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा की

विशाखापत्तनम। भारतीय क्रिकेट टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे मैच में मिली हार पर निराशा जतायी है। सूर्यकुमार ने हालांकि शिवम दुबे की पारी की सराहना की है। शिवम ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंदों में ही 65 रन बनाकर भारतीय टीम को जीत दिलाने का पूरा प्रयास किया पर बदकिस्मती से वह रन आउट हो गये जिसये ये मैच भारतीय टीम के हाथों से निकल गया। सूर्या ने कहा कि अगर कोई बल्लेबाज शिवम के साथ होता तो इस मैच का परिणाम कुछ और होता। भारतीय टीम ने चौथे टी20 में छह बल्लेबाजों को उतारा पर इसके बाद भी उसे लाभ नहीं मिला। सूर्यकुमारी ने कहा कि हमने छह बल्लेबाज और पांच गेंदबाज इसलिए उतारे थे जिससे पता चल सके कि टी20 विश्व कप से पहले हम कहां पर हैं। शिवम के अर्धशतक के बाद भी इस मैच में भारतीय टीम हारी है। इस हार से अब पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 3-1 से आगे है। सूर्यकुमार ने कहा, 'मुझे लगता है कि ओस के बाद भी अगर कोई बल्लेबाज शिवम का साथ देतो तो मैच बच सकता था। हम 50 रनों से हार गए, लेकिन कोई बात नहीं.जैसा कि मैंने कहा, इस तरह लक्ष्य का पीछा करते हुए एक-दो साझेदारियां निर्णायक साबित हो सकती थीं।' कप्तान ने कहा कि हमारे पास कुछ अन्य खिलाड़ियों को भी अंतिम एकादश में शामिल करने का अवसर था पर हम उन खिलाड़ियों को अवसर देना चाहते थे जो टी20 विश्वकप टीम का हिस्सा हैं। हम पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन हम यह देखना चाहते थे कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अगर विकेट गिरते हैं तो टीम किस प्रकार का प्रदर्शन करती है।'



## शिवम टी20 में सबसे तेजी से अर्धशतक लगाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने

विशाखापत्तनम। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में अपनी आक्रामक अर्धशतकीय पारी से एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। शिवम ने इस मैच में के व 15 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया। इसी के साथ ही वह टी20 में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। भारत की ओर से सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम है। युवराज ने साल 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ डरबन के मैदान पर केवल 12 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए थे। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इसी सीरीज के दूसरे टी20 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध 14 गेंदों में ही अर्धशतक लगाया था। था। वहीं अब तीसरे नंबर पर शिवम पहुंच गये हैं। सबसे तेज अर्धशतक के मामले में चौथे नंबर पर हार्दिक पंड्या हैं, जिन्होंने साल 2025 में अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 गेंदों में ही अर्धशतक लगाया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में शिवम ने पारी के 12वें ओवर में ईश सोढ़ी के खिलाफ दो चौके और तीन छक्के लगाने के अलावा दो रन भी बनाये। इस ओवर में दुबे ने कुल 28 रन हासिल किए, जबकि एक रन वाइड के रूप में भी आया। इसी के साथ दुबे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के एक ओवर में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रनों के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वहीं रोहित शर्मा ने साल 2024 में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क के विरुद्ध एक ही ओवर में 28 रन बनाए थे। इस सूची में युवराज सिंह शीर्ष पर हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध टी20 विश्व कप 2007 के मुकाबले में एक ही ओवर में 6 छक्के लगाते हुए 36 रन बनाए थे।

## मोइन ने यॉर्कशायर की ओर घरेलू क्रिकेट खेलेंगे संन्यास से वापसी की

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली अब एक बार फिर घरेलू क्रिकेट खेलते नजर आयेंगे। मोइन ने घरेलू क्रिकेट से संन्यास के अपने फैसले को बदलते हुए कहा है कि इस सत्र के लिए काउंटी क्लब यॉर्कशायर से अनुबंध किया है। ये अनुबंध अगले एक साल तक बढ़ाया जा सकता है। यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने भी मोईन के साथ करार की पुष्टि की है। क्लब ने अपने एक बयान में कहा, मैं वाइटैलिटी ब्लास्ट टूर्नामेंट के लिए यॉर्कशायर में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं। यह एक बहुत बड़ा क्लब है जिसका इतिहास बहुत शानदार रहा है और यो बात मुझे सबसे ज्यादा अच्छी लग रही है वह टीम का लगातार आगे बढ़ना है। टीम में काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। ऐसे में इस क्लब की ओर से खेलना उनके लिए खुशी की बात होगी। साथ ही कहा कि मुझे हमेशा हेडिंग्ले में खेलना पसंद रहा है। विकेट, माहौल और समर्थक इसे एक खास जगह बनाते हैं। यह एक नई चुनौती जैसा लगता है और मैं इसके लिए भूखा हूं। मैं अपना अनुभव लाना चाहता हूं, अपने क्रिकेट का आनंद लेना चाहता हूं और यॉर्कशायर को मुकाबला करने में सहायता करना चाहता हूं। यॉर्कशायर ने अभी तक ब्लास्ट का खिताब नहीं जीता है और मेरा प्रयास इस बार टीम को जीत में सहायता करना है पिछले साल नॉर्थ रुप की नौ टीमों में से यॉर्कशायर आठवें स्थान पर रही थी। वहीं यॉर्कशायर के क्रिकेट जनरल मैनेजर गेविन हैमिल्टन ने कहा, मोईन एक विश्व-स्तरीय ऑलराउंडर हैं उनका प्रभाव मैदान पर काफी ज्यादा होता है। उनका अनुभव और नेतृत्व बहुत कीमती होगी क्योंकि हम अपनी टी20 टीम को बेहतर बनाना जारी रखेंगे। उनके आने से टीम के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ेगा। मोईन को टी20 क्रिकेट का खास अनुभ है ऐसे में उनके होने से क्लब को लाभ होगा ही। वह आईपीएल के साथ ही विश्वक की कई बड़ी लीग का भी हिस्सा रहे हैं और अपने प्रदर्शन से फ्रेंचाइजियों को लाभ पहुंचाते आये है। मोईन ने 2018 में वॉर्सेस्टरशायर को पहली बार वाइटैलिटी ब्लास्ट का खिताब दिलवाया था।मोईन ने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने और लीग क्रिकेट मिलाकर खेले कुल 420 मैचों की 375 पारियों में 3 शतक और 37 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 7,792 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 121 है। इसके अलावा 271 विकेट भी लिए हैं।



## अभी फिलहाल संन्यास नहीं लेंगे केएल राहुल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा है जब समय सही आयेगा वह खेल को अलविदा कहने में देर नहीं करेंगे। 33 साल के राहुल ने कहा कि अभी वह समय नहीं आया है और जब आयेगा तो वह फैसला लेने में देर नहीं करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने कहा कि खेल के अलावा भी जीवन में काफी कुछ है। इसलिए, संन्यास का फैसला लेना उनके लिए कठिन नहीं रहेगा। राहुल ने पीटरसन से कहा, 'मैंने एक समय संन्यास के बारे में भी सोचा था पर मुझे नहीं लगता कि इसका फैसला कठिन होगा। साथ ही कहा कि अगर आप अपने प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे नहीं टालेंगे।' राहुल ने कहा कि वह अपने को एक बड़ा स्टार या बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति नहीं मानते हैं, जिसके कारण उनके लिए भविष्य में संन्यास का फैसला आसान रहेगा। उन्होंने कहा, ' वह शांति से संन्यास लेकर जीवन का आनंद लेना चाहते हैं। उनका मानना है कि परिवार भी साथ है, इसलिए बस वही करो जो अच्छा लगता हो।'राहुल ने कहा, 'हमारे देश और दुनिया भर में क्रिकेट चलता रहेगा पर जीवन में इससे आगे भी काफी कुछ है। मुझे लगता है कि मेरी ये सोच हमेशा से रही है पर जब से मैं पिता बना हूं तब से जीवन के प्रति मेरा नजरिया पूरी तरह से ही बदल गया है। यही मेरी सोच है।' वह अपनी फिटनेस को लेकर भी संघर्ष करते रहे हैं। जिसके कारण उनके खेल में निरंतरता की कमी रही है।



## चौथे टी20 में भारतीय टीम की हार का कारण बने राणा

विशाखापत्तनम। भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में जीत के लिए मिले 216 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 18.4 ओवरों में 165 रनों पर ही सिमट गयी और उसे 50 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के लिए, प्रशंसक हर्षित राणा को जिम्मेदार मान रहे हैं क्योंकि राणा बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ही विफल रहे। इसके अलावा उनकी गलती से ही एक छोर संभाले हुए शिवम दुबे भी रन आउट हो गये। इस मैच में शिवम ने अच्छी बल्लेबाजी की पर वह भारतीय टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाये। वहीं राणा का प्रदर्शन इस मैच में अच्छा नहीं रहा। वह गेंद और बल्ले दोनों से विफल रहे। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। कीवी टीम ने सात विकेट खोकर 215 रन बनाये। हर्षित इस मैच में काफी महंगे साबित हुए उनके चार ओवर में 54 रन निकले। वहीं इसके बाद बल्लेबाजी के दौरान भी वह असफल रहे और 13 गेंदों में केवल 9 ही रन बना पाये। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की आधी टीम 10 ओवर में केवल 82 रन ही बना पायी। इसके बाद शिवम ने 23 गेंदों में 65 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया पर उनके रन आउट होने से मैच भारतीय टीम के हाथों से फिसल गया।

## विश्वकप से पहले तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए पाकिस्तान पहुंची ऑस्ट्रेलिया

लाहौर। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलने के लिए पाकिस्तान पहुंच गयी है।मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम बुधवार को लाहौर पहुंच गई। इसी सीरीज से दोनो ही टीम को अगले माह होने वाली टी20 सीरीज के लिए अपनी तैयारियों का अंदाजा होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम में हालांकि इस बार पैट कमिंस सहित कुछ अनुभवी खिलाड़ी शामिल नहीं है पर इसके बाद भी उसके मेजबान टीम पर भारी पड़ने की संभावनाएं हैं। विश्व कप से पहले तरोताजा होन के लिए पैट कमिंस, जोश हेज़लवुड, ग्लेन मैक्सवेल, टिम डेविड और नाथन एलिस को पाकिस्तान दौरे से बाहर रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया की टीम साल 2022 के बाद पहली बार पाकिस्तान पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया के साथ इस सीरीज को पाकिस्तान की टी20 विश्व कप की तैयारी के अंतिम चरण के रूप में देखा जा रहा है पर देखना से है कि क्या राष्ट्रीय टीम को भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए, सरकार से मंजूरी मिलती है या नहीं। गौरतलब है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और वहां की अंतरिम सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर भारत में टी20 विश्व कप के मैच खेलने से मना कर दिया था। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश की जगह पर स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल कर दिया था।

# बिना नंबर प्लेट वाले खनिज परिवहन वाहनों को जब्त करने के कलेक्टर के निर्देश



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

**कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में 29 जनवरी को जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में खनिज उत्खनन की स्थिति, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के कार्य, अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक तथा खनन से होने वाले प्रदूषण नियंत्रण हेतु पौधारोपण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहाँ सहित वन विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, माइनिंग कॉर्पोरेशन तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के अधिकारी उपस्थित रहे।**

कलेक्टर श्री मीना ने माइनिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में स्वीकृत रेत खदानों की सीमा निर्धारण के लिए लगाए गए पिलर स्थायी रूप से स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खनन सीमा दर्शाने वाले पिलर सीमेंट-कांक्रीट के हों और मौके पर स्थायी रूप से मौजूद रहें। जिन स्वीकृत खदानों में सीमा निर्धारण के पिलर नहीं लगे हैं, वहां तत्काल पिलर लगाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही अगली टास्क फोर्स बैठक में पालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खनिज उत्खनन के लिए दी गई पर्यावरणीय स्वीकृति एवं उसकी शर्तों के पालन की नियमित जांच करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खनिज पट्टाधारकों द्वारा निर्धारित क्षेत्र में पौधारोपण किया गया है या नहीं। इसके अलावा अंडरग्राउंड माइंस में हवा एवं जल स्तर से नीचे खनन की जांच कर शर्तों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने माइनिंग कॉर्पोरेशन एवं खनिज पट्टाधारकों को सीएसआर के अंतर्गत प्रतिवर्ष कार्य कराने के निर्देश दिए। सीएसआर कार्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास तथा दिव्यांगजनों की सहायता से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता देने को कहा गया।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों से रेत का परिवहन किया जा रहा है, जिससे वाहन स्वामी की पहचान एवं ई-टीपी की जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने जिला परिवहन अधिकारी को सड़कों पर बिना नंबर के चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी चेकपोस्ट एवं वन विभाग के नाकों पर यदि बिना नंबर के वाहनों से रेत या अन्य खनिज का परिवहन पाया जाता है तो ऐसे वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए। परिवहन, वन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

# ज्योति कलश पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं व शिक्षिकाओं का भव्य सम्मान

## 77वें गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत चांगोटोला की सराहनीय पहल

**पद्मेश न्यूज। चांगोटोला।** ग्राम पंचायत चांगोटोला द्वारा आयोजित 77वीं गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ज्योति कलश पब्लिक स्कूल, चांगोटोला के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं का गरिमामय सम्मान किया गया। यह आयोजन पंचायत क्षेत्र में शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास का संचार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत चांगोटोला के सरपंच प्रमोद ठाकरे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चांगोटोला स्थित समस्त विद्यालयों के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों को कक्षा पाँचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सार्वजनिक मंच से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में ज्योति कलश पब्लिक स्कूल, चांगोटोला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियाँ प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम पंचायत का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा पाँचवीं में प्रथम स्थान प्रतीक कौशले तथा द्वितीय स्थान प्रतिज्ञा तुवरिया ने प्राप्त किया।वहीं कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान प्रज्ञा डोंगरे एवं द्वितीय स्थान साक्षी पटले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय की शिक्षिकाओं के योगदान को भी विशेष रूप से सराहा गया। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए श्रीमती प्रणिता शिवेदी (प्रधानपाठिका) एवं श्रीमती अंजना डोंगरे को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षिकाओं के सम्मान से यह संदेश दिया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के पीछे शिक्षकों का समर्पण और अथक परिश्रम सबसे महत्वपूर्ण होता है।इस अवसर पर सरपंच प्रमोद ठाकरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति और राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त आधारशिला है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है और उन्हें निरंतर बेहतर करने के लिए उत्साहित करता है। ग्राम पंचायत चांगोटोला भविष्य में भी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर करती रहेगी।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों ने ग्राम पंचायत की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पूरे समारोह में उत्साह, गर्व और प्रेरणा का वातावरण बना रहा।

यह सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव बना, बल्कि ग्राम पंचायत चांगोटोला की शिक्षा-केन्द्रित सोच और समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित करता है।

# उज्जवल भविष्य की ओर विद्यार्थियों के बढ़ते कदम

## कैरियर मेले का हुआ आयोजन



**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/खैरलांजी।** खैरलांजी के सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और उज्जवल भविष्य की नींव रखने के लिए पांच दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन किया जाना है। २७ जनवरी को कार्यक्रम के प्रथम दिवस के अंतर्गत कक्षा कक्षा ग्यारहवीं व बारहवी के विद्यार्थियों को विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न व्यावसायिक विकल्पों और रोजगार के अवसरों से अवगत कराया। मेले की शुरुआत मुख्य अतिथि दुर्गेश टेंभरे कॅरिअर नोडल ऑफिसर,एसण् के अब्दुल शमीम सहायक प्रध्यापक,उमेश सिंग कुशवाह ग्रंथपाल, रोहित टेंभरे,शिवम खजरे और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार सहारे के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कैरियर चुनने के टिप्स दिए। उन्होंने एनईपी मेजर माइनर विषय की चयन संबंधित सावधानी तथा आईटी सेक्टर में कॅरिअर विकल्प व रोबोटिक्स के क्षेत्र में छात्रों को तकनीकी विकास स्टार्टअप और कौशल विकास की जानकारी दी गई।

# कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में औषधीय एवं व्यावसायिक बागवानी पर कार्यशाला आयोजित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट द्वारा 28 जनवरी को औषधीय एवं व्यावसायिक बागवानी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने की। कार्यशाला का विषय बागवानी का औषधीय एवं व्यावसायिक महत्व रहा, जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमती लीसा सुलाखे, रूरल हॉर्टिकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर बालाघाट ने औषधीय पौधों, फल एवं सब्जियों के व्यावसायिक महत्व पर विस्तार बताया। महाविद्यालय की आयोजन समिति के सहयोग से यह एक दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. स्वाती खोब्रागड़े, संयोजक डॉ. रामपति सागर, वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. तिलोतमा घोरमारे, सहसंयोजक डॉ. बसंत कुमार मार्को एवं डॉ. जितेन्द्र कुमार नगपुरे की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम का संचालन किया।

# एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल, भानेगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

पद्मेश न्यूज। लांजी। एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल, भानेगांव में देश के 77वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, भारतमाता तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। स्कूल के संचालक ए.आर. कुशले और पालक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे ने यह पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात सुबह 7:30 बजे स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता कुशले द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्काउट-गाइड के छात्रों, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने ध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के बाद स्कूल के छात्रों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जो बस स्टॉप भानेगांव पहुंची। यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक ध्वजारोहण किया गया और फिर अम्बेडकर चौक होते हुए पी.एम. श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भानेगांव के मैदान में पहुंची। यहां ग्राम पंचायत भानेगांव के तत्वावधान में सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भानेगांव क्षेत्र के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, नृत्य, झांकी आदि के माध्यम से गणतंत्र दिवस की थीम को जीवंत किया गया। कार्यक्रम में एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल की ओर से पालक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलघैया, सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले महिला संघ समिति में अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भर्रे, सुजाता रामटेके सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं विद्यालय के शिक्षक कमलेश ठाकरे, रोहित चंदेल, शुभम मेंश्राम, नरेन्द्र कटरे, सुरेन्द्र देवाहे, शिक्षिका सुनिता नखाते, सीमा येरपुडे, भागरता ठाकरे, रानू दखने व समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं के साथ ग्राम के गणमान्य ग्रामिणों की उपस्थित रही ।



# ग्राम पंचायत चांगोटोला में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व गरिमा के साथ सम्पन्न

पद्मेश न्यूज। चांगोटोला। ग्राम पंचायत चांगोटोला के सौजन्य से 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विधान सिकदर रहे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत चांगोटोला के सरपंच प्रमोद ठाकरे ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुरेश प्रसाद मरावी (प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांगोटोला), श्रीमती स्मिता टेकाम जिला पंचायत सदस्य , श्रीमती धनवंता ठाकरे (जनपद सदस्य), जयराम उइके (उप सरपंच), विनोद बोथरा (अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, शासकीय महाविद्यालय लामता), पूरनलाल ठाकरे (पूर्व जनपद अध्यक्ष), दीपचंद ठाकरे (पूर्व जनपद सदस्य) भूरचंद नाहटा, गेन्दलाल ठाकरे समाज सेवी, गोपालप्रसाद ठाकुर, अशोक आब?, ओमकार चौहान , धनेश्वर तिवारी, राम प्रसाद पटले, युवराज नामदेव, निलेश चौरडिया ,कमलेश चौरडिया ,देवी प्रसाद हरिन खेड़े ,जीएस खरे , कुंज बिहारी पात्रे , दीपक अवधिया,, उमेश सोनी,, गिरधारी दशहरे सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में समाजसेवी एवं वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट गाइड दल द्वारा आर. एल. राहंगडाले के कुशल निर्देशन में आकर्षक सलामी से हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह में देशभक्ति का संचार कर दिया। इसके पश्चात ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया।तत्पश्चात पंचायत क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशप्रेम, बलिदान और राष्ट्रीय एकता की भावना स्पष्ट झलकती रही। विशेष रूप से हुमांशी ठाकरे द्वारा प्रस्तुत गीत मेरा कर्मा तू, मेरा धर्मा तू ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।




कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक विद्यालय से उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र व पदक देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पंचायत क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सुरेश प्रसाद मरावी (प्राचार्य), आर. एल. राहंगडाले (सेवानिवृत्त शिक्षक) एवं श्रीमती पुरंता हेडाऊ (प्रधानपाठक, सरस्वती शिशु मंदिर चांगोटोला) को सम्मानित किया गया। पुलिस सेवा में सराहनीय कार्य हेतु शशांक राणा (टी.आई., चांगोटोला), संगीत के क्षेत्र में घनश्याम ब्रम्हे, तथा भवन निर्माण के क्षेत्र में मांगीलाल ठाकरे (कॉन्ट्रेक्टर) को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

इस अवसर पर विनोद बोथरा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा सरपंच प्रमोद ठाकरे का अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।

सांस्कृतिक संध्या में राजेंद्र मेश्राम के मल्हार आर्केस्ट्रा द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों एवं संगीतमय कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को देशप्रेम से सराबोर कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. विधान सिकदर ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान की गरिमा, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि एक चिकित्सक होने के नाते उनका विश्वास है कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, अनुशासन और सेवा भाव को अपनाने का आह्वान किया तथा ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में सरपंच प्रमोद ठाकरे ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि लोकतंत्र, समानता और न्याय के मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने पंचायत क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सड़क, पेयजल एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया। समस्त बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था डॉ. तुहिन सिकदर के सौजन्य से की गई, जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन हरीश नाग, महेंद्र पटले एवं श्री धर्मेंद्र बिसेन द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।यह आयोजन ग्राम पंचायत चांगोटोला में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सहभागिता एवं जनजागरण का सशक्त उदाहरण

## जिला पंचायत की संचार एवं संकर्म समिति की बैठक 5 फरवरी को

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिला पंचायत की संचार एवं संकर्म स्थायी समिति की बैठक 05 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे जिला पंचायत कार्यालय बालाघाट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मनरेगा, 5वां व 15वां वित्त, प्रधानमंत्री खनिज कल्याण योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य वित्त, प्रधानमंत्री सड़क विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, आदिवासी विकास, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं वन विभाग के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

# महिला के साथ शराबी पति ने की मारपीट, घायल महिला जिला अस्पताल में भर्ती

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मंझारा में एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाई। शराबी पति द्वारा की गई मारपीट में घायल महिला पवन कला पति संतोष कटरे 28 वर्ष को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन कला घरेलू कार्य करती है। जिसकी शादी को 6 वर्ष हो चुके हैं और उसके दो बच्चे हैं। पवन कला अपने ससुराल में अपने पति सास ससुर देवर के साथ में रहती है। बताया गया की पवन कला का पति संतोष उसके चरित्र पर शक करते रहता है और आए दिन विवाद करते रहता है और शराब पीकर मारपीट भी करते रहता है। 29 जनवरी को 11:00 बजे संतोष कटरे शराब पीकर घर आया और जिसे पवन कला बोली की शराब क्यों पीते हो तभी संतोष कटरे आवेश में आकर उसे अश्लील गालियां देते हुए सिर के बाल पकड़कर उसे घर से बाहर निकाला और हाथभूसे से मारपीट करने लगा पवन कला के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़े और बीच बचाव किये। मारपीट में घायल पवन कला को डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किए हैं जिला अस्पताल पुलिस ने पवन कला का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु भरवेली थाना भिजवा दी है।.



# पेंशनर्स वेलफेयर एसासिएशन का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 30 जनवरी को आयोजित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बालाघाट के तत्वावधान में 30 जनवरी 2026 को नववर्ष मिलन समारोह एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए संगठन के सचिव श्री किशोर जुझार ने बताया कि संगठन के समस्त सदस्यों के साथ 70 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 20 पेंशनर्स का सम्मान भारतीय स्टेट बैंक बालाघाट के सौजन्य से स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डाइट ) बालाघाट में दोपहर 01 बजे से आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम में हेल-पेज इंडिया द्वारा वरिष्ठजनों के साथ तेजी से बढ रहे साईबर क्राईम / फाड से बचने के लिए भोपाल से पधार रहे कार्यक्रम समन्वयक श्री राकेश दांगी जी द्वारा एक विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नरेश प्रसाद मलगाम जी प्राचार्य डाईट बालाघाट करेंगें एवं मुख्य अतिथि श्री अमित कुमार मेरावी जी जिला कोषालय एवं जिला पेंशनर्स अधिकारी बालाघाट विशेष अतिथि श्री दीपक लखेरा जी मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक व श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय जी जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट क आधिपत्य में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।

## न्यूज गैलरी

### अनुपस्थित 11 कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश

#### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट का किया आकस्मिक निरीक्षण

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 29 जनवरी को प्रातः 11ः30 बजे कलेक्ट्रेट भवन में लगने वाले विभिन्न विभागों कार्यालयों एवं शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 11 कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित नही पाये गए, जिस पर उनका 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव भी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना द्वारा 29 जनवरी को प्रातः 11ः30 बजे किये गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कार्यालयों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। जिसमें जनजातीय कार्य विभाग की शीघ्र लेखक ग्रेड-2 श्रीमती सुनंदा कुम्भरे, मण्डल संयोजन सुश्री रीनल उइके, जिला पेंशन कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 सन्नी शिवहरे, रुपेश कुमार बुरडे, महिला एवं बाल विकास विभाग की एएसओ श्रीमती वंदना मेरावी, एडीईओ महेंद्र कडवेती, डीपीए श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव, भृत्य कन्हैयालाल बाहेश्वर, श्रम पदाधिकारी कार्यालय की सहायक ग्रेड-3 श्रीमती मानसी बघेल, कलेक्टर कार्यालय की सहायक ग्रेड-3 श्रीमती संगीता पाटिल एवं क्षेत्रीय सहायक विरेंद्र कुमार ब्रम्हे अनुपस्थित पाये गए। जिस पर इन कर्मचारियों का 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए है।

कलेक्टर श्री मीना ने जिला पंजीयक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जमीन की रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगो के बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगो के प्रवेश हेतु एक अलग से गेट बनाने के निर्देश दिये और कहा कि अगले 10 दिनों के भीतर यह व्यवस्था हो जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता बनाये रखने एवं शौचालयों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

# मोबाईल सिम का क्लोन तैयार कर साईबर ठगों ने साढ़े चार लाख लूटे

## सावधानः साईबर ठग व्हाटसअप पर ऑटोमेटिक एपीके फाईल डाऊनलोड कर सिम का क्लोन बना रहे

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**साइबर अपराधी अब ठगी के लिए लगातार नई-नई तकनीकों का सहारा ले रहे हैं। पहले जहां साइबर ठग आम लोगों से ओटीपी मांगकर उनके बैंक खातों को खाली कर दिया करते थे, वहीं अब उन्होंने साइबर ठगी का कहीं अधिक खतरनाक और तकनीकी तरीका अपना लिया है। नए तरीके में साइबर ठग एपीके फाइल के माध्यम से मोबाइल सिम को क्लोन कर रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति अनजाने में इस फाइल को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करता है, ठगों को उसके मोबाइल सिम पर पूरा नियंत्रण मिल जाता है। इसके बाद मोबाइल पर आने वाले सभी ओटीपी, बैंक से संबंधित संदेश और केवाईसी से जुड़ी जानकारियां सीधे साइबर ठगों तक पहुंच जाती हैं। सिम क्लोन होने के बाद ठग बिना यूजर की जानकारी के बैंकिंग प्रक्रिया पूरी कर लेते हैं और कुछ ही समय में खातों से बड़ी रकम निकाल ली जाती है। हाल ही में ऐसे ही एक मामले में साइबर ठगों ने एक यूजर के बैंक खाते से करीब साढ़े चार लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित को तब तक इसकी भनक भी नहीं लगी, जब तक खाते से रकम निकल नहीं गई।**

अब तक साइबर ठग लोगों को लुभावने वादों, फर्जी विज्ञापनों और खुद को बैंक अधिकारी बताकर फोन करते थे। इसके बाद वे ओटीपी हासिल कर लोगों के बैंक खातों से रकम निकाल लेते थे। लेकिन अब साइबर ठगी के तरीकों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। साइबर ठग अब आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे आमजन को बिना ओटीपी बताए भी ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। नए तरीके में साइबर ठग व्हाट्सएप और अन्य माध्यमों से एपीके फाइल भेज रहे हैं। जिन लोगों के मोबाइल में व्हाट्सएप की ऑटोमेटिक डाउनलोड सेटिंग चालू रहती है, उनके फोन में यह फाइल अपने आप डाउनलोड हो जाती है। जैसे ही यह एपीके फाइल मोबाइल में एक्टिव होती है, साइबर ठग उसी के जरिए मोबाइल सिम का क्लोन बना लेते हैं। सिम क्लोन होने के बाद ठगों को पीड़ित के मोबाइल पर आने वाले सभी ओटीपी, बैंक संदेश और अन्य निजी जानकारियों तक पहुंच मिल जाती है। इसके बाद वे केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर बैंक खातों से बड़ी रकम निकाल लेते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में साइबर शाखा में सामने आया है। पीड़ित ने बताया कि उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए एक एपीके फाइल ऑटोमेटिक डाउनलोड हो गई थी, क्योंकि उनके फोन में सुरक्षा सेटिंग्स मजबूत नहीं थीं। इस एपीके फाइल के माध्यम से साइबर ठगों ने उनकी सिम का क्लोन तैयार कर लिया। इसके बाद साइबर ठगों ने पीडित के मोबाइल से जुड़ी अन्य जानकारियां हासिल कर लीं और केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर उनके खाते से लगभग साढ़े चार लाख रुपये निकाल लिए। हालांकि पीडित के खाते में 10 लाख रुपये से अधिक की एफडी भी थी, लेकिन जैसे ही उन्हें साइबर ठगी का अंदेशा हुआ, उन्होंने तत्काल अपनी सिम ब्लॉक करवा दी और पूरे मामले की शिकायत साइबर पुलिस से की। समय पर सिम ब्लॉक कराने और शिकायत दर्ज कराने के चलते पीड़ित एक बड़ी साइबर ठगी का शिकार होने से बच गया। साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आम लोगों से अपील की है कि वे अपने मोबाइल की सुरक्षा सेटिंग्स मजबूत रखें, व्हाट्सएप पर ऑटोमेटिक डाउनलोड बंद करें और किसी भी अनजान एपीके फाइल या लिंक को न खोलें।




### साइबर पुलिस की आमजन से अपील

साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए साइबर पुलिस ने आम नागरिकों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की है। साइबर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल और सोशल मीडिया की सुरक्षा को लेकर थोड़ी-सी सावधानी बड़े आर्थिक नुकसान से बचा सकती है। साइबर पुलिस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सभी लोग अपने मोबाइल फोन में टू-स्टेप वेरिफिकेशन की सुविधा अनिवार्य रूप से चालू रखें। विशेष रूप से व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ई-मेल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन के माध्यम से अपने अकाउंट और मोबाइल फोन को सुरक्षित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के उनमें प्रवेश न कर सके। इसके साथ ही साइबर पुलिस ने सिम क्लोन जैसी घटनाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण सलाह दी है। अधिकारियों के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति को यह अंदेशा हो कि उसकी सिम क्लोन हो गई है या मोबाइल पर संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे रही है, तो वह तुरंत अपने मोबाइल को एयरप्लेन मोड में डाल दे। ऐसा करने से मोबाइल पर आने वाले ओटीपी, मैसेज और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां साइबर ठगों तक पहुंचने से रुक सकती हैं।




# छात्रवृत्ति, परीक्षा परिणाम और छात्र चुनाव को लेकर छात्रों में आक्रोश 3 फरवरी को कॉलेज में आंदोलन की घोषणा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में इन दिनों छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से छात्रवृत्ति नहीं मिलने और विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी को लेकर गहरा असंतोष देखा जा रहा है। विद्यार्थियों का कहना है कि समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर, छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय से जुड़े परीक्षा परिणामों को लेकर भी छात्र असमंजस और तनाव में हैं। कई विद्यार्थियों का आरोप है कि परीक्षा परिणाम समय पर जारी नहीं हो रहे हैं या परिणामों में त्रुटियां सामने आ रही हैं, जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है। इन समस्याओं को लेकर अब छात्र नेताओं ने कॉलेज प्रबंधन और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने की रणनीति तैयार कर ली है। छात्र संगठनों ने घोषणा की है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो 3 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में छात्र-छात्राओं की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कॉलेज के छात्र ऋषभ और सुमेद ने बताया कि बीते कई वर्षों से विद्यार्थी छात्रवृत्ति की नियमित राशि वितरण और विश्वविद्यालय प्रणाली में बदलाव की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक इन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। छात्रों का कहना है कि कॉलेज स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक अनेक समस्याएं वर्षों से बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि जब से जबलपुर विश्वविद्यालय से अलग होकर छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का गठन किया गया है, तब से विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों में लगातार गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। कई बार छात्रों के परिणाम प्रभावित हुए हैं, जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है। छात्रों ने यह भी कहा कि जबलपुर विश्वविद्यालय के समय उन्हें इस प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता था। इसी के चलते उन्होंने मांग की है कि बालाघाट को स्वयं का विश्वविद्यालय बनाया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो सके और छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके। इसके साथ ही छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बीते कुछ वर्षों से कॉलेज में छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे छात्रों को अपनी बात रखने के लिए कोई प्रतिनिधि मंच नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा कॉलेज में कक्षाएं भी नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इन सभी समस्याओं को लेकर छात्रों ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के बैनर तले 3 फरवरी को कॉलेज परिसर में विरोध स्वरूप आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। छात्र नेताओं का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।



# ग्राम बुढेना के खेत से 32 वर्षीय युवक की लाश बरामद

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** हट्टा थाना अंतर्गत ग्राम बुढेना खेत में एक व्यक्ति की लाश बरामद की गई जिसकी पहचान हितेश विकास जयपाल खांडेकर 32 वर्ष ग्राम तिलपेवाड़ा थाना हट्टा निवासी के नाम से की गई है। इस व्यक्ति की मौत किस वजह से हुई अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है किंतु इस व्यक्ति को मिर्गी की बीमारी होने से उसकी मिर्गी का दौरा पड़ने से मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हितेश खांडेकर के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं बताया कि हितेश खांडेकर शराब पीने का आदि था और उसे मिर्गी की बीमारी थी मिर्गी के दौरे आते रहते थे यही बताया गया कि हितेश खांडेकर शराब पीने के कारण कोई काम नहीं करता था जिसके कारण 6 महीना पहले उसकी पत्नी अपने तीन बच्चों को लेकर मायके चली गई है हितेश खांडेकर अपने घर में अकेला ही रहता था 28 जनवरी के शाम को हितेश खांडेकर ने शराब पी थी और वह घर पर देखा गया था 29 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे ग्राम बुढेना में हरेसिंह कुमरे के खेत के पैरा में हितेश खांडेकर को देखा गया। जिसकी मौत हो चुकी थी जिसकी रिपोर्ट उसके चाचा के लड़के जितेंद्र पिता गोपाल खांडेकर 36 वर्ष ग्राम तिलपेवाड़ा निवासी के द्वारा हट्टा पुलिस थाने में की गई। हटा पुलिस थाने के सहायक उप निरीक्षक विजय पटले अपने स्टाफ के साथ ग्राम बुढेना पहुंचेऔर हरेसिंह कुमरे के खेत से हितेश खांडेकर का शव बरामद किए। पंचनामा कार्यवाही पश्चात हितेश खांडेकर का शव पोस्टमॉर्टे हेतु जिला अस्पताल भिजवा दिया गया। संभावना व्यक्त की गई है कि 29 जनवरी को सुबह हितेश खांडेकर ग्राम बुढेना तरफ आ गया और हरेसिंह कुमरे के खेत में अचानक मिर्गी का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। सहायक उप निरीक्षक श्री पटले द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि
सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायलयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट